* ओड़िशा संस्करण

18 अक्टूबर, 2023
आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 01

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही









## इचाक में हादसा, स्कूल के बहाने घर से निकले बच्चे पहुंच गये लोटवा डैम

# हजारीबाग में छह छात्र डूबे

- एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में डूबे बच्चे
- सभी एक ही स्कूल में 12वीं में पढ़ते थे

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के इचाक थाना क्षेत्र के लोटवा डैम में मंगलवार को डूबने से छह बच्चों की मौत हो गयी। इन सभी का शव बरामद कर लिया गया है। एक छात्र को बचा लिया गया है। मरने वाले सभी बच्चे हजारीबाग के कनहरी रोड स्थित माउंट एग्माउंट स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र थे। इन सभी की उम्र 17-18 साल थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह सभी अपने-अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकले थे। सातों दोस्त स्कूल जाने की बजाय दो बाइक और एक स्कूटी से लटवा डैम चले गये। वहां नहाने के लिए सभी डैम में उतरे थे। इसी दौरान घटना घटी। डैम किनारे बच्चों का स्कूल ड्रेस, स्कूल बैग, किताब-कॉपी, स्कूल का आइ-कार्ड और खाने-पीने का सामान बरामद हुआ।

**किस्मत ने एक बच्चे की जान बचा ली :** मृत बच्चों की पहचान रजनीश पांडेय, सुमित कुमार, मयंक सिंह, इशान सिंह, शिवसागर और प्रवीण यादव के रूप में हुई है, जबकि शानू कुमार बचा लिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार सात बच्चों में पहले दो बच्चे नहाते-नहाते गहरे पानी में गये और डूबने लगे। उन्हें बचाने के लिए दो दोस्त आगे बढ़े और वे भी गहरे पानी में डूबने लगे। यह देख कर बाकी के तीन दोस्त उनकी मदद के लिए आगे बढ़े। इस बीच एक दोस्त शानू कुमार का पैर घास में फंस गया और वह पीछे रह गया। देखते ही देखते शानू के छह दोस्त पानी में डूब गये। वह डर कर डैम से निकला और 100 नंबर पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी।



### गोताखोरों ने शवों को निकाला

सूचना मिलते ही इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह और सीओ मनोज महथा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने लोटवा गांव के गोताखोर कमल कश्यप समेत अन्य को बुलाकर शवों को निकलवाया। इस बीच विधायक अमित यादव, डीएसपी राजीव कुमार और जिप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, श्रद्धानंद सिंह, रंजन चौधरी भी घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि पंचनामा के बाद सभी छह शवों को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भेज दिया गया है, जबकि मौत के मुंह से बचकर निकल शानू सुरक्षित है।

### रात में ही लटवा डैम जाने का बना था कार्यक्रम

मौत के मुंह से सुरक्षित बचने वाले शानू ने बताया कि सोमवार रात को सभी दोस्तों ने एक-दूसरे को फोन कर डैम जाने का कार्यक्रम बनाया था। यह तय किया कि स्कूल के बहाने निकलेंगे और अपनी-अपनी बाइक से लोटवा डैम मस्ती करने जायेंगे। सभी दोस्त मंगलवार सुबह को इचाक मोड़ पर एक गुमटी से बिस्किट, मिक्सचर, कोल्ड ड्रिंक आदि खरीद कर आठ बजे डैम पहुंच गये। पहले वहां बिस्किट-मिक्सचर खाया और कोल्ड ड्रिंक्स पी। इसके बाद कपड़े (स्कूल ड्रेस) उतारे और नहाने के लिए लिए डैम में उतर गये। शानू ने कहा कि आगे-आगे चल रहे दो दोस्त धीरे-धीरे गहरे पानी में चले गये। वे डूबने लगे, तो मेरे समेत अन्य दोस्त उन्हें बचाने के लिए आगे बढ़े। मेरा पैर घास में फंस गया और मैं आगे नहीं बढ़ पाया, जबकि बाकी के छह दोस्त गहरे पानी में पहुंच गये थे और डूब गये। मैं डर कर बाहर निकला और रोड तक पहुंचा। वहां लोगों को बताया और पुलिस को इसकी जानकारी दी।



हजारीबाग जिले के लोटवा डैम में छह बच्चों के डूबने की दुखद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा, हादसे में मरने वाले बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।
- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री



हजारीबाग की घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। बच्चों के परिवारजनों के प्रति मैं गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। ईश्वर उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।
-सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल

## वहीदा रहमान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित



**अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर, कृति-आलिया को बेस्ट एक्ट्रेस, पंकज त्रिपाठी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल अवॉर्ड, रॉकेट्री बेस्ट फिल्म**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार कलाकारों के लिए सबसे सम्मानित अनुभव होता है। मंगलवार को दिल्ली में 69वीं नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स सेरेमनी का आयोजन विज्ञान भवन में किया गया, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देशभर के कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में प्रख्यात अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा' के लिए बेस्ट एक्टर, आलिया भट्ट को 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और 'मिमी' के लिए कृति सेनन को संयुक्त रूप से बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया। अपने अभिनय के लिये चर्चित और अपने क्राफ्ट से लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ने वाले अभिनेता पंकज त्रिपाठी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड पुरस्कार फिल्म 'मिमी' के लिए मिला। पंकज एक शानदार अभिनेता हैं। बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का पुरस्कार पल्लवी जोशी (द कश्मीर फाइल्स) को मिला। आर माधवन को 'रॉकेट्रीः द नांबी इफेक्ट' के लिए सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला। आर माधवन ने इस फिल्म में अभिनय करने के साथ इसका निर्देशन भी किया है। सुजीत सरकार की 'सरदार उधम सिंह' ने बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। 'आरआरआर' ने संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार जीता। 'द कश्मीर फाइल्स' को नरगिस दत्त अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। स्पेशल जूरी अवार्ड फिल्म 'शेरशाह' को हासिल हुआ। श्रेया घोषाल को बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का अवार्ड मिला। उन्हें यह अवार्ड 'मयावा छयावा' गाने के लिए मिला। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर- काल भैरव को मिला। बेस्ट डायरेक्टर निखिल महाजन को मराठी फिल्म 'गोदावरी' के लिए मिला।

### अमर बाउरी बने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक अमर बाउरी को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिल गया है। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर की अधिसूचना के अनुसार बाउरी को 16 अक्टूबर से ही नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया गया है।











## सीएम ने वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस की तैयारियों की समीक्षा

# भव्य आयोजन राज्य सरकार की प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

**27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक हो रहा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का भव्य आयोजन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह आयोजन राज्य सरकार द्वारा खेल के विकास के प्रति किये जा रहे कार्यों को प्रदर्शित करेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप 2023 के आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे, इसका पूरा ध्यान रखें। मुख्यमंत्री मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 के आयोजन की तैयारी की समीक्षा कर रहे थे। इस बार चैंपियंस ट्राफी की मेजबानी झारखंड कर रहा है। इसका आयोजन 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक होगा। समीक्षा बैठक में खेल विभाग ने तैयारियों की बिंदुवार विस्तृत जानकारी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी।

**मिशन मोड में हो प्रचार-प्रसार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चैंपियनशिप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो, इस निमित्त मेकैनिज्म तैयार कर जल्द प्रचार-प्रसार शुरू करें। हॉकी चैंपियनशिप का प्रचार-प्रसार मिशन मोड में सुनिश्चित करें। मुकाबलों का लाइव टेलीकास्ट एलईडी स्क्रीन पर सुनिश्चित किये जायें। मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम के अंदर एवं बाहर जितनी एलइडी स्क्रीन लगी हैं, उनकी गुणवत्ता में सुधार करें। वैसे वृक्ष, जो स्टेडियम की सुंदरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं, उनकी ट्रिमिंग भी की जाये। स्टेडियम के अंदर और बाहर साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें।



### सुरक्षा, आवागमन, बिजली व्यवस्था पर दें ध्यान

हेमंत सोरेन ने कहा कि हॉकी स्टेडियम के आसपास क्षेत्र में जितनी एलइडी लाइट खराब हैं, उन्हें जल्द बदलें। चैंपियनशिप के दौरान शहर में 24 घंटे बिजली व्यवस्था बहाल रहे। खिलाड़ियों एवं अतिथियों के आवागमन के लिए वाहन की पर्याप्त व्यवस्था करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्टेडियम की तैयारी, विभिन्न कनेक्टिविटी, अतिथियों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल टीम के साथ-साथ एंबुलेंस का पुख्ता व्यवस्था रखें।

### बैठक में ये लोग थे मौजूद

समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आइपीआरडी निदेशक राजीव लोचन बख्शी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सुप्रीम कोर्ट से समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता नहीं


**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। मंगलवार को 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है।

### मणिपुर में जो हुआ, वह भाजपा की आइडियोलॉजी: राहुल

**आइज़ॉल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मिजोरम दौरे का मंगलवार 17 अक्टूबर को दूसरा दिन था। यहां उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले मैं भारत जोड़ो यात्रा से कन्याकुमारी से कश्मीर तक चला। इसका आइडिया भाजपा और आरएसएस की ओर से देश में फैलायी गयी विचारधारा से लड़ना था। अगर हम देश में ध्यान से देखें तो भाजपा की आइडियोलॉजी साफ नजर आयेगी। मणिपुर में जो हो रहा है, उससे पता चलता है कि भाजपा की आइडियोलॉजी क्या कर सकती है।

### इस्राइल जा सकते हैं 2000 अमेरिकी सैनिक

**तेल अवीव।** अमेरिका अपने 2 हजार सैनिकों को इस्राइल में तैनात कर सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ये युद्ध नहीं लड़ेंगे बल्कि मेडिकल सपोर्ट और सुझाव देने का काम करेंगे। इस बीच अमेरिका के आर्मी चीफ माइकल एरिक कुरिला इस्राइल पहुंचे हैं।






## न्यूज रील्स

### 2040 तक चंद्रमा पर इंसान भेजेगा भारत

**नयी दिल्ली।** इसरो 2040 तक चंद्रमा पर इंसान को भेज सकता है। 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। हालांकि इससे पहले 2025 में वह अंतरिक्ष में मानव मिशन गगनयान भेजेगा। यह टारगेट मंगलवार यानी 17 अक्टूबर को इसरो के वैज्ञानिकों के साथ प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हउई बैठक में तय किये गये। प्रधानमंत्री मोदी ने 21 अक्टूबर को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन 'गगनयान' के टेस्टिंग की तैयारियों की जानकारी भी ली।

### कांग्रेस कई मायनों में परिवारवाद वाली पार्टी: थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा है कि 2024 लोकसभा चुनावों में अगर आइएनडीआइए अलायंस जीतती है, तो राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खड़गे पीएम कैंडिडेट बन सकते हैं, क्योंकि कई मायनों में कांग्रेस परिवारवाद वाली पार्टी है। तिरुवनंतपुरम के एक इवेंट में उनसे पूछा गया था कि क्या वे कांग्रेस की प्रधानमंत्री पद के दावेदार बनेंगे। इसके जवाब में उन्होंने ये बात कही।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 18 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



## आजाद सिपाही के आठ साल के सफर पर बेबाक

# ...और कारवां बनता गया



राकेश सिंह

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड स्थापना के डेढ़ दशक बाद इसकी राजधानी से निकल कर पूरे झारखंड में अपनी पहचान बनानेवाला दैनिक अखबार आजाद सिपाही की आज आठवीं वर्षगांठ है। चकाचौंध मार्केटिंग और अथाह पूंजी के साथ गलाकाट प्रतिस्पर्द्धा के दौर में आज से आठ साल पहले 18 अक्टूबर, 2015 को पहली बार जब यह अपने पाठकों के हाथों में पहुंचा था, तब किसी ने सोचा नहीं था कि यह प्रयोग सफल हो सकेगा। लेकिन तमाम दुश्वारियों और चुनौतियों से जूझने की ताकत इस अखबार को आपसे, यानी अपने पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं और शुभचिंतकों से मिली। इस ताकत की बदौलत ही यह अखबार यहां तक आ सका है। इस तरह यह आजाद सिपाही की ही नहीं, आपके भरोसे की सालगिरह है। इसलिए आज हम राजनीति, अपराध, बिजनेस, खेलकूद और सामाजिक क्षेत्र की खबरों की नहीं, अपने आठ साल के सफर पर बात करेंगे कि कहां से हमने आपके भरोसे की पूंजी के साथ यह सफर शुरू किया था और आज हम कहां पहुंचे हैं। देश के 11वें राष्ट्रपति भारत रत्न अबु पकीर जैनुलआब्दीन अब्दुल कलाम ने कहा था कि सपना वह नहीं होता है, जो आप सोते हुए देखते हैं, बल्कि सपना वह होता है, जो आपको सोने नहीं देता है। आज से आठ साल पहले झारखंड के एक सामान्य से पत्रकार ने कुछ ऐसा ही सपना देखा था और आज आठ साल बाद वह सपना इतना बड़ा हो गया है कि इसकी धमक पूरे राज्य में ही नहीं, आसपास के राज्यों में भी सुनाई दे रही है।

वह दिन था 18 अक्तूबर, 2015 का, जब बिना किसी पूंजी और संसाधन के, महज एक सपने, जुनून और संकल्प के साथ एक दैनिक अखबार का प्रकाशन झारखंड की राजधानी रांची से शुरू हुआ था। यह घटना इसलिए अप्रत्याशित थी, क्योंकि तब तक झारखंड की धरती पर बड़े-बड़े खिलाड़ियों ने पैर जमा लिये थे। अथाह पूंजी और कॉरपोरेट की ताकत के साथ चकाचौंध मार्केटिंग के मुकाबले किसी ऐसे अखबार का निकलना अप्रत्याशित तो था, लेकिन उससे भी अप्रत्याशित रहा इसका लगातार मजबूत होते जाना और फिर सफर का आठवां साल तक पूरा कर लेना। यह किसी कॉरपोरेट सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि एक सपने को केवल जुनून, जोश और जज्बे की बदौलत एक घने वृक्ष की शक्ल देने का अकल्पनीय वृत्तांत है।

आजाद सिपाही के अब तक के सफर को यदि एक वाक्य में समेटने के लिए कहा जाये, तो शायद सबसे उपयुक्त वाक्य इसका बहुचर्चित सूत्रवाक्य होगा, कलम-कलम बढ़ाये जा। अखबार के अलावा इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट की दुनिया में आजाद सिपाही अब कोई अपरिचित नाम नहीं रह गया है। इसलिए हम आज बड़े गर्व से मजरुह सुल्तानपुरी का वह शेर गुनगुनाते हैं-

*मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंजिल मगर*
*लोग साथ आते गये और कारवां बनता गया*

मीडिया और खास कर प्रिंट मीडिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती के इस दौर में यदि आजाद सिपाही हर दिन आपके दरवाजे पर पहुंच रहा है, तो इसके पीछे केवल आपका भरोसा है। इसी भरोसे की ताकत से हम उन बड़े औद्योगिक घरानों के दबाव का सामना कर सके, जो अपनी अथाह पूंजी के बल पर अक्सर हमसे टकराते रहे हैं, आगे भी टकराते रहेंगे। आपके इसी भरोसे ने हमसे पूछे जानेवाले सवालों के दायरे को इतना बड़ा कर दिया है। आठ साल पहले हमें बताना पड़ता था कि आजाद सिपाही एक दैनिक अखबार है और रांची से निकलता है, लेकिन आज लोग हमसे सवाल करते हैं कि हमने एक खबर दी थी, वह क्यों नहीं छपी। किसी भी खबर पर लोगों की पहली प्रतिक्रिया यही होती है कि आजाद सिपाही में यदि यह छपी है, तो जरूर सही होगी। मीडिया की विश्वसनीयता पर लगातार गहराते संकट के दौर में यदि आजाद सिपाही अपनी शुद्ध पत्रकारिता और आपके भरोसे के सहारे यह उपलब्धि हासिल कर सका है, तो इसमें आपको और हमको एक साथ गर्व होना स्वाभाविक है। वैसे आठ साल का समय बहुत लंबा तो नहीं होता, लेकिन इतिहास का एक अध्याय बनाने और लिखने लायक तो होता ही है।

आजाद सिपाही ने आठ साल पहले जब आज ही के दिन अपना सफर शुरू किया था, तो उसके पास सबसे बड़ी पूंजी आपका भरोसा और अपने छोटे से परिवार का आत्मविश्वास-संकल्प था। यह आत्मविश्वास शुरू में डगमगाया भी, लेकिन हमने हार नहीं मानी। आपका भरोसा और प्यार हमारा संबल बना। आज जब हम पीछे मुड़ कर देखते हैं, तो हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि हम केवल आपके भरोसे ही इतनी दूर तक आ सके हैं। हम अक्सर पढ़ते-सुनते आये हैं कि संस्थानों ने कैसे सफलता की सीढ़ियां तय की या फिर धूमकेतु की तरह प्रकट होकर गायब हो गये। आजाद सिपाही की कहानी थोड़ी अलग है, क्योंकि हमारे पास न पूंजी थी और न ही संसाधन। न किसी पूंजीपति का साथ था और न ही किसी राजनीतिक दल का समर्थन। आजाद सिपाही वह सपना और संकल्प था, जिसे पूरे परिवार ने मिल कर देखा, गुना और फिर उसे पूरा करने में जुट गया। बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों, भारी-भरकम पूंजी और गलाकाटू प्रतिस्पर्द्धा के दौर में आजाद सिपाही के नन्हे से कदम से किसी को न कोई फर्क पड़ना था और न पड़ा।

आजाद सिपाही से बाजार को भले ही फर्क नहीं पड़ा, लेकिन हमारे और आपके रिश्ते की उस भरोसेमंद शुरुआत से हमें जरूर संबल मिला। हमारा सपना थोड़ा और रंगीन हुआ, हमारा संकल्प थोड़ा और मजबूत हुआ। कहा जाता है कि अगर किसी को तैरना सिखाना हो, तो उसे गहरे समंदर में फेंक दो। हमारे साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। बिना किसी समारोह और कार्यक्रम के हम खबरों के महासागर में कूद पड़े। हमारा लाइफ जैकेट आपका भरोसा था। शुरुआत धमाकेदार तो नहीं हुई, लेकिन हमारे कदम सधे हुए जरूर थे। हम न किसी राजनीतिक दल के समर्थक थे और न विरोधी। हमें न किसी से दोस्ती थी और न ही दुश्मनी। हमारे सामने केवल आप थे और हमें आपका ही ध्यान था। इस बड़े संकल्प और सुनहरे सपने के सफर पर हम निकले, तो रास्ते खुद ब खुद निकलने लगे। अंधेरी सुरंग में प्रवेश करने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि शुरुआत में ही अंधेरे से लड़ने की ताकत मिल जाती है। हमें भी यह ताकत मिली। यह ताकत आपसे मिली, आपके भरोसे से मिली। हम एक-एक कदम धरते गये। आपने डांटा-फटकारा, दुलारा और पुचकारा भी। यह हमारे लिए पूंजी थी। हमें चिंता थी आपकी खबरों की भूख शांत करने की, आपको सूचनाओं से समृद्ध करने की। हम कभी इस भ्रम में नहीं रहे कि हम बहुत ताकतवर हैं और न कभी आपको इस भ्रम में रखा कि आजाद सिपाही के पास जादू की छड़ी है, जिसे घुमाते ही आपकी सारी समस्याएं दूर हो जायेंगी। हम तो आपका आइना बनने चले थे और हमारा काम आपको सूचनाओं-खबरों से समृद्ध करना था। संसाधनों की कमी रास्ते में बाधा बनी, तो आप हमारे रिपोर्टर बन गये। किसी न किसी माध्यम से आप हर जरूरी सूचना हम तक पहुंचाते रहे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि हमारे और आपके बीच का रिश्ता केवल अखबार और पाठक का रिश्ता नहीं रहा, बल्कि यह लगातार मजबूत होता गया और आज आठ साल बाद हम कह सकते हैं कि यह रिश्ता भरोसे में बदल चुका है।

'कलम-कलम बढ़ाये जा' के सूत्र वाक्य के साथ हम सफर पर निकल तो पड़े, लेकिन हमारी समझ आप तक ही सीमित थी। हमारी निगाह न तो लाभ कमाने पर थी और न ही कोई निजी हित साधने की। इसलिए हमारे भीतर खबरों को जानने की, समझने की छटपटाहट थी। हमने महसूस किया कि खबरों के इस महासागर में झारखंड का आम आदमी कहीं पीछे छूट रहा है। हम जानते थे कि हरेक पाठक की अपनी जरूरत होती है और चाहत भी। आजाद सिपाही ने इस जरूरत को, सूचना की चाहत को और लोगों के सपनों को महसूस किया। इसलिए हमने स्थानीय होने की बजाय पूरे प्रदेश को अपने दायरे में रखा। हमारे इस अभिवन प्रयोग की खूब हंसी भी उड़ायी गयी। कहा गया कि यह आत्महत्या करने जैसा कदम है। लेकिन हमें आपका भरोसा था और अपने संकल्प पर भी। इसलिए हमने पूरे झारखंड का एक समग्र अखबार निकाला। हमारा कोई अलग बिजनेस मॉडल नहीं था। हमारे पास पूंजी नहीं थी कि हम कई-कई संस्करणों में अखबार को बांट सकें। इसलिए एक संस्करण की पुरानी, लेकिन स्थापित अवधारणा को हमने अपनाया।

सधी हुई शुरुआत और आपके भरोसे के सहारे हम पहली सालगिरह तक पहुंचे। वह 2016 का साल था, जब सूचनाओं के संसार में सब कुछ तेजी से घटित हो रहा था। सोशल मीडिया पूरे उफान पर था और लोग प्रिंट मीडिया के अवसान की भविष्यवाणी करने लगे थे। उस दौर में सूचनाओं की विश्वसनीयता कटघरे में थी, लेकिन यह आपका भरोसा और हमारा संकल्प था कि हम रास्ते से डिगे नहीं। सोशल मीडिया की ताकत का अंदाजा हमें भी था और आपको भी, लेकिन हमें विश्वास था कि हम एक अलग धारा विकसित करेंगे, ताकि आप तक सही और ठोस सूचनाएं पहुंच सकें। हमने गांवों-गलियों की खाक छानी, शहरों के कोलाहल को झेला और हमारी खबरों ने साबित कर दिया कि हम सही रास्ते पर चल रहे हैं। हर दिन-हर पल आप हमारे साथ बने रहे। इससे हमारी ताकत कुछ और बढ़ी। ताकत बढ़ी, तो स्वाभाविक था कि कुनबा भी बढ़ा। परिवार बड़ा हुआ। 30 लोगों का सपना एक साल के भीतर ही एक सौ के करीब लोगों का सपना बन चुका था। इस बड़े होते परिवार को देख कर हम तो फूले समा ही रहे थे, आप भी खूब खुश हो रहे थे, क्योंकि आजाद सिपाही आपका अपना था।

2017 में अपनी दूसरी सालगिरह तक पहुंचने पर हमें एहसास हुआ कि हमें अपना दायरा बढ़ाना चाहिए। संसाधनों की कमी तब भी थी। हम आकार में छोटे जरूर थे, लेकिन हमारा इरादा और हमारा हौसला आसमानी ऊंचाई लिये हुए था। हमारे पास आपके भरोसे की पूंजी थी। आपकी पैनी नजर हमें हर पल सतर्क रखती थी। हमने दायरा बढ़ाया और नये जिलों में आजाद सिपाही दिखने लगा। कई शहरों में तो आपने अपने घर में हमें पनाह दी। हमें कभी महसूस ही नहीं हुआ कि हम आपसे अलग हैं। आप हमेशा हमारे साथ खड़े रहे। खबरें भेजने से लेकर अखबार के प्रसार तक के कामों की आप निगरानी करते रहे। यह हमारे लिए बड़ी पूंजी बनी, हमारी ताकत बनी। हम बड़े हो रहे थे। आपका आजाद सिपाही बड़ा हो रहा था। छुटपन की चंचलता उसमें भी थी। शरारतें भी थीं, लेकिन कहीं न कहीं इनके पीछे आपका ही ध्यान था। इसलिए उन चंचलता और शरारतों का आपने कभी बुरा नहीं माना। वे शरारतें आपके मन को पुलकित करती थीं, क्योंकि आप जानते थे कि उनके पीछे कोई गलत मंशा कभी नहीं रही।




तीसरी सालगिरह तक हम अपने पैर जमा चुके थे। प्रिंट के साथ-साथ डिजिटल संसार में भी हमारी धमक महसूस की जाने लगी थी। यू-ट्यूब, फेसबुक और ट्विटर के जरिये हम झारखंड के साथ-साथ देश-विदेश में अपनी धाक जमाने में लग गये। आपका भरोसा और मजबूत होता गया और हमारा परिवार भी बढ़ता गया। झारखंड के शहरों से निकल कर हम प्रखंड मुख्यालयों तक पहुंचने लगे। आपके विश्वास और भरोसे की ताकत के साथ हमारा कारवां लगातार आगे बढ़ रहा था। साथ ही हमारी जिम्मेदारी, जो हमने पहले दिन ही अपने ऊपर ली थी, भी बड़ी हो रही थी। हमारी खबरों का असर होने लगा और हमारा उत्साह बढ़ने लगे।

कहते हैं कि अतिउत्साह में कभी-कभी गड़बड़ियां हो जाती हैं। हमसे भी हुई। आपने हमें ताकीद की और हम अपनी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ते-बढ़ते चौथे साल में पहुंच गये। 2019 में देश में आम चुनाव हुए और साल के अंत में विधानसभा के चुनाव। अखबारों की प्रतिबद्धता आप समझने लगे। हमें भी कसौटी पर कसा गया, लेकिन हम संकल्पबद्ध थे कि हम न किसी का समर्थन करेंगे और न विरोध। आपकी पैनी नजर हम पर थी, क्योंकि आजाद सिपाही आपका अपना था। हमने आपको निराश नहीं किया। वस्तुपरक राजनीतिक रिपोर्टिंग और ठोस जानकारी के बल पर हम वहां तक पहुंच गये, जहां पहुंचने के लिए दूसरे अखबारों को सालों तक पसीना बहाना पड़ा। दिल्ली से लेकर रांची तक के सत्ता गलियारों और राजनीतिक दलों के दफ्तरों से लेकर नेताओं-कार्यकर्ताओं के घरों तक में जब भी किसी सूचना की विश्वसनीयता जांचनी होती थी, सबसे पहले आजाद सिपाही का नाम लिया जाने लगा। यह विश्वसनीयता हमने आपकी मदद से और अपने संकल्प से हासिल की। हमारी रिपोर्टिंग टीम वहां तक पहुंचती रही, जहां दूसरे अखबारों को मशक्कत करनी पड़ रही थी। यह सब संभव हुआ आपकी बदौलत। आपने हमें चलना सिखाया, फिर रास्ता भी दिखाया।

फिर आया 2020, जिसने न केवल मीडिया के सामने, बल्कि पूरे समाज के सामने अंधेरा कायम कर दिया। महामारी के दौर में मीडिया समेत दूसरे संस्थान सिमटने लगे, उनका दायरा छोटा होने लगा। लेकिन आजाद सिपाही के पास आपके भरोसे की पूंजी थी, जिसने हमें हिम्मत दी, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हमने संकट के इस दौर में भी अपनी हिम्मत बनाये रखी, तो इसके पीछे भी आप ही थे। दूसरे मीडिया संस्थानों में जहां पैर समेटने का दौर चल रहा है, हम आज भी अपने विस्तार में लगे हैं। हम आज झारखंड के हर प्रखंड मुख्यालय में मौजूद हैं। पड़ोसी राज्यों, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और बंगाल तक में हमारी मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। महज दो-ढाई दर्जन सदस्यों का आजाद सिपाही परिवार आज पांच सौ सदस्यों तक पहुंच चुका है। आज झारखंड के




हर जिले में आजाद सिपाही का कार्यालय है, इससे जुड़े लोग हैं।

आज जब हम इस आठ साल के सफरनामे पर नजर दौड़ा रहे हैं, तो हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमने झारखंड की अखबारी दुनिया में एक इतिहास रचा है। आजाद सिपाही के लाखों पाठकों के साथ-साथ हम अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये चार करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच रहे हैं। लगभग तीन लाख सब्सक्राइबरों के जरिये आज हम झारखंड से सबसे बड़े न्यूज पोर्टल बन चुके हैं। हमारी व्यूअरशिप 20 करोड़ से अधिक मिनट की हो चुकी है। इतना सब कुछ होते हुए आज भी हमारा दामन पूरी तरह बेदाग है, क्योंकि आजाद सिपाही ने कभी सफलता का शॉर्टकट नहीं अपनाया। हमने कभी किसी का भयादोहन नहीं किया। जिसने भी आजाद सिपाही को आंखें दिखाने की कोशिश की, उसे पहले आपके भरोसे की मजबूत दीवार दिखाई दी। मीडिया की दुनिया के स्याह पक्ष को हमने पहले दिन से ही वर्जनाओं की सूची में रखा था और आज भी इस पर कायम हैं। हमें यह कहने में भी कोई संकोच नहीं है कि आजाद सिपाही का अब तक का सफर बहुत आसान नहीं रहा। रास्ते कठिन थे, चुनौतियां बड़ी थीं। लेकिन हमें भरोसा केवल अपने संकल्प पर था और आप तो हमारे संबल थे। बड़ी पूंजी, महंगे संसाधन और महंगे प्रचार हमारे लिए कभी नहीं रहे। हम अपनी मामूली स्थिति से ही संतुष्ट थे, इस संकल्प के साथ कि हम पारदर्शी तरीके से नैतिक रास्ते पर चलते हुए अपनी स्थिति सुधारेंगे। हम आज एक बार फिर आपको विश्वास दिलाते हैं कि हमारा वह संकल्प आज भी जीवित है। आजाद सिपाही के अब तक के सफर में आपने जो भरोसा दिया, संकट के दौर में हमारे साथ खड़े रहे, उसके एवज में आभार बहुत छोटा शब्द है। इसलिए हम केवल इतना ही कह सकते हैं कि आपका सहयोग बना रहे, भरोसा कायम रहे। हम आपके और आप हमारे हैं।

---

**राजनीतिक हलचल**

**मध्य प्रदेश में कांग्रेस का वचन पत्र**

# बिटिया रानी योजना में बेटियों को 2 लाख 51 हजार रुपये का लाभ

### मध्यप्रदेश बनेगा उद्योगों का हब, मिलेगा रोजगार

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस एक्टिव मोड में है। मंगलवार को उसने अपना वचन पत्र जारी किया है। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर कांग्रेस ने सरकारी कर्मियों को लेकर बड़ा दांव खेला है। इस वचन पत्र में कांग्रेस ने हर वर्ग को साधा है। कांग्रेस ने 116 पेजों के वचन पत्र में जनता से जुड़े 59 मुद्दों को शामिल किया गया है। इसमें 1290 वचन हैं। कांग्रेस ने मुख्य 101 गारंटियां भी दी है। इसके साथ ही सात सेक्टर किसान, युवा, महिला, आस्था, सामाजिक न्याय, कर्मचारी, परिवार को बांटा गया है। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा कि उनको वचन पत्र के लिए नौ हजार सुझाव मिले थे, जिसके बाद एक साल की मेहनत में तैयार किया गया है। बता दें कांग्रेस ने पिछली बार 112 पन्ने के वचन पत्र में 973 घोषणाएं शामिल की थी। कांग्रेस के वचन पत्र में कहा गया है कि सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जायेगा। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने पुरानी पेंशन का वादा किया था। दोनों ही राज्यों में सरकारी कर्मियों ने कांग्रेस पार्टी की सरकार बनवाने में अपना भरपूर सहयोग दिया था। अब मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस ने अपना वही दांव खेल दिया है। वचन पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस सरकार की प्रथम कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन जनसेवकों की विभिन्न मांगों पर न्याय संगत निर्णय लिये जायेंगे। मध्यप्रदेश में भी ओपीएस को एक बड़ा चुनावी मुद्दा बताया जा रहा है।

### कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा, मिलेगा पुरानी पेंशन का लाभ

कांग्रेस पार्टी ने अपने विस्तृत वचन पत्र के 12वें भाग में पेंशनभोगी जनसेवक शीर्षक वाले कॉलम में लिखा है कि कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित रहे, इसके लिए कर्मियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जायेगा। पेंशनर्स को केंद्र के समान महंगाई भत्ता मिलेगा। उन्हें एरियर्स का भुगतान कराया जायेगा। परिवार पेंशन की अर्हता सेवा होगी। परिवार पेंशन रिवाइज करने की अवधि को 80 वर्ष से घटाया जायेगा। पेंशनर्स को अधिकतम आयु छूट के साथ 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। मध्यप्रदेश राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) को समाप्त किया जायेगा। सहकारी विभाग के कर्मियों एवं असंगठित एवं संगठित क्षेत्र के श्रमिकों को अंशदायी पेंशन योजना के लाभ से जोड़ने के लिए पेंशन नियामक प्राधिकरण का गठन होगा। सभी शासकीय, अर्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम, निगम, मंडल एवं निकायों के कर्मियों के परिवार सहित 25 लाख रुपये का चिकित्सा बीमा एवं दस लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा का लाभ मिलेगा। पटवारियों, पुलिसकर्मियों, शीघ्र लेखकों, प्रयोगशाला तकनीशियनों, फार्मासिस्ट के ग्रेड पे की मांग पर न्याय होगा।

### पांच राज्यों में भी दिखेगी ओपीएस की ताकत

पुरानी पेंशन के मुद्दे पर सरकारी कर्मचारी, पांच राज्यों के चुनाव में अपनी ताकत दिखायेंगे। यह तय है कि सरकारी कर्मियों का नफा-नुकसान किसी न किसी पार्टी के हिस्से में तो जरूर आयेगा। भाजपा का रुख साफ है कि पुरानी पेंशन पर कोई बात नहीं होगी। एनपीएस में सुधार किया जा सकता है, लेकिन ओपीएस की गुंजाइश नहीं है। खुद प्रधानमंत्री मोदी, इस बारे में अपना मत स्पष्ट कर चुके हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी है जो अपनी चुनावी गारंटियों में पुरानी पेंशन प्रमुखता से शामिल कर रही है। पहले हिमाचल प्रदेश में और उसके बाद कर्नाटक में कांग्रेस ने ओपीएस की गारंटी देकर भाजपा के हाथ से सत्ता छीन ली। राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकारों ने ओपीएस लागू कर दिया है, जबकि मध्यप्रदेश और तेलंगाना में पार्टी ने पुरानी पेंशन बहाली का वादा किया है।

### कहां-कहां लागू हो चुकी है पुरानी पेंशन

देश में पुरानी पेंशन का मुद्दा लगातार गमार्ता जा रहा है। गैर भाजपा शासित राज्य, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन लागू हो चुकी है। कर्नाटक में भी ओपीएस लागू करने के लिए गुणा-भाग किया जा रहा है। राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने पुरानी पेंशन बहाल की है। ओपीएस बहाली वाला राजस्थान, देश में पहला राज्य बना है। 2023-24 का बजट पेश करने के दौरान सीएम गहलोत ने कहा, सभी सेवारत और रिटायर कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ मिलेगा। इसके बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी सरकारी कर्मचारियों को एनपीएस/ओपीएस का विकल्प दे दिया। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने एक सितंबर 2022 को पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मंजूरी दी। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है। लगभग 1.75 लाख कर्मचारियों को इसका फायदा हुआ है।

### कांग्रेस के प्रमुख महत्वपूर्ण वचन

किसानों को गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपये और धान का समर्थन मूल्य 2500 रुपये देंगे। इसे बढ़ाकर 3000 रुपये तक ले जायेंगे। नंदनी गो धन योजना शुरू करेंगे और 2 रुपये किलो की दर से गोबर खरीदेंगे। युवाओं के लिए सरकार में रिक्त 2 लाख पद भरेंगे। ग्राम स्तर के 1 लाख नये पद बनाकर भर्ती करेंगे। मध्यप्रदेश को उद्योगों का हब बनाकर निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर देंगे। युवा स्वाभिमान योजना शुरू करेंगे। पात्र बेरोजगार युवाओं को 1500 रुपये से 3000 रुपये तक की सहायता देंगे। स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनायेंगे और 25 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख का दुर्घटना बीमा करायेंगे। बेटी विवाह योजना में 1 लाख 1 हजार रुपये सहायता देंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाकर 1200 रुपये करेंगे। मेरी बिटिया रानी योजना में बेटियों को जन्म उत्सव से विवाह संस्कार तक 2 लाख 51 हजार रुपयेए का लाभ देंगे। मध्यप्रदेश की आइपीएल टीम बनाने के लिए कदम उठायेंगे। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पदक लाओ पद पाओ, पदक लाओ करोड़पति बन जाओ और पदक लाओ कार पाओ योजना शुरू करेंगे। शासकीय कर्मचारियों को पदोन्नति और 4 समयमान वेतनमान देंगे। संविदा और आउटसोर्स कर्मियों की मांगों पर न्याय करेंगे। कांग्रेस सरकार आमजन को 9 अधिकार और गारंटी सुनिश्चित कराने के लक्ष्य के साथ बढ़ेगी।

## शारदीय नवरात्र : चौथा दिन

## कूष्मांडा दुर्गा का ध्यान



सुरा संपूर्ण कलशं रुधिराप्लुतमेव च।।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु में ।।

रुधिर से परिप्लुत एवं सुरा से परिपूर्ण कलश को दोनों कर कमलों में धारण करनेवाली कूष्मांडा दुर्गा मेरे लिए शुभदायिनी हों।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद-4

श्रीमद्देवी भागवत महापुराण में पहले जिन सत्वप्रधाना त्रिगुणमयी महालक्ष्मी के तामसी आदि भेद से तीन स्वरूप बताये गये,वे ही शर्वा, चंडिका, दुर्गा, भद्रा और भगवती आदि अनेक नामों से कही जाती हैं। तमोगुणमयी महाकाली भगवान विष्णु की योगनिद्रा कही गयी है। मधु और कैटभ का नाश करने के लिए ब्रह्माजी ने जिनकी स्तुति की थी, उन्हीं नाम महाकाली है। ये महाकाली भगवान विष्णु की दुस्तर माया है। आराधना करने पर ये चराचर जगत को अपने उपासक के अधीन कर देती हैं। इसलिए शक्ति नाम से ब्रह्म की उपासना करने से भी परमात्मा की ही प्राप्ति होती है। एक ही परमात्म तत्व की निर्गुण, सगुण, निराकार, साकार, देव, देवी, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, शक्ति, राम, कृष्ण आदि अनेक नाम-रूप भक्त लोग पूजा-उपासना करते हैं। वह त्रिगुणमयी प्रकृति महालक्ष्मी निर्गुणरूपा देवी जीवों पर दया करके स्वयं ही सगुण भाव को प्राप्त होकर ब्रह्मा, विष्णु और महेश रूप से उत्पत्ति, पालन और संहार कार्य करती हैं। स्वयं भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, तुम्हीं विश्व जननी मूल प्रकृति ईश्वरी हो, तुम्हीं सृष्टि की उत्पत्ति के समय आद्या शक्ति के रूप में विराजमान रहती हो और स्वेच्छा से त्रिगुणात्मिका बन जाती हो। यद्यपि वस्तुतः तुम स्वयं निर्गुण हो, तथापि प्रयोजनवश सगुण हो जाती हो। तुम परब्रह्म स्वरूप, सत्य, नित्य एवं सनातनी हो। परम तेज स्वरूप और भक्तों पर अनुग्रह करने हेतु शरीर धारण करती हो। तुम सर्वस्वरूपा, सर्वेश्वरी, सर्वाधार एवं परात्पर हो। तुम सर्वबीज स्वरूप, सर्वपूज्या एवं आश्रयरहित हो। तुम सर्वज्ञ, सर्व प्रकार से मंगल करनेवाली एवं सर्वमंगलों की भी मंगल हो।

(क्रमशः) प्रस्तुति - डॉ एनके बेरा

# रजरप्पा में सज-धज कर तैयार हुआ माता का दरबार

## दक्षिणेश्वर काली की तरह हुआ मां छिन्नमस्तिका का शृंगार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शारदीय नवरात्र में रजरप्पा का प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका का दरबार सज कर तैयार हो चुका है। इस बार बंगाल से आये कलाकारों ने इस मंदिर को दक्षिणेश्वर काली मंदिर का रूप दिया है। इस शृंगार के बाद माता का दरबार अद्भुत छटा बिखेर रहा है। मंदिर की सजावट को देखने के लिए पूरे प्रदेश से लोग आ रहे हैं। इसके अलावा बंगाल और बिहार से आने वाले श्रद्धालुओं का भी तांता लगा हुआ है।

दुनिया के दूसरे सबसे बड़े शक्तिपीठ रजरप्पा में मां का छिन्नमस्तिका मंदिर है। इस मंदिर में बिना सिर वाली देवी मां की पूजा की जाती है। मान्यता है कि मां इस मंदिर में दर्शन के लिए आये सभी भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी करती हैं।




रजरप्पा के भैरवी-भेड़ा और दामोदर नदी के संगम पर स्थित मां छिन्नमस्तिका के मंदिर को आस्था का धरोहर भी माना जाता है। यहां साल भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है, लेकिन शारदीय नवरात्र और चैत्र नवरात्र के समय यहां भक्तों की संख्या दोगुनी हो जाती है। छिन्नमस्तिका मंदिर के अलावा यहां महाकाली मंदिर, सूर्य मंदिर, दस महाविद्या मंदिर, बाबाधाम मंदिर, बजरंगबली मंदिर, शंकर मंदिर और विराट रूप मंदिर के नाम से कुल सात मंदिर हैं।

पश्चिम दिशा से दामोदर तथा दक्षिण दिशा से कलकल करती भैरवी नदी का दामोदर में मिलना मंदिर की खूबसूरती को बढ़ावा देता है। मंदिर के अंदर जो देवी काली की प्रतिमा है, उसमें उनके दाएं हाथ में तलवार और बायें हाथ में अपना ही कटा हुआ सिर है। शिलाखंड में मां की तीन आंखें हैं। इसके साथ ही वह बायां पैर आगे की ओर बढ़ाये हुए कमल पुष्प पर खड़ी हुईं हैं। उनके पांव के नीचे विपरीत रति मुद्रा में कामदेव और रति शयनावस्था में हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | दिन अनुकूल है, आप उन्नति के मार्ग की ओर अग्रसर होंगे। |
| वृष | मित्रों का उदय होगा एवं शत्रुओं का नाश होगा, संकल्पित काम पूरे होंगे। |
| मिथुन | आज का दिन सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ानेवाली साबित होगी, रुके हुए काम पूरे होंगे। |
| कर्क | नौकरी-व्यापार एवं सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलने की संभावना। |
| सिंह | बनता हुआ काम बिगड़ सकता है, आप अकारण किसी मुसीबत में उलझ सकते हैं। |
| कन्या | आपके व्यक्तित्व का विकास होगा, विपरीत परिस्थितियां अनुकूल होगा। |
| तुला | व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, दूसरों के झगड़े में दखल न दें, समय गति सामान्य है। |
| वृश्चिक | आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, उत्साह व संघर्ष से सभी कार्य पूरे होंगे, नवीन व्यापारिक योजना सफल। |
| धनु | विद्याध्यन सम्बन्धी शुभ समाचार मिलेंगे,मेहमानों का आगमन होगा, निराशा दूर होगी। |
| मकर | किसी पुराने परिचित से मुलाकात होगी, शुभ समाचार की प्राप्ति। |
| कुंभ | इस समय किसी को उधार न दें अन्यथा वापस निकलना मुश्किल होगा। |
| मीन | सरकारी क्षेत्र में सफलता, व्यापार-व्यवसाय में सफलता मिलने की संभावना। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### सीएम ने परिवहन विभाग के मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर की उच्च स्तरीय बैठक

# सड़क परिवहन और आवागमन मजबूत करना प्राथमिकता : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने कहा- अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय, साप्ताहिक हाट, स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों को ध्यान में रख कर रूट का करें निर्धारण
- ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर सरकार का विशेष जोर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के ग्रामीण और सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर सरकार का विशेष जोर है। इस कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड, अनुमंडल और जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को शुरू किया जाना है, ताकि दूर-दराज के गांव में रहने वाले लोगों को सुलभ परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को इस योजना को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते हुए कई अहम निर्देश दिये।

### बसों का लोकेशन ग्रामीणों को नियमित रूप से मिलता रहे , एप तैयार करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को इस योजना के तहत संचालित बसों की जानकारी लगातार मिलती रहे, इसके लिए एक एप तैयार करें। इस एप में ऐसी व्यवस्था हो कि लोगों को यह पता चल सके कि बस कब खुलेगी, बस कहां पहुंची है और कब तक उनके गंतव्य पर पहुंच जायेगी । इससे ग्रामीणों को सूचना के अभाव में बसों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**रूट निर्धारण में सार्वजनिक उपयोगिता वाले स्थलों का विशेष ध्यान रखें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के रूट निर्धारण में सार्वजनिक उपयोगिता वाले स्थलों का विशेष ध्यान रखें। इस योजना के तहत बसों के संचालन के लिए इस तरह रूट निर्धारित करें कि अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय, साप्ताहिक हाट और स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन अवस्थित हों। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी और इस योजना की उपयोगिता बनी रहेगी।

**सिटीजन मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना की उपयोगिता बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि इस योजना के तहत संचालित बसों के सिटीजन मॉनिटरिंग की पुख्ता व्यवस्था हो, ताकि कोई भी वाहन संचालक इसका नाजायज लाभ नहीं ले सके।

इस बैठक में परिवहन मंत्री चंपाई सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा और संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रदीप कुमार मौजूद थे।

### ऐसी है मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना

- इस योजना का पहला चरण में 250 बसों को संचालित करने की योजना बनायी गयी है।
- इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक, विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआइवी पॉजिटिव, विधवा और झारखंड आंदोलनकारी को बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा होगी।
- इस योजना के तहत निर्धारित रूटों पर बस संचालित करने वाले बस संचालकों को वाहन खरीद पर सब्सिडी दी जायेगी। इसके अलावा परमिट और फिटनेस शुल्क माफ कर दिया जायेगा।

# सीएम ने विशाल के परिजनों को दो लाख का चेक सौंपा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची नगर निगम अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्स कर्मी स्व. विशाल उरांव के परिजनों को आर्थिक सहायता हेतु दो लाख रुपये का चेक सौंपा। मौके पर मुख्यमंत्री ने स्व. विशाल उरांव के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशाल उरांव के असामयिक निधन से हम सभी लोगों को काफी दुःख हुआ है। मुख्यमंत्री ने रांची नगर निगम कर्मी स्व. विशाल उरांव के परिजनों को भरोसा दिलाया है कि राज्य सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद की जायेगी तथा परिवार को जल्द सामाजिक सुरक्षा के दायरे से जोड़ा जायेगा। गौरतलब है कि रांची के कुम्हार टोली, केशव नगर निवासी विशाल उरांव का विगत 27 सितंबर 2023 को (पुरी) ओड़िशा भ्रमण के क्रम में समुद्र तट पर नहाने के क्रम में डूबने से निधन हो गया था। स्व. विशाल उरांव रांची नगर निगम अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी थे तथा कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में माली के पद पर कार्यरत थे। मौके पर स्व. विशाल उरांव की मां नंदनी देवी, बड़े भाई रवि उरांव सहित अन्य परिजन उपस्थित थे।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

**ई–निविदा सं.: 35-GS-DHN-2023-24**

**1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के पतरातू में 200 इलेक्ट्रिक इंजनों की होमिंग क्षमता के लिए बुनियादी ढांचे की सुविधा का विस्तार के लिए समग्र कार्य) सिविल, इलेक्ट्रिकल) जी (इलेक्ट्रिकल) टीआरडी (और एस एंड टीः 24 (चौबीस) महीने। **2. कार्य की लगभग लागत (रुपये में):** 31,31,81,437.54, **3. ब्याने की राशि (रुपये में):** ब्याने की राशि (रुपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समयः** ई–निविदा बंद होने की तारीख 06.11.2023 को 17.00 बजे तक, ई–निविदा खुलने की तारीख 07.11.2023 को 12.00 बजे से, **5. वेबसाईट का विवरणः http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

**नोट–**(i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी।(ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

कृते मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद

पीआर/01415/डीएचएनजीएस/ईएनजीजी/टी/23–24/40


# सीएम के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर हाइकोर्ट की रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी (418/2014) को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई मंगलवार को हुई। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने हेमंत सोरेन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी। याचिकाकर्ता ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गये थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था, लेकिन उन पर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इस मामले की सुनवाई पूर्वी सिंहभूम की निचली अदालत में चल रही है।

# हाइकोर्ट में बिल्डर ज्ञान प्रकाश की जमानत पर सुनवाई 31 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने 75 करोड़ रुपये का बैंक लोन लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में जेल में बंद बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 31 अक्टूबर को निर्धारित की है। मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की ओर से जवाब दाखिल हो चुका है। इडी के अधिवक्ता की अस्वस्थता की वजह से समय की मांग की गयी।

ज्ञान प्रकाश सरावगी को इडी ने मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। मामले में इडी ने इसीआइआर 1/2022 दर्ज किया था। बैंक ऑफ इंडिया और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को 75 करोड़ रुपये का चूना लगाने के मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत अनुसंधान कर रही इडी ने रांची के कांके रोड निवासी बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी सहित 10 आरोपितों के खिलाफ इडी की रांची स्थित विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल किया है। अन्य आरोपितों में ज्ञान प्रकाश सरावगी का चार्टर्ड अकाउंटेंट अनीस अग्रवाल, अमित सरावगी, अभिषेक अग्रवाल और उनकी छह कंपनियां शामिल हैं। ज्ञान प्रकाश सरावगी 29 मार्च, 2022 से जेल में हैं। इडी ने अब तक उनकी 38 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त कर ली है। इडी के अनुसंधान में यह तथ्य सामने आया है कि जिन पर पहले से कर्ज था, उन्हीं कागजातों पर आरोपितों ने दोनों बैंकों को 75 करोड़ रुपये का चूना लगा दिया था। जांच में यह पाया गया कि लोन के लिए अचल संपत्ति से जुड़े जो दस्तावेज बैंकों को दिये गये, उन पर पहले भी कर्ज की निकासी हुई थी।


## दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैंः **क्रमांक एवं ई-एनआईटी सं.; कार्य का नाम; विज्ञापित मूल्य; ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैंः (1) एसटी-आरएनसी-टी05-ब्रिजेज-50-II, दिनांक 16.10.2023; लोहरदगा-टोरी में छोटे पुल सं. 173, 177 एवं 187 तथा मुरी-रांची अनुभाग में फ्लैट टॉप छोटे पुल की बैरल लंबाई (47 अदद) बढ़ाने के संबंध में एस एंड टी कार्यों के साथ अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन; रु. 1,58,60,378.46; रु. 2,29,300/-। (2) एसटी-आरएनसी-टी11-पीआईएसएल आईएफटीडीईटीईए-II, दिनांक 16.10.2023; नीचे उल्लेखित कार्य के संबंध में एस एंड टी कार्यों का निष्पादन (1) रांची मंडल-रांची मंडल के एबीएसएस के अधीन चिन्हित पिस्का स्टेशन में 12.0 मी चौड़े फूट ओवर ब्रिज का प्रावधान। (2) पिस्का-पिस्का स्टेशन के मौजूदा ट्रैक 3 से 4 मी. के स्थानांतरण द्वारा मौजूदा हाई लेवल प्लेटफॉर्म के विस्तार के साथ एमईए (प्लेटफॉर्म शेड, पानी की बूथ इत्यादि) का प्रावधान। (3) पिस्का - पिस्का में नए हाई लेवल प्लेटफॉर्म का निर्माण। (4) रांची मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन लोहरदगा (एलएडी), रामगढ़ कैण्ट. (आरएमटी), पिस्का (पीआईएस), बालसिरिंग (बीएलआरजी), गोविंदपुर रोड (जीबीएक्स), ओरगा (ओआरजीए), बानो (बीएनओ) प्रत्येक में दो अदद कुल 14 लिफ्टों का प्रावधान। (5) राज्य प्राधिकारी की मांग के अनुसार रांची-टोरी अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग नं. आरटी-13 को बंद करने के लिए अतिरिक्त वेंट का प्रावधान। (6) यूटीएस चालू करने के लिए रांची मंडल के चार नए ब्लॉक स्टेशनों (पिस्का, नगजुआ, बड़कीचांपी एवं बोडाग्राम पीएच) में डेटाकॉम उपकरणों का प्रावधान; रु. 56,10,641.17; रु. 1,12,200। (3) एसटी-आरएनसी-टी10-एफओबी-पीएच53-II, दिनांक 16.10.2023; नीचे उल्लेखित कार्य के संबंध में एस एंड टी कार्यों का निष्पादन (1) टटीसिलवे (डीएन)-टटीसिलवे (डीएन) में 6.10 मीटर चौड़े फूट ओवर ब्रिज द्वारा मौजूदा स्टेशन फूट ओवर ब्रिज का प्रतिस्थापन, (2) तुलिन-तुलिन स्टेशन में 6.10 मीटर चौड़े फूट ओवर ब्रिज द्वारा मौजूदा स्टेशन फूट ओवर ब्रिज का प्रतिस्थापन, (3) टॉंगरबंसली-टॉंगरबंसली स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफॉर्म का निर्माण तथा फूट ओवर ब्रिज का विस्तार; रु. 8,72,670.41; रु. 17,500/-। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** प्रत्येक क्रमांक के लिए शून्य। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** प्रत्येक क्रमांक के लिए 14.11.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीखः** प्रत्येक क्रमांक के लिए 31.10.2023, **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौराः** प्रत्येक क्रमांक के लिए www.ireps.gov.in (कार्य निविदा)। (PR-716)


# रिम्स में सेंट्रल लैब फिर शुरू

### एचआइवी समेत कई तरह की जांच मुफ्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रिम्स में मरीजों को अब खून जांच के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। ट्रॉमा सेंटर के पहले तल्ले में सेंट्रल लैब की शुरुआत मंगलवार को की गयी। क्रिटिकल केयर के एचओडी डॉ पीके भट्टाचार्य की देखरेख में दोबारा इसकी शुरुआत हुई है। यहां पैथोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री से संबंधित जांच होगी। पैथोलॉजी की इंचार्ज डॉ पुष्पांजलि और बायोकेमिस्ट्री के इंचार्ज डॉ साकेत वर्मा होंगे। यहां मरीजों को रिपोर्ट चार से छह घंटे के अंदर देने की बात कही गयी है। लैब की शुरुआत के दौरान रिम्स के निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि सभी तरह की जांच की सुविधा मरीजों को मिलेगी। हर वार्ड में कलेक्शन के लिए मेडिकल इंटर्न की तैनाती की गयी है। सभी को वार्ड से संपूर्ण कलेक्शन कर लैब में लाने को कहा गया है। उसके बाद रिपोर्ट को वार्डों तक पहुंचाने को कहा गया है।



**पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री और लैब मेडिसिन को भी उपलब्ध कराये गये रिएजेंट :** डॉ राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि सेंट्रल लैब में मरीजों की खून जांच का अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा। सेंट्रल लैब के अलावा पैथोलॉजी विभाग, बायोकेमिस्ट्री विभाग और लैब मेडिसिन में भी जांच जारी रहेगी। पिछले कुछ समय से इन विभागों में रिएजेंट की कमी के कारण अधिकतर जांच बंद थी। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के जरिये इन विभागों में भी रिएजेंट उपलब्ध करा दिये गये हैं। निदेशक ने कहा कि उम्मीद की जा रही है कि मरीजों को अब बहुत अधिक परेशानी नहीं होगी।

**शुगर, यूरिया, क्रिएटिनिन, एचआइवी समेत कई जांच निःशुल्क :** इस केंद्र में बीटीसीटी, ब्लड यूरिया, शुगर पीपी-फास्टिंग, एबीओ आरएच, एचबी, सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम, एचआइवी, पीटीएनटीआर, एंटी-एचसीवी, वीडीआरएल, इएसआर, सिरम क्रिएटीनिन, इलेक्ट्रॉयड्स जैसी सामान्य जांच निःशुल्क की जायेगी। मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरुआ, उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, मेडिसीन विभाग के एचओडी डॉ विद्यापति, क्रिटिकल केयर के इंचार्ज डॉ प्रदीप भट्टाचार्य समेत अन्य मौजूद रहे।

### इन जांच के लिए लगेंगे पैसे

- सीबीसी : 20 रुपये
- इबीसी : 10 रुपये
- एलएफटी : 45 रुपये
- आरएफटी : 40 रुपये
- एबीएसएजी: 90 रुपये
- एबी एवनसी : 100 रुपये
- थॉयरायड : 200 रुपये
- लिपिड प्रोफाइल : 200 रुपये

# सदर अस्पताल के छठे तल्ले से कूदी महिला, रिम्स में मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल के छठे तल्ले से मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे एक महिला कूद गयी। इससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गयी। महिला को तत्काल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसका पोस्टमार्टम किया गया। महिला की पहचान रामगढ़ निवासी सुमंती देवी (24) के रूप में हुई है।

**सदर में आज बच्चेदानी की होनी थी सर्जरी :** सुमंती देवी पिछले नौ दिनों से सदर अस्पताल के पांचवें तल्ले में भर्ती थी। उसकी मंगलवार को बच्चेदानी की सर्जरी होनी थी। सुमंती के पति शहदेव मंडल ने बताया कि वह हर दिन सुबह-शाम वार्ड के बाहर टहलती थी। लेकिन आज वह हॉस्पिटल के छठे तल्ले से कूद गयी।

### पिछले कुछ समय से तनाव में रह रही थी

सुमंती देवी के पति ने बताया कि वह कुछ सालों से लगातार बीमार पड़ रही थी। एक बीमारी ठीक होने के बाद दूसरी बीमारी हो जा रही थी। डेढ़ माह पहले थायरायड के कारण उसे रिम्स में भर्ती किया गया था। वहां करीब 15-20 दिनों तक उसका इलाज चला था। सालों से दवा खाने की वजह से वह लगातार तनाव में रहती थी।


## पूर्व मध्य रेल

### निविदा सूचना

ईः निविदा सूचना संख्या. एस. जी. 664–09– संकेत– 2023–24

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ईः निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं०–** (1) **कार्य का नाम – PUVNL** की जमा शर्तो के तहत **PTRU** में यूटिलिटी शिफ्टिंग और यार्ड रीमॉडलिंग का काम हेतु। (**RDPMS** से संबंधित कार्य)। (2) **कार्य का आकलित मुल्य :** ₹ 3,02,87,106.17 (लगभग) (3) **कार्य का अग्रधन राशि :** ₹ 3,01,400.00 (4) **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 26.10.2023 (12:30 बजे)। (5) ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। **द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता,
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01418/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/23–24/40

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 18 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# शवों के बाहर निकलते ही परिजनों की चीत्कार से गूंजा लोटवा डैम का किनारा

**घटना के बाद भुसाई गांव में पसरा मातम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**















लोटवा डैम में डूबे 6 छात्रों को लोटवा गांव के गोताखोरों ने 3 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल लिया। गोताखोर कमल कच्छप ट्यूब के सहारे 1 बजे डैम में घुंसा थोड़ी देर में ही एक शव को बाहर निकाल लिया। उसके उसी गांव 6 - 7 गोताखोर ट्यूब के सहारे डैम में घुस सभी शवो को साढ़े तीन बजे तक बाहर निकाल लीया। इस दौरान स्थानीय गोताखोरों ने बहादुरी प्रस्तुत किया है। थाना प्रभारी धनंजय सिंह अपने ओर से गोताखोरों को पुरस्कृत भी किया।

**डेंजर जॉन बन गया है लोटवा डैम का एरिया:** लोटवा डैम का एरिया डेंजर जोन बन गया है, यहां बराबर बाहर से लोग घूमने और पिकनिक करने आते है। जहां पर यह घटना घटी है वहां से मात्र आधा किलोमीटर दूर चमेली झरना में पिछले छः महीने के बीच में डूबने से चार मौत हो चुकी है, फिर भी प्रशासन द्वारा डेंजर जोन का न तो बोर्ड लगाया गया है और न ही किसी प्रकार चेतावनी भरा संदेश लिखा गया है।

**घटना के बाद भुसाई गांव में पसरा मातम, नही जले चूल्हे:** इशान की मौत की खबर मिलते ही भुसाई गांव में मातम छा गया। गांव में किसी घर चूल्हा नहीं जला। लोग मृतक के मां और अन्य परिवार वालों को संभालते रहे। ईशान के पिता रोड बनाने वाली कंपनी में मुंगेर में पोस्टेड थे। घटना की जानकारी मिलते ही वो वहां से चल दिया। ईशान का दाह संस्कार भुसाई गांव के शमशान घाट में बुधवार सुबह किया जायेगा।

लोटवा डैम की घटना पर सदर विधायक मनीष जायसवाल, जीप चेयरमैन उमेश मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह, कांग्रेसी नेता अशोक देव समेत अन्य ने जताया गहरा शोक

लोटवा डैम में नहाने के दौरान डूबने से छः विद्यार्थियों की मौत पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में कहा की यह हृदयविदारक घटना है। में मृतकों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। इसके अलावा जीप चेयरमैन उमेश मेहता, कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह, कांग्रेसी नेता अशोक देव, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार समेत अन्य ने इस घटना पर दुख जताया है।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त महोदया के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और और सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिया। जनता दरबार में जन वितरण प्रणाली के डीलर द्वारा राशन वितरण नहीं करने, मानदेय का भुगतान, अनुकंपा पर आधारित नियुक्ति, रैयती जमीन को वन सीमा से बाहर रखने, रैयती जमीन पर अतिक्रमण कर जबरन पक्का मकान निर्माण को रोकने, रसीद निर्गत करने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, आवास योजना का लाभ दिलाने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया।

## डीएवी स्कूल में हुई पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में कुमार सतीश सिंह के संयोजन में इंग्लिश साहित्य क्लब द्वारा पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि उदय द्विवेदी और विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार सिंह थे। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने दोनो अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर वहीं विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत के साथ स्वागत किया। यह प्रतियोगिता कक्षा आठवीं से लेकर बारहवीं तक के बच्चों के बीच कर्रवाई गई। कक्षा आठवीं से बारहवीं के बीच हुई पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान के आयुष राज ने दमदार प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान पर रहें। द्वितीय स्थान ग्यारहवीं वाणिज्य की कोमल ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कक्षा दसवीं की नेहा रानी रहीं। मंच का संचालन महजबी प्रवीण ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुमार सतीश सिंह के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों के पुस्तकों के प्रति रुचि और गहराई से अध्ययन-मनन करने की क्षमता की सराहना की।

## बाल विवाह के खिलाफ मशाल लेकर अलख जगाने उतरीं महिलाएं और बच्चे

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को पूरे देश में चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत मनाये गये बाल विवाह मुक्त भारत दिवस के मौके पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन ने गांवो, आंगनवाड़ी केंद्रों व विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, बीडीओ सतगावां बैधनाथ उरांव, अभिषेक कुमार, जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया ने भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। मार्च में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, धार्मिक नेताओं सहित समाज के सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया। इस मार्च का मकसद गांवों और कस्बों में लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करना था। इस दौरान विवाह समारोहों में अपनी सेवाएं देने वालों जैसे कि शादियों में खाना बनाने वाले हलवाइयों, टेंट-कुर्सी लगाने वालों, फूल माला बेचने व सजावट करने वालों, पंडित और मौलवी जैसे पुरोहित वर्ग को जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

# हादसे की खबर सुनते ही अस्पताल पहुंचे पूर्व विधायक मनोज यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरही।** हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क के सालपर्णी जंगल से सटे लोटवा डैम में छह बच्चे की डूबने से मौत हो गई। बच्चे हजारीबाग शहर से लोटवा डैम घूमने आये थे और डैम में नहाने के लिए उतरे थे। इस दौरान यह हादसा हुआ। सभी बच्चे 12वीं कक्षा के विद्यार्थी थे। जिसमें एक विद्यार्थी बरही प्रखंड के गौरियाकरमा पंचायत अंतर्गत बनगावां निवासी द्वारिका यादव के पुत्र प्रवीण कुमार भी शामिल था। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव हजारीबाग अस्पताल पहुंचे। जहां युवक का पोस्टमार्टम कराने में पूर्व विधायक ने सहयोग किया। साथ ही पूर्व विधायक श्री यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया। कहा कि वर्तमान दौर में बदलते परिवेश में बच्चे अपने माता-पिता के बातो को दरकिनार करते हैं और ना ही उनके मार्ग दर्शन पर चलते हैं। जिसके कारण बच्चे बेखौफ होकर इधर उधर घुमने, गलत संगत और नशीले पदार्थों का सेवन का शिकार होते हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार इस समय किन परिस्थिति से गुजर रहे होंगे, इसका अंदाजा लगाना शायद असहनशील है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अभिभावक अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखें। वह क्या कर रहे है और किनकी संगति में रह रहे है। यह जानना बेहद जरूरी है। यादव ने इश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की और इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारजनों को साहस बल प्रदान करने की कामना की मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी दुलार यादव, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, नागेश्वर यादव, लालू यादव, विकाश यादव, दीपक कुमार बक्शी समेत कई समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एनटीपीसी ने 133 लाभार्थियों को दी 7.5 करोड़ की पॉलिसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केरेडारी।** एनटीपीसी के द्वारा परियोजना से प्रभावित 133 लाभार्थियों के बिच 7.5 करोड़ की प्रीमियम की वार्षिक वृति पॉलिसी प्रदान की गयी। यह वितरण कार्यक्रम परियोजना प्रमुख प्रभारी फैज तैय्यब और केरेडारी परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित परियोजना के महाप्रबंधक फैज ने अपने प्रेरक उदबोधन में कहा कि रैयतों, स्थानीय लोगों जनप्रतिनिधियों व प्रशासन ने केरेडारी परियोजना के निर्माण के लिए जिस प्रकार का सहयोग दिया है आशा है कि वो आगे भी मिलता रहेगा। किसी भी परियोजना की स्थापना में स्थानीय हितधारकों का योगदान महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर उपस्थित महाप्रबंधक शिव प्रसाद ने कहा कि परियोजना का निर्माण समय सीमा में करने के लिए भू-विस्थापितों के हितों का ध्यान रखना परियोजना की प्राथमिकता में आता है। प्रसाद बताते हैं कि एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं में भू-विस्थापित परिवार की कुल अधिग्रहित रैयती भूमि का भुगतान प्राप्त कर लेने की स्थिति में वार्षिक वृत्ति पॉलिसी सौंपी जाती है। इसमे एक एकड़ या अधिक अधिग्रहित रैयती भूमि के लिए 36,000 रुपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष 30 साल तक दिया जायेगा। इस राशि में प्रति दो वर्ष में 1000 रुपये की बढ़ोतरी की जायेगी। अगर किसी रैयत की एक एकड़ से कम भूमि का अधिग्रहण की स्थिति में 30,000 रूपय प्रतिवर्ष 30 साल के लिए दिया जायेगा। जिसमें प्रति दो वर्ष में 750/-रुपये की बढ़ोतरी की जायेगी। मौके पर परियोजना के विभिन्न विभागों से अपर-महाप्रबंधक एस.पी गुप्ता वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश साहु, उप प्रबंधक श्याम कुमार शर्मा और अधिकारी रूपेश साहु, निशित कुमार, सोनल अनुराग, अभय कुमार, अल्का पांडा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस कार्यक्रम का संचालन उप-प्रबंधक श्याम कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

## दुर्गा पूजा पर स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा 2023 के अवसर पर स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता के माध्यम से पूजा पंडालों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जाना है। पूजा और त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ और पंडालो के इर्द-गिर्द ठोस अपशिष्ट का बढ़ना आम बात है जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों की भी है। उक्त प्रयास में अगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागेदारी सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम ने स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया है। निकाय अंतर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांक 20 से 24 अक्टूबर के दौरान निकाय द्वारा गठित टीम द्वारा किया जायेगा। पर्व त्योहार के अवसर पर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु निकाय स्तर से पूजा पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन किय जा रहा है तथा निम्न वर्णित मापदंड़ो के आधार पर रैकिंग करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आनेवाले पंडालों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## अनदेखी और उपेक्षा के खिलाफ लड़ाई लड़ेगा वैश्य मोर्चा: केंद्रीय अध्यक्ष



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा है कि झारखंड में वैश्य समाज को दरकिनार कर कोई भी राजनीतिक दल या नेता सत्ता में आने का सपना न देखें। झारखंड में वैश्य समाज की आबादी 40 प्रतिशत है और अन्य जातियों को भी चुनाव में अपने साथ जोड़ने, मोड़ने और प्रभावित करने की कला अच्छी तरह आती है। केंद्रीय अध्यक्ष साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा एक सामाजिक संगठन है, लेकिन वैश्य समाज को सरकार, प्रशासन और राजनीतिक दलों द्वारा इसी तरह अनदेखी किया जाता रहा, भेदभावपूर्ण नीति अपनायी जाती रही तो सड़कों पर उतर कर लड़ाई लड़ा जायेगा। इसके लिए संगठन को पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है। महेश्वर साहु ने कहा कि 5 नवंबर को पुनर्गठित केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों की सूची जारी की जायेगी। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने अपने सहयोग के लिए राहुल कुमार साहु को मीडिया प्रभारी बनाया है, जबकि केंद्रीय समिति के गठन और अन्य कार्यों में विचार-विमर्श के लिए हीरानाथ साहु (कांके), मोहन साव (गोमिया), अश्विनी कुमार साहु (रांची), संजीव चौधरी (रांची), बीरेन्द्र कुमार (गोला), परशुराम प्रसाद (अधिवक्ता, रांची) और इंदुभूषण गुप्ता (रांची) को सलाहकार नियुक्त किया है। इस टीम के साथ 29 अक्टूबर को रांची में बैठकर विचार विमर्श किया जायेगा।

## एनटीपीसी ने लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैंप



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा चट्टी बरियातु गांव में दांतों और आंखों की जांच और इलाज के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। इस मेडिकल कैंप से कुल 51 लोगों नें दांतों का इलाज कर दवाई दी गयी और 54 लोगों की आंखों की जांच कर लोगों को चश्में दिये गये। परियोजना प्रमुख प्रभारी फैज तैय्यब और चट्टी बरियातु के परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित मेडिकल कैंप को श्रीनीवासन हॉस्पिटल और हजारीबाग डेंटल कॉलेज की सहभागी से लगाया गया है। इस अवसर पर उपस्थित मुखिया झरी लाल महतो ने कैंप का उद्घाटन किया। इस मेडिकल को सफल बनाने में ग्राम वसियों का अहम योगदान है और एनटीपीसी चट्टी बरियातु परियोजना से अपर महाप्रबंधक मोहम्मद वासिफ, नीलमाधव स्वाइन और वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार का भी योगदान है।

## खरकट्टो में फुटबॉल मैच का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकट्टो के धौविनियाटांड़ मैदान में तुफान क्लब खरकट्टो द्वारा पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित थे। फाइनल मुकाबले के पूर्व खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का जोरदार स्वागत किया। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया। पूर्व मुखिया महेंद्र गंझू ने मांडू विधायक से फुटबॉल मैदान को समतलीकरण कराने की बात कही जिसे मांडू विधायक ने सहर्ष स्वीकार करते हुए अपने निजी खर्च से समतल कराने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष हिरामन महतो, प्रकाश साव, बासुदेव महतो, मडमो मुखिया कुंती कुमारी, परमेश्वर महतो, पूर्व मुखिया महेंद्र गंझू, मुन्नीलाल महतो, लखन महतो, कौलेश्वर महतो, विनोद साव, जगदीश महतो, शंकर महतो, दुलारचंद महतो, समेत काफी संख्या में खेलप्रेमी और ग्रामीणों की उपस्थिति रहे।

## श्रीमद भागवत कथा में दूसरे दिन हुआ प्रवचन

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र को लेकर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत नावाडीह स्थित दुर्गा मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा में दूसरे दिन कथा वाचिका अनुपमा रामायणी ने अपने प्रवचन के दौरान कहा कि नारायण जी बोले- हे लक्ष्मी! दक्षिण देश में एक पूर्ण नाम नगर था। वहां एक देव सुशर्मा बड़ा धनवान रहता था, वह साधु सेवा करता था।

# लोगों की आस्था का केंद्र है चंचालिनी धाम, उमड़ती है भक्तों की भीड़

**मो जावेद**



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती पंचायत डगरनवा के ग्राम बंदरचौकवा स्थित घने जंगलों के बीच पहाड़ों पर बसे मां चंचालनी धाम लोगो के बीच आस्था का केंद्र बना हुआ है। यह धाम मन्नतों के लिए विखाय्त हैं। करीब 200 वर्ष से लोग मां चंचालनी में आ कर मन्नत मांगते हैं। वही मुराद पूरा होने के बाद लोगो में बकरे बलि देने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। मां चंचालनी धाम प्रखंड के ही नहीं बल्कि कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, चतरा के साथ साथ जिला के अलावे पड़ोसी राज्य बिहार के कई जिले के लिए प्रसिद्ध है तथा भक्त प्रेमी पूजा अर्चना करने आते हैं। मां चंचालनी धाम का स्वरूप कुंवारी कन्या का है। इसके कारण यहां पूजा अर्चना करने आने वाले महिला श्रद्धालु के लिए यहां सिंदूर लगा कर आना वर्जित माना गया है। ऐसी मान्यता है कि मां चंचालनी के दरबार में आज तक जो भी फरियादी अपनी फरियाद लेकर आये हैं। वे कभी खाली हाथ नहीं लौटे हैं उनकी मुरादे को मां की असीम कृपा से पूरी हो जाती हैं। इस घने जंगल में मां के बसे रहने के बाद भी लोग आस्था और विश्वास के साथ मां के दरबार में खींचे चले आते हैं और यह सिलसिला सालो से भर लगा रहता है। खासकर शारदीय नवरात्र के दौरान यहां का दृश्य भी अलग तथा मनमोहक हो जाता है। नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रहती हैं। लोग अपने अपने मुराद को लेकर दिन रात मां के दरबार मे डेरा लगाकर रहते हैं। स्थानीय बुजर्गो के माने तो इनका कहना है कि देवीपुर के राजा को मां स्वपन में आकर पहाड़ पर वास करने की बात बताई थी। पुजारी देवीपुर निवासी पप्पू पंडित और नवलशाही निवासी बासुदेव पांडेय ने बताया कि मां चंचालनी धाम का पहाड़ करीब 40 एकड़ भू -भाग में फैला हुआ है और मां का पूजा लगभग 200 वर्षो से की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि देवीपुर के राजा घराना द्वारा मां की पूजा अर्चना शुरू की गयी थी। और आज भी देवीपुर स्थित ठाकुर बाड़ी से आसासोटा लेकर नवरात्र के पहला दिन मां चंचाल धाम जाने की प्रथा है। इसके बाद से ही पूजा अर्चना की शुरूआत हुई। तब से राजा ने समूह बनाकर माता का पूजा अर्चना की शुरूआत कर दिया। इसके बाद अनवरत ग्रामीणों के द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है वर्तमान में कई श्रद्धालुओं के मन्नत पूरी होने पर माता पर आस्था विश्वास जताते हुए इच्छा अनुसार श्रद्धालुओं के लिए ऊंचे पहाड़ स्थित माता रानी के स्थल पर सीढ़ी, विवाह मंडप, दीप बोरिंग सहित अन्य भवन निर्माण कराया गया है।

## डीएमएफटी और पर्यटन विकास के तहत हो रहे कार्यों को लेकर डीसी ने की समीक्षा

# आमजनों को स्वास्थ्य समृद्धि वाहन से करायें लाभान्वित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को डीसी चंदन कुमार ने डीएमएफटी और पर्यटन विकास के तहत हो रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक कर कई निर्देश दी। इस दौरान बैठक में डीसी ने स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के और भी लोगों को स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना का लाभ देने के उद्देश्य से डीएमएफटी टीम को एक और वाहन शुरू करने के लिए एक सप्ताह के अंदर योजना तैयार करते हुए आगे की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं, डीसी ने वर्तमान में संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से तैयार किये गये रोस्टर व रूट चार्ट के अनुसार वाहन संचलित करने का निर्देश दिये।

**लाभुकों के बीच जल्द बकरियों का वितरण करने का निर्देश :** डीएमएफटी के माध्यम से संचालित गोट बैंक परियोजना की समीक्षा के क्रम में डीसी ने योजना के उद्देश्यों की परिपूर्ति के लिए लाभुकों के बीच जल्द से जल्द बकरियों का वितरण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीसी ने डीएमएफटी के तहत जिले के सभी प्रखंडों में 15-15 एकड़ भूमि पर संचालित ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना की समीक्षा के क्रम में डीसी ने परियोजना निदेशक आत्मा को एक सप्ताह के अन्दर सभी एफपीओ का पंजीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

**संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर सीसीटीवी, चेक पोस्ट निर्माण करें :** जिले में विधि व्यवस्था संधारण सुदृढ़ करने के मद्देनजर डीसी ने जिला योजना पदाधिकारी को पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए



जिले में संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर सीसीटीवी, चेक पोस्ट आदि के माध्यम से निगरानी रखने के लिए प्रस्ताव तैयार करते हुए जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**उरलूंग और आरा जलापूर्ति योजना जनवरी 2024 तक पूर्ण करें :** डीएमएफटी के तहत ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने उरलूंग और आरा जलापूर्ति योजना के तहत अब तक किये गये कार्यों की जानकारी सहायक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल से ली जिसके उपरांत डीसी ने जनवरी 2024 तक दोनों योजनाओं को पूर्ण करने के लिए प्रत्येक माह के लिए लक्ष्य निर्धारित करने और संबंधित लक्ष्य की प्राप्ति से संबंधित प्रतिवेदन प्रतिमाह उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

क्षेत्रों को विकसित करने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश

पर्यटन विकास संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने जिला योजना पदाधिकारी से जिले के विभिन्न पर्यटन संभावित क्षेत्रों को विकसित करने के मद्देनजर राज्य स्तर पर भेजे गये प्रस्तावों की जानकारी लेते हुए टूरिज्म फेलो द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चयनित ऐसे स्थल जिन्हें पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किया जा सकता है, उनकी विस्तार पूर्वक जानकारी ली और उन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश जिला योजना पदाधिकारी को दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

### एक सप्ताह के अंदर डीपीआर निर्माण का प्रस्ताव देने का निर्देश

सदर अस्पताल के समीप हेल्थ वेयरहाउस स्थापित करने को लेकर डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जमीन का सत्यापन कराते हुए एक सप्ताह के अंदर डीपीआर निर्माण का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने एक समिति गठित करते हुए सदर अस्पताल के प्रत्येक प्रभागों अंतर्गत सर्जरी के लिए आवश्यक उपकरणों और अन्य आवश्यकताओं से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीसी ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए डीएमएफटी टीम के सदस्यों को दुर्गा पूजा के पहले प्राप्त सभी आवेदनों की स्क्रूटनी समाप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## मजदूरों की समस्याओं को लेकर बैठक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के साथ मगध संघमित्रा क्षेत्र के प्रबंधन के साथ मजदूरों की समस्याओं को निराकरण को लेकर बैठक की गयी। बैठक में मगध जीएम नृपेंद्र नाथ, पीओ एस सत्यनारायण, मगध कार्मिक प्रबंधक अभिषेक आनंद उपस्तिथ थे। मगध परियोजना कार्यालय में जिसमें यूनियन के द्वारा पुरजोर तरीके से विभिन्न मांग को उठाया, जिसमें 1 नवंबर को सभी कामगारों को प्रमोशन दिया जाये, और क्वार्टर दिया जाये, हजारीबाग से ड्यूटी हेतु बस चलाया जाये,और अस्पताल का निर्माण कराया जाये, और यहां पर डीपीएस स्कूल खोला जाये, बैंक, इंजीनियरिंग कॉलेज, समय पर सभी कामगारों को जूता टोपी तोलिया दिया जाये इत्यादि मांग शामिल जिसमे यूनियन के नताओं ने प्रबंधन के साथ वार्ता हुई। इस मौके पर यूनियन की ओर से मुख्य रूप से सीसीएल सचिव जेसीएसी सदस्य ललन प्रसाद सिंह, मगध संघमित्रा क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव मोहम्मद जहुर, मगध परियोजना के अध्यक्ष खुर्शीद आलम, जीएम यूनिट के सचिव प्रेमचंद कुमार, वसीम अख्तर, सुजीत कुमार सिंह, बुधन साव, क्षेत्रीय अध्यक्ष मिनिंद्र कुमार सिंह, और राजेश्वर नोनिया समेत कई उपस्थित थे प्रबंधन की ओर से मगध संघमित्रा के महा प्रबंधक नृपेंद्र नाथ, परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायण, वरीयकर्मिक प्रबंधक अभिषेक आनंद, कोलियरी मैनेजर इकराम, डिस्पैच ऑफिसर ओझा, इत्यादि उपस्थित थे प्रबंधन ने सभी मांगों को बहुत जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

# अपराधियों ने कर्मियों को बनाया बंधक, एक लाख ले भागे

## एटीपी मशीन को किया क्षतिग्रस्त, एसडीओ ने ओपी में दिया आवदेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू ।** ओपी क्षेत्र स्थित विद्युत प्रशाखा कार्यालय बीआरएल, रांची रोड में सोमवार रात्रि लगभग एक बजे हथियार बंद नकाबपोश अपराधकर्मियों ने दो कर्मियों को बंधक बनाकर एटीपी मशीन क्षतिग्रस्त कर एक लाख रुपया नगद लूट कर फरार हो गये। इस संबंध में विद्युत अवर प्रमंडल कुजू क्षेत्र के सहायक विद्युत अभियंता वीरेंद्र उरांव ने स्थानीय ओपी में आवेदन दिया है। उन्होंने कहा है कि सोमवार की देर रात लगभग एक दर्जन हथियारों से



लैश नकाबपोश अपराधियों ने पावर सबस्टेशन में रात्रि पाली में कार्यरत तकनीकी सहायक चामू मुंडा और मानव बल बॉबी कुमार महतो को हथियार के बल पर अपने कब्जे में कर लिया। जिसके बाद उनके साथ मारपीट करते हुए उनका हाथ पैर बांधकर अपराधियों ने प्रशाखा कार्यालय की कुंडी को तोड़कर उसमें रखे एटीपी मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया।

साथ ही, एटीपी मशीन के लॉकर में ग्राहकों द्वारा जमा किये गये बिजली बिल भुगतान राशि एक लाख 16 हजार 3 सौ 90 रुपये लूटकर फरार हो गये। घटना की जानकारी अहले सुबह विद्युत कर्मी चंद्रमोहन महतो द्वारा दूरभाष पर दी गयी। इसके बाद घटना की सूचना अधिकारियों को देते हुए कनीय विद्युत अभियंता रांचीरोड के विनोद कच्छप के साथ मौके पर पहुंचने पर एटीपी मशीन को टूटा पाया। इस संबंध में उन्होंने ओपी प्रभारी से उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर कुजू पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में एसडीओ ने बताया कि कार्यालय में लगे एटीपी मशीन को अपराधियों ने तोड़ कर नगदी ले भागे। वही, क्षतिग्रस्त मशीन का नुकसान का आकलन अब तक नहीं किया जा सका है।

## जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की बैठक

# 7998 योजनाओं का किया गया अनुमोदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** प्रशिक्षण सह कौशल विकास केंद्र में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सूबे के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह, बड़कागांव विधायक सुश्री अंबा प्रसाद, सिमरिया विधायक किशुन दास उपस्थित थे। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया। बैठक में जिले में DMFT मद से निर्माण करायें जा रहे योजनाओं की समीक्षा की गयी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके साथ ही अनेक महत्वपूर्ण नयी योजनाओं की स्वीकृति भी दी गयी। इस मौके पर उपायुक्त अबू इमरान, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी के अलावा सभी कार्यालय प्रधान, प्रखंड विकास



### हंटरगंज के प्रमुख ने उठाये जवलंत मुद्दे

हंटरगंज / चतरा। प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना को लेकर जिला में आयोजित बैठक में जोरी हाइ स्कूल का जमीन का विवाद को लेकर जल्द सुलझाने और विद्यालय भवन निर्माण को लेकर बैठक में रखा। इसके अलावा हंटरगंज पशु चिकित्सालय के जर्जर भवन के बदले नया भवन बनाने की मांग की। इसके अलावा जोरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एम्बुलेंस की व्यवस्था नही रहने पर खेद व्यक्त करते हुए एम्बुलेंस की जल्द व्यवस्था करने की मांग की।

पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे। बैठक में पूर्व से संचालित परियोजनाओं का प्रगति प्रतिवेदन की बिंदुवार जानकारी दी गयी। वहीं अनुमोदन के लिए प्रस्तावित योजनाओं को एक-एक कर प्रस्तुत किया गया। साथ वितीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक कार्य योजना पर भी चर्चा की गयी। इसके अलावा शासी परिषद द्वारा अन्य योजनाओं पर भी सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। जिससे योजनाएं धरातल पर आ सके। बैठक में निम्नलिखित प्रस्तावित योजनाओं की सर्वसम्मति से प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।

**भौतिक आधारभूत संरचना:** चतरा हेरूआ डैम से बस स्टैंड तक पथ चौड़ीकरण कार्य, आकाशवाणी केंद्र से हरलाल तालाब होते हुए महिला कॉलेज तक पीसीसी पथ और पुलिया निर्माण, नगर परिषद चतरा मनीष लाल के घर से देवकी यादव के घर तक गार्डवाल और नाली निर्माण, ग्राम पंचायत सचिवालय तक पहुंच पथ का निर्माण, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच पथ का निर्माण, सभी प्राथमिक मध्य/उच्च विद्यालय/+2 विद्यालय तक पहुंच पथ का निर्माण, सभी आवासीय विद्यालय तक पहुंच पथ का निर्माण, चतरा-बगरा पथ से मॉडल कॉलेज चतरा तक पथ और पुलिया का निर्माण, ब्रिज और पीसीसी पथ का निर्माण, ग्राम चिल्हिया पंचायत-तुलबुल प्रखण्ड-कान्हाचट्टी में डुमरीतरी में छतिग्रस्त पुल का निर्माण समेत कुल 7998 योजनाओं का अनुमोदित किया गया है।

## पीड़ित दलित परिवार से मिले बिहार के पूर्व मंत्री संतोष सुमन

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री संतोष सुमन हंटरगंज के खूंटीकेवाल गांव पहुंचे। जहां पूर्व मंत्री संतोष सुमन हंटरगंज के व्यवसायी के घर घटना के शिकार हुए बच्ची के पीड़ित परिवार से मिले। इस दौरान संतोष सुमन ने पीड़ित परिवार से घटना की पूरी जानकारी लिया। संतोष सुमन ने बताया कि यह घटना एक अमानवीय घटना है। इसकी जितना भर्त्सना की जाये कम है। संतोष सुमन ने बताया कि दलित बेटी को किसी भी कीमत पर इंसाफ दिलाया जायेगा। आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जायेगी। पूर्व मंत्री संतोष सुमन के काफिले में मनोज भुइया, जय राम भारती, राजा भारती, बाढ़ो भारती सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## खुदरा सब्जी विक्रेता संघ ने निकाला जुलूस, छावनी परिषद और जिला प्रशासन का किया विरोध

# हमारी मांगों की अनदेखी हुई, तो बड़ा आंदोलन : नीरज मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन न्यू बस स्टैंड रामगढ़ कैंट के खुदरा सब्जी विक्रेताओं के द्वारा मंगलवार को छावनी परिषद और जिला प्रशासन के विरोध में काला बिल्ला लगाकर मौन जुलूस निकाला गया। न्यू बस स्टैंड सब्जी मंडी से जुलूस पैदल चलकर सुभाष चौक, छावनी परिषद कार्यालय होते हुए न्यू बस स्टैंड सब्जी मंडी जॉन मे आकर समाप्त हुई। मौके पर संघ के अध्यक्ष नीरज मंडल ने कहा कि हमलोगो ने कई बार छावनी परिषद और जिला प्रशासन को लिखित रूप में मांग पत्र सौंपा है। किंतु कोई भी पहल ना तो छावनी परिषद और ना ही जिला प्रशासन के द्वारा किया गया। जिसके कारण हमलोग बाध्य होकर जिला प्रशासन और छावनी परिषद के विरोध में काला बिल्ला लगाकर मौन जुलूस निकालकर विरोध जता रहे है।

छावनी परिषद और जिला प्रशासन का नींद नहीं खुला तो फुटबॉल ग्राउंड के किनारे लगायेंगे दुकान

मौके पर संघ के सचिव संजय कुशवाहा ने कहा कि यदि छावनी परिषद और जिला प्रशासन इस पर भी नींद से नहीं जागती है तो 19 तारीख से हम लोग फुटबॉल ग्राउंड के किनारे खुदरा सब्जी




दुकान लगाने का कार्य करेंगे। जिसकी सारी जवाब देही जिला प्रशासन, छावनी परिषद रामगढ़ कैंट की होगी। क्यूंकि पूर्व में लिखित रूप से हमलोग ने जिला प्रशासन ओर छावनी परिषद को संज्ञान में दे चुके हैं।

रामगढ़ बचाओं संघर्ष समिति ने आंदोलन का किया समर्थन

आंदोलन में समर्थन करने आये मुख्य रूप से रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटुस, ने कहा कि खुदरा सब्जी विक्रेताओं की मांगे जायज है। मैं और हमारी पूरी टीम इनका समर्थन करते है। इनके कंधे से कंधे मिलाकर चलने का कार्य करेगी।

जुलूस में कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, कोषाध्यक्ष राजा सोनकर, मुकेश कुमार, राम परवेश साव, अजय कुमार,बसंत कुमार, संदीप कुमार, नंदू महतो, शशी कुमार, उमेश साव, जय वीर महतो, बबलू सोनकर, धर्मेन्द्र साव, लेखनाथ महतो, उमेश साव, प्रितम कुमार, सोनू महतो, सबिता देवी, झलकी देवी, तारा देवी, जानकी देवी, जमुना देवी, फूल कुमारी, रीना देवी, जीरा देवी, सहित सैकड़ों महिला पुरूष मौजूद थे।


E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001
Ref.:- 1982 Date: 17.10.2023
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. invites EoI from interested bidders for selection of **Group Term Insurance Plan** for employees of Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of Quotations: 26-10-2023 till 12:00 Noon
For eligibility criteria and other details, please visit website: http://www.jscb.gov.in
Sd/- CEO, JSCB, Ranchi


## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना उज्ज्वला की प्राथमिकता: जगेश्वर प्रजापति



**कुजू (आजाद सिपाही)।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना उज्जवला फाउंडेशन की पहली प्राथमिकता है। फाउंडेशन का लक्ष्य जल्द ही जुड़े सदस्यों को आर्थिक सहयोग के रूप में दिखने लगेगा। उक्त बातें उज्ज्वला फाउंडेशन के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने मोतीराम काम्प्लेक्स, बोंगावार में अंगवस्त्र वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने सदस्यों को नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। इस दौरान जगेश्वर प्रजापति ने फाउंडेशन से जुड़े क्षेत्र के मांडू, आरा-सारूबेडा, करमा के 21 सदस्यों को अंग वस्त्र स्वरूप साड़ी का वितरित किया। मौके पर सुखदेव सोनी, डिंपल प्रजापति, पिंटू प्रजापति, आशा कुमारी, अनिता देवी, सुमन देवी, वीना कुमारी, मन्सरी देवी, पूनम देवी, सावित्री, संध्या, मुनिता, लक्ष्मी, सोनी, प्रियंका, पारो, स्वाति, कुसुम, सरिता, सविता, प्रमिला, रीना आदि शामिल रहे।

## नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की हुई पूजा-अर्चना



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीणें क्षेत्रों के मंडप, मंदिर व घरों में नवरात्रि महापर्व के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालु भक्तों ने पूरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा की नव शक्तियों का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना किये। साथ ही अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना किये। संध्या में माता की आरती की गयी। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा के दौरान मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। नवरात्र को ले कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। क्षेत्र के जवाहर नगर, बिरसा चैक, ग्लास फैक्सी, थाना मैदान, रिभर साईड शास्त्री पार्क, नेहरू पार्क व गांधी पार्क, सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सेंट्रल सौंदा, लपंगा, पटेलनगर, चैनगडा, बलकुदरा, लबगा, बौनर धौड़ा, शितला मंदिर आदि क्षेत्रों में पूजा पंडाल निर्माण का कार्य जोरशोर से चल रहा है। इधर सयाल मोड़ भुरकुंडा स्थित मां शीतला मंदिर में पुरोहित राम कुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना करायी गयी। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में कन्या पूजन का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां दुर्गा के नौ रूपों की भव्य आरती एवं पूजन कर किया। जिसमें कक्षा नर्सरी से प्रथम तक की कन्याओं का पूजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव शंकर लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी और आचार्य-दीदी जी के द्वारा सभी कन्याओं के पैर पखारे गये। उनका श्रृंगार किया गया तथा फल उपहार और द्रव्य की दक्षिणा भेंट किया गया। कन्याओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों को धारण कर विद्यालय में भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। सभी को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में अंजू कुमारी, रीता तिवारी, बबीता कुमारी, अनीशा रंजन, कुमारी शालू, सोमा चाकी, बबीता रानी, वीणा कुमारी, दयाशंकर उपाध्याय, श्रीकांत द्विवेदी, प्रवीण कुमार राय, दुर्गेश कुमार आदि सभी आचार्य दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

## रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति ने की कुलपति और कुलसचिव से मुलाकात



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति का एक प्रतिनिधिमंडल विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति और कुलसचिव से मिलकर रामगढ़ कॉलेज जमीन की चारदिवारी और नापी कराने की मांग किया। साथ ही लिखित ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि सार्वजनिक रास्ते के कारण कॉलेज के छात्र असुरक्षित महसूस कर रहे है। कॉलेज कैंपस सुरक्षित किया जाये और चारदीवारी कराया जाए। आसामाजिक तत्वों का एक अड्डा बन चुका है। आये दिन कोई ना कोई घटना होती रहती है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर कर रहे थे। मौके पर आदिवासी छात्र संघ के विश्वविद्यालय संयोजक रमेश करमाली, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के हजारीबाग के नॉलेज सिंह, संगठन मंत्री विक्रम राठौर, पंकज मेहता, दीपक मेहता, बाबूलाल मेहता, सुदीप कुमार, सचिन कुमार, अमित माली, नवीन कुमार, राजेश दास, रवि शंकर कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## रूट्स माउंट स्कूल में अभिभावक और शिक्षक की बैठक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सेवटा स्थित रूट्स माउंट एमइओ स्कूल में अभिभावक व शिक्षक की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता स्कूल निदेशक अखिलेश कुमार सिंह ने की। बैठक में निदेशक अखिलेश सिंह ने मौजूद अभिवावकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में चर्चा करते हुए हमेशा सहयोग करने की बात कही। वही, शिक्षकों ने भी अभिभावकों को विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा संबंधी जानकारियां प्रदान की। साथ ही, अभिवावक को आश्वस्त करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा के प्रति स्कूल परिवार सजग और कटिबद्ध है। विद्यालय बच्चों के सुनहरा भविष्य बनायेगी। मौके पर अभिवावक समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।


शपथ-पत्र

शपथ पत्र संख्या 7774 दिनांक 01.06.2023 के अनुसार **मैं, लवली कुमारी**, पिता- बंधु गंझू, उम्र लगभग 24 वर्ष, जाति-बेदिया, धर्म-हिन्दु, पेशा-गृहणी, राष्ट्रीयता-भारतीय, निवास स्थान ग्राम-पोचरा, पो.- बरकाकाना, थाना-पतरातु, जिला- रामगढ (झारखंड) शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूं कि:-

1. यह कि मेरा सही वो वास्तविक नाम लवली कुमारी है।
2. यह कि मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों में मेरा वास्तविक नाम लवली कुमारी दर्ज है वो आधार नं.- 8623 5079 8869 में आरोही सिंह पिता बंधू गंझु दर्ज है।
3. यह कि लवली कुमारी वो आरोही सिंह पिता बंधु गंझू दोनों नाम एक ही महिला का है जो मैं स्वयं हूं एवं लवली कुमारी के नाम से ही जानी जाउंगी।
4. यह कि मैं यह शपथ संबंधित विभाग में दाखिल करने हेतु बना रही हूं।

# बेकाबू नहीं हों हालात

हमास के आतंकी हमले के बाद इस्राइल ने बाकायदा जंग का एलान कर दिया है और गाजा पर जल, थल, वायु- तीनों रास्तों से भीषण हमले की तैयारी कर रहा है। हालांकि, जवाबी कार्रवाई तो उसने हमले के दिन से ही शुरू कर दी थी। इस बीच अंतरराष्ट्रीय हलकों में इस्राइली हमले के संभावित नतीजों को लेकर चिंता की लकीरें गहरी होती दिखने लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने हमास और इस्राइल दोनों के नाम अपीलें जारी की हैं। उन्होंने हमास से कहा है कि वह सभी बंधकों को फौरन बिना शर्त रिहा कर दे और इस्राइल से अनुरोध किया है कि वह गाजा पट्टी तक मानवीय सहायता की अबाधित पहुंच सुनिश्चित करे। उनकी अपीलों का कितना असर होता है, यह देखना बाकी है, लेकिन सबकी असल चिंता इस्राइल की संभावित कार्रवाई को लेकर है। ध्यान रहे, आतंकी हमला होने के बाद लगभग पूरी दुनिया ने हमास के कृत्य की निंदा की थी और आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में एक स्वर से इस्राइल को समर्थन दिया था। लेकिन इस्राइल जिस तरह के कदमों की तैयारी कर रहा है, उसमें आशंका है कि हमास और आम फलस्तीनी आबादी का फर्क कहीं मिट न जाए। यही वजह है कि पीएम नरेंद्र मोदी के ट्वीट के जरिए आतंकवाद के सवाल पर इस्राइल को पूरा समर्थन देने के बाद जब विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया जतायी, तो उसमें एक स्वतंत्र और संप्रभु फलस्तीन बनाने की दिशा में बातचीत की भी जरूरत बतायी गयी। यही नहीं आतंकी हमले के बाद से ही इस्राइल की जवाबी कार्रवाई को उसका अधिकार बताने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के स्वर भी कुछ बदले दिख रहे हैं। उन्होंने जहां यह भरोसा जताया है कि इस्राइल युद्ध संबंधी नियमों का पालन करेगा, वहीं यह चेतावनी भी दी है कि गाजा पर इस्राइल का दोबारा कब्जा हुआ, तो वह बड़ी भूल होगी। साफ है कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी की ओर से परोक्ष तौर पर ही सही लेकिन इस्राइल के लिए लक्ष्मण रेखा खींची जा रही है। यह जरूरी इसलिए भी है कि कार्रवाई एक बार शुरू हो गयी, तो वह कितना लंबा चलेगी और उसमें किसका कितना नुकसान होगा इस बारे में अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। इससे भी बड़ी बात यह कि इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सबसे बड़ा डर है कि इसका असर अन्य क्षेत्रों में न फैले। फिलहाल अमेरिका समेत तमाम ताकतें कोशिश कर रही हैं कि इसमें किसी और प्लेयर की एंट्री न हो। लेकिन आम फलस्तीनियों के जान-माल का बड़ा नुकसान पूरे खाड़ी क्षेत्र के लोगों को उद्वेलित कर सकता है, जिसके बाद हालात को काबू में रखना ज्यादा से ज्यादा मुश्किल होता जायेगा। बहरहाल, अभी तो सब कुछ इसी बात पर निर्भर करता है कि इस्राइली नेतृत्व इस कठिन समय में कितनी समझदारी दिखाता है। उम्मीद की जाए कि वह दुनिया के सामूहिक विवेक को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ेगा।

**इस्राइल की जवाबी कार्रवाई को उसका अधिकार बताने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के स्वर भी कुछ बदले दिख रहे हैं। उन्होंने जहां यह भरोसा जताया है कि इस्राइल युद्ध संबंधी नियमों का पालन करेगा, वहीं यह चेतावनी भी दी है कि गाजा पर इस्राइल का दोबारा कब्जा हुआ, तो वह बड़ी भूल होगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**महिलाओं द्वारा राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा करते हुए मोदी सरकार ने संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए प्रतिबद्ध होकर नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद में पारित कराया है। ऐसा कहा जाता है, सरलता में ही सुंदरता है, और यही स्थिति इस बात में दिखाई देती है कि केंद्र और राज्य स्तर पर प्रतिनिधि संस्थानों में महिलाओं की उचित भागीदारी निर्धारित करने वाले महिला आरक्षण विधेयक को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में लागू होते हुए देखने में इस देश की महिलाओं ने 27 वर्षों तक इंतजार किया है।**

# नारी शक्ति के नये युग का स्वागत



**अर्जुन राम मेघवाल**




लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी उल्लेखनीय बदलाव के लिए सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय विशेष महत्व रखता है। यह समावेशी बदलाव लाने की सामूहिक भावना को दर्शाता है। हाल ही में भारत ऐसे ऐतिहासिक निर्णयों का साक्षी बना है, जिनकी गूंज विश्व भर में सुनायी दे रही है, इनमें से एक है भारत की अध्यक्षता में आयोजित किये गये जी-20 शिखर सम्मेलन में सभी सदस्य देशों द्वारा दिल्ली घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार करना तथा दूसरा है नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना। एक बार फिर, जबकि वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य अनेक संदर्भों में भारी उथल-पुथल का सामना कर रहा है, उसी दौर में लोकतंत्र की गौरवमयी जननी भारत के मुकुट में एक और रत्न जुड़ गया है।

नये संसद भवन के पहले विधायी एजेंडे ने यह माहौल बना दिया है कि महिलाओं के नेतृत्व में राष्ट्र की विकास यात्रा को और अधिक तेज गति प्रदान की जा सकती है। महिलाओं द्वारा राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा करते हुए मोदी सरकार ने संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए प्रतिबद्ध होकर नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद में पारित कराया है। ऐसा कहा जाता है, सरलता में ही सुंदरता है, और यही स्थिति इस बात में दिखाई देती है कि केंद्र और राज्य स्तर पर प्रतिनिधि संस्थानों में महिलाओं की उचित भागीदारी निर्धारित करने वाले महिला आरक्षण विधेयक को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में लागू होते हुए देखने में इस देश की महिलाओं ने 27 वर्षों तक इंतजार किया है। बहुत ही सरल रूप में हम यह कह सकते हैं कि नारी शक्ति जो आधी आबादी का गठन करती है, की लोकतांत्रिक प्रतिनिधि संस्थानों में हिस्सेदारी न्यूनतम थी और यह स्थिति प्राकृतिक नियम के विरुद्ध थी। बाध्यकारी सामाजिक मान्यताओं ने निर्णय की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को सीमित कर दिया तथा समाज द्वारा लिये गये निर्णयों का अनुपालन करने के लिए वह काफी हद तक बाध्य कर दी गयीं। इन चुनौतियों के बीच, इस दृष्टिकोण के विरोध में अनेक अपवाद सामने आये, महिलाएं अपने पर थोपी गयीं बाध्यकारी वर्जनाओं से बाहर निकलीं तथा आज के समय में महिलाओं ने हर क्षेत्र में देश को गौरवान्वित किया है। अब मोदी सरकार ने इस नैतिक कर्तव्य को सम्मानपूर्वक प्राथमिकता दी है तथा शीर्ष निर्णयकर्ता के रूप में महिलाओं की भूमिका को मान्यता देकर एक ऐतिहासिक गलती को दुरुस्त करने की दृढ़ इच्छाशक्ति दिखायी है। विधायी क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम द्वारा प्रस्तावित लैंगिक न्याय महिलाओं के सम्मान को समग्र रूप में बल प्रदान करेगा तथा संतुलित नीति निर्माण के लिए समुचित परिस्थिति सृजित होगी।

**वर्तमान समाज की पुरुष प्रधान मानसिकता में तेजी से बदलाव आ रहा है।**

यह एक विडंबना परंतु सत्य है कि संयुक्त राज्य अमेरिका को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद महिलाओं को समान मतदान का अधिकार देने में 144 साल लग गये। ब्रिटेन में महिलाओं को मताधिकार उनके द्वारा दृढ़ निश्चय पूर्वक दशकों तक मताधिकार की एक बड़ी लड़ाई लड़ने तथा एक विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद उत्पन्न हुई परिस्थितियों में दिया गया। हमारे पूर्वज दूरदर्शी थे और उन्होंने आजादी के तुरंत बाद महिलाओं के लिए मतदान का अधिकार सुनिश्चित किया। अब देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष पूरे होने पर मनाये जा रहे अमृत महोत्सव के युग को चिह्नित करते हुए भारत ने महिलाओं के लिए मताधिकार सुनिश्चित करने से आगे बढ़ते हुए उनके लिए संसद और विधान सभाओं में प्रतिनिधित्व का अधिकार भी सुनिश्चित किया है।

पूज्य बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में 25 नवंबर 1949 को दिये गये अपने ऐतिहासिक भाषण में बोलते हुए विशेष रूप से यह पूछा था कि कब तक हम विरोधाभासों का यह जीवन जीते रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने देश को सामाजिक तथा आर्थिक असमानताओं के प्रति आगाह किया था। पिछले 9 वर्षों के दौरान मोदी सरकार द्वारा देश के निर्धन वर्ग के लोगों तथा आम जनता के कल्याण को ध्यान में रख कर लागू की जा रही नीतियों से उन विरोधाभासों को समाप्त किया जा रहा है। इस बात का यह प्रमाण है कि इस अवधि के दौरान देश के 13.5 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आ गये हैं। ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यक्ति, एक वोट तथा एक मूल्य की भावना को साकार करने की दिशा में उठाया गया एक और कदम है।

एक अन्य दृष्टिकोण के आधार पर भारतीय दार्शनिक मूल्यों से हमें यह ज्ञात होता है कि स्त्री और पुरुष गुणों का सही संतुलन आंतरिक शांति, सद्भाव एवं व्यक्तिगत संतुष्टि प्रदान करके आत्म-साक्षात्कार की स्थिति उत्पन्न करता है। भौतिक दुनिया में, यही स्थिति सामाजिक ताने-बाने को मजबूत कर सकती है तथा इस धरती को मानव जाति के रहने के लिए एक सुंदर स्थान बनाने की दिशा में हमारे शेष लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम सामूहिक लक्ष्यों की प्राप्ति तथा मानवता के कल्याण के लिए महिलाओं में मौजूद उनकी ईश्वर प्रदत्त क्षमता का कितना उपयोग कर सकते हैं। महिलाओं में मौजूद दृढ़ता, रचनात्मकता, त्याग, ममता, करुणा, दया, समर्पण तथा विश्वास जैसे सहज गुण उन्हें नेतृत्व करने की विशिष्ट क्षमता प्रदान करते हैं तथा इसके लिए उन्हें शीर्ष प्रबंधन स्कूलों एवं विश्वविद्यालयों से नेतृत्व पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र लेने की आवश्यकता नहीं है। बस आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें उनका उचित स्थान दिया जाये तथा ऐसा करने मात्र से ही उनके क्षमता निर्माण को व्यापक बल मिलेगा तथा वे दूसरों द्वारा अनुकरण के लिए एक आदर्श मॉडल भी बनेंगी।

संविधान (128वां संशोधन) अधिनियम मोदी सरकार के लिए कोई राजनीतिक कदम नहीं है, बल्कि यह विश्वास का प्रतीक है। जुलाई 2003 में, भाजपा ने रायपुर में आयोजित की गयी राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में संसद तथा राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का एक प्रस्ताव पारित किया था। बाद में पार्टी द्वारा संगठन स्तर पर इस प्रयास को अमल में लाया गया तथा इसे अपने घोषणा पत्र में भी शामिल किया गया। अब यह पूरे देश के लिए बदलाव का एक माध्यम बन गया है। संसद का विशेष सत्र बुलाना तथा सर्वसम्मति-आधारित निर्णय के लिए सभी राजनीतिक दलों को राजी करना एक कठिन कार्य था, जिसे सरकार ने इस विषय की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए काफी सावधानीपूर्वक किया है। पहले इस नेक काम का विरोध करने वाले कुछ राजनीतिक दलों का इस विधेयक के लिए सहमत होना उनकी इच्छा से नहीं हुआ है बल्कि ऐसा करना उनकी राजनीतिक मजबूरी है। पुराना संसद भवन संविधान निर्माण की प्रक्रिया तथा अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण का साक्षी रहा है और अब संसद का यह नया मंदिर आज लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हमारे जीवंत संविधान की छत्रछाया में सत्ता में महिलाओं की उचित भागीदारी का साक्षी बन रहा है।

भारत की अध्यक्षता में हाल में संपन्न जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया है कि वैश्विक चुनौतियों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए भारत काफी मायने रखता है। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है तथा इसके साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने पर लोक सभा एवं राज्यों की विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का अनुपात वर्तमान के 15% से बढ़कर 33% हो जायेगा तथा इस प्रकार हमारे देश के लोकतांत्रिक संस्थानों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का प्रतिशत वैश्विक औसत (26.7%) को पार कर जायेगा तथा दुनिया के कई विकसित राष्ट्रों की तुलना में काफी अधिक होगा। ऐसे अनेक ठोस उपायों को लागू करने से 21वीं सदी के दौरान देश को महिलाओं के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के संदर्भ में राष्ट्र के नजरिए में एक नया बदलाव आयेगा।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम, के प्रावधानों को लागू करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 82 के तहत पूर्व अपेक्षित संवैधानिक बाध्यता यह है कि महिलाओं के नेतृत्व वाले निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान करने के लिए पहले जनगणना तथा परिसीमन से संबंधित कार्य पूरे किये जायें। दृढ़संकल्पित मोदी सरकार संविधान की इस भावना के अनुरूप इस अधिनियम को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। तथापि, बदलाव की आहट अभी से पूरे देश में महसूस की जाने लगी है। वर्तमान समाज की पुरुष प्रधान मानसिकता में तेजी से बदलाव आ रहा है। आइए! हम सब मिल कर विकसित भारत के निर्माण के लिए नारी शक्ति नेतृत्व के इस उज्ज्वल युग का स्वागत करें।

**(लेखक : केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),संस्कृति एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री तथा बीकानेर से लोकसभा सांसद हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### हाइवा की चपेट में आने से नाबालिक की मौत, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

# महिलाओं ने कांड्रा थाने के समक्ष सड़क जाम किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले में सड़क दुर्घटना से आम लोग काफी परेशान है। कई परिवार के लोगो का सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। वहीं जिला प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अधिकारियों को कई निर्देश भी दी गई। हालांकि आदित्यपुर से सरायकेला जाने वाली मुख्य सड़क से रोजाना कंपनी में जाने वाली बड़ी वाहनों की कतार लगी रहती है। मुख्य सड़क के बगल में लगभग सर्विस रोड नही के बराबर है। जो भी सर्विस रोड है उसमें कंपनी के सामने वाहनों की पार्किंग बन चुकी है। मुख्य सड़क पर ज्यादातर बिजली के खम्बे में लाइट नही है। आखिर क्षेत्र में रहने वाले आम आदमी को आने जाने के लिए क्या सुविधा है यह भी जानने की जरूरत है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों को आगे आना होगा। उधर सड़क दुर्घटना में हो रही मौत से अब आकर्षित ग्रामीण सड़क पर उतर कर विरोध करने में मजबूर है। ताजा मामला सोमवार को कांड्रा थाना क्षेत्र का है। जहा कांड्रा गिद्दीबेड़ा की रहने वाली 14 वर्षीय छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। नाबालिक की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने कांड्रा थाना के सामने जमकर विरोध किया। ग्रामीणों के अनुसार कांड्रा थाना क्षेत्र में आए दिन कंपनियों में बड़ी वाहनों की आवागमन से सड़क दुर्घटनाएं हो रहे हैं। जिसपर पुलिस-प्रशासन मौन हैं। स्थानीय लोगों के पास चलने के लिए सड़क तक नहीं है।ग्रामीण मनरेगा में मजदूरी कर अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने के प्रयास करते है और उनके बच्चे ऐसे ही दुर्घटना में मौत के शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों की सड़क हादसे में अकाल मृत्यु हो रही है,लोग घायल हो रहे हैं। लेकिन पुलिस इस मामले पर गंभीर नहीं है। बल्कि कार्पोरेट के हाथों की कठपुतली बनी बैठी है। स्थानीय लोगों ने उक्त मार्ग से टोल वसूली पर भी सवाल खड़े किए। लोगों ने बताया उक्त मार्ग पर टोल वसूली की जाती है लेकिन सुविधा के नाम पर महज खाना पूर्ति की जाती है। ट्रैफिक पुलिस स्थानीय लोगों को ही परेशान करती है। जबकि बड़ी बड़ी गाड़ियों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया जाता है। पहले कांड्रा टोल में एंबुलेंस की सुविधा होती थी। लेकिन उसे भी हटा दिया गया।वही आक्रोशित लोगो ने मुआवजे की मांग को लेकर थाने में डटे रहे। हालांकि दुर्घटना के बाद पुलिस ने हाईवा को जप्त कर लिया।

### मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा का समापन आज

# पांच हजार ग्रामीण डीसी ऑफिस के सामने करेंगे प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** बीते दिनों बहरागोड़ा से निकले मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा तीसरे दिन जादूगोड़ा से निकल कर सुंदरनगर पहुची। मंगलवार को सुंदरनगर नादूप आदिवासी मित्र मंडल में रात्रि विश्राम करेंगे। वही बुधवार सुबह मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा सात सूत्री मांगो को लेकर डीसी कार्यालय पहुच कर समाप्त होगी। जिलाध्यक्ष सह मानकी रोशन पूर्ति के नेतृत में चार दिवसीय पदयात्रा में लगभग पांच हजार ग्रामीण अपनी मांग को लेकर शांति पूर्वक शामिल है।बीते दिनों घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने जादूगोड़ा चौक में पदयात्रा में शामिल पदाधिकारी को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर मानकी मुंडा संघ के जिलाध्यक्ष सह मानकी रोशन पुरती ने कहा रूढ़िवादी स्वशासन व्यवस्था में मुंडा व मानकियों का कार्यक्षेत्र बहुत ही सीमित है। उनका काम गाँव और पीड़ में विधि व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाना, थाना स्तर पर पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित करना है। ताकि गांव वालों को बेवजह पुलिस के परेशानी का सामना न करना पड़े।ज्यादातर झगड़े गांव के स्तर पर सुलझा लेते है। लेकिन वास्तविकता यह है कोल्हान के अधिकतर मामला चाईबासा कोर्ट में लंबित हैं। हमलोग वकीलों का भरण पोषण कर रहे हैं। यह स्थिति मुंडा -मानकी द्वारा चलाये जाने वाले स्वशासन व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह अवश्य उठाता है। दूसरा महत्वपूर्ण बात है मालगुजारी जमा करना। सभी जमीन के खूंटकाटी मालिक मालगुजारी लगातार दे रहे हैं। यह भी सच नहीं है इसकी भी हालत बिजली - बिल नहीं जमा करने जैसी ही है। इसलिए स्वशासन व्यवस्था यहां भी पीछे है। अब यह सवाल उठता है उपर्युक्त कामों के अलावे पंचायत व्यवस्था में मुंडामानकियों को और क्या काम करना है पेसा कानून का ड्राफ्ट झारखण्ड सरकार ने पहले ही लोगों की प्रतिक्रिया के लिए किया था। जिसकी समय सीमा समाप्त हो चुकी है।

क्या मुंडा -मानकी उस ड्राफ्ट के प्रावधानों से परिचित हैं उस प्रावधान में तो ग्राम - सभा को प्रमुखता दी गयी है। मुंडा ग्राम सभा की बैठकों का सभापतित्व भी करता है। उन्होंने कहा फिलहाल पदयात्रा कर मानकी मुंडा की सात सूत्री मांग पत्र सौपा जायेगा। पदयात्रा में जिलाध्यक्ष रोशन पुरती, सुरा बिरुली, रूद्र नारायण सिंह, सदन गागराई, माणिक सरदार, पोल्टू सरदार, दुर्गा सिंह, डिगाम मुंडा, कोकण, सुनील, देवदास मुंडा, रतिकांत मुंडा, समय सिंह सहित सैकड़ो लोग शामिल है।

# कांग्रेस के कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए डॉ अजय, सैकड़ो युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कार्यकारी नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के नेतृत्व में बारीगोड़ा में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित मिलन समारोह में मुख्य अतिथि कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य सह पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार शामिल हुए। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अतिथि को माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर सैकड़ो युवाओ ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।मौके पर कई महिलाएं उपस्थित रही।युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ अजय ने कहा जिस तरह से देश में नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा और महंगाई भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं है। यह पूरी तरह से केंद्र सरकार की विफलता है। केंद्र के सरकार में महिलाएं भी सुरक्षित नहीं है। इसके लिए सभी को एक जुट होकर रहना होगा। मौके पर उन्होंने नए सदस्यों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान राहुल मिश्रा के नेतृत में सैकड़ो की संख्या में युवाओ ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर रामेश्वर प्रसाद, बब्लू झा, अफसर इमाम, चिंटू, शशि भूषण प्रसाद, राकेश साहू, आशीष ठाकुर, अभिजित सिंह, चंदवंशी, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन खरीदारी पर रोक लगाने के लिए चैम्बर ने 'चलो चलें बाजार अभियान' की पोस्टर का किया विमोचन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने ह्वोकल फॉर लोकल और ऑनलाईन खरीदारी से परहेज करने के लिए चलों चले बाजार अभियान की शुरूवात की। मंगलवार को चैंबर में शहर वासियों को ऑनलाईन खरीदारी से परहेज करने के लिए पोस्टर का विमोचन किया। मौके पर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया वर्तमान परिपेक्ष्य में स्थानीय दुकानदारों के समक्ष ऑनलाईन व्यापार एक चुनौती हो चुकी है। स्थानीय लोग दुकानें खरीदकर या किराये पर लेकर भारी मात्रा में स्टॉक रखते हैं। साथ ही अपने कर्मचारियों को रोजगार उपलब्ध कराते हैं। ताकि उनके परिवार का भी भरणपोषण हो सके। इस तरह सभी दुकानदार राज्य व राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में अहम भागीदारी निभाते हैं। इसके लिए लोगो को प्राथमिकता देते हुये बाजार जाकर स्थानीय व्यापारियों से ही खरीदारी करनी चाहिए।महासचिव मानव केडिया ने कहा ऑनालाईन कंपनियां सरकार को बिना टैक्स चुकाये अपना व्यापार धड़ल्ले से चला रहे हैं। उनके द्वारा बेचे जाने वाले सामानों की कीमत थोड़ी कम होती है। लेकिन अधिकांशत सामानों में खराबी भी निकलती है। लोग परंपरागत स्थानीय दुकानदारों पर हावी हो रहे हैं। लेकिन लोगों को यह सोचना होगा स्थानीय दुकानदार हमारे दुख-सुख के साथी भी हैं।

# आवास के लिए केंद्र के भरोसे नहीं रहेगा झारखंड मिलेगा अबुआ आवास : मंत्री मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और टोला में स्थापित पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री ने पूजा पंडाल में पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से गढ़वा की सुख-समृद्धि, अमन-चैन एवं बेहतर विकास की कामना की। उन्होंने गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण प्रदेश वासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने सभी पूजा पंडालों में सहयोग राशि भी प्रदान किया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामलीला कार्यक्रम का मंत्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान रामलीला के कलाकारों को मंत्री ने सम्मानित भी किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर असुरी शक्तियों का विनाश किया। कहा जाता है कि जब मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया, तब वह समय आश्विन माह का था, इसलिए हर साल आश्विन माह की प्रतिपदा से लेकर पूरे नौ दिनों कर नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है, जिसे शारदीय नवरात्रि कहते हैं। शारदीय नवरात्रि सांसारिक इच्छाओं को पूरा करने वाली मानी जाती है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य में पहली बार जनता की चुनी हुई झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। राज्य की जनता ने झारखंड में देश का एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया है। सत्ता के लोभियों को यह बात हजम नहीं हो रही है। केंद्र झारखंड के विकास को अवरूद्ध करना चाहती है। यही कारण है कि राज्य से आठ लाख गरीबों के आवास स्वीकृत कर के केंद्र को भेजा गया है। परंतु केंद्र सरकार पैसा नहीं दे रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड अब आवास के लिए केंद्र के भरोसे नहीं रहेगा। झारखंड में अब अबुआ आवास राज्यवासियों को दिया जायेगा। वह भी पूरे तीन कमरा, लैट्रिन, बाथरूम एवं रसोई के साथ दिया जाएगा। उम्मीद है कि कल के कैबिनेट में यह पास भी हो जायेगा। राज्य सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। राज्य के सभी गरीब जनता को पक्का छत मिलेगा। दो साल के अंदर राज्य का कोई भी गरीब पक्का छत विहीन नहीं रहेगा। इसे ही जनता के प्रति जिम्मेवारी एवं संवेदन शीलता कहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ऐसी सोच है कि आने वाले समय में हम राज्य एवं राज्यवासियों को इतना समृद्ध बना देंगे कि राज्य की जनता खुद ही राशन कार्ड फाड़कर फेंक देगी व बाजार से खरीदकर अनाज खायेगी। मंत्री ने कहा कि वे जितनी तत्परता से क्षेत्र के विकास के लिए लगे रहते हैं आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने सोचा भी नहीं है। यही कारण है कि गढ़वा में आज चारो तरफ विकास की किरण दिखाई पड़ रही है। मौके पर मुख्य रूप से चंद्रचूड़ सिंह, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, फरीद खान, दिलीप गुप्ता, अरविंद यादव, संजय सिंह छोटू, शरीफ अंसारी, दीपमाला, फुजैल अहमद, अशर्फी राम, चंदा देवी, अराधना सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## छात्राओं ने शिक्षक पर लगाया क्रूरता पूर्वक पीटने और अभद्र भाषा का उपयोग करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**मंझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित सरकारी मिडिल स्कूल की छात्राओं ने शिक्षक पर क्रूरता पूर्वक पीटने एवम बच्चियों के मां बाप को अभद्र भाषा के साथ गली गलौज करने का आरोप लगाया है।

छात्राओं ने बताया कि की आपसी मामूली लड़ाई में कुछ छात्राओं ने स्कूल के मनोरमा मैडम से शिकायत की। जिसको लेकर मनोरमा मैडम के द्वारा हमलोग को न पीटकर या डाटकर शिक्षक गुडू त्रिपाठी को कॉल कर बुलायी और गुडू सर के द्वारा आते ही नवीं क्लास की छात्रा मंझिआंव कला निवासी अजय सोनी की लड़की सोनाली कुमारी को बाल पकड़कर केहूनी से पीठ पर मारने लगे। जिससे छात्रा दर्द से कराहने लगी। साथ ही सभी छात्रों ने बहुत सारे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा हमलोगों को धमकी देते हुए मां पिताजी को गाली गलौज भी किये। वहीं इस संबंध में शिक्षिका मनोरमा मैडम से पत्रकारों के समक्ष छात्राओं द्वारा लगाये गये आरोप को नकार दिया गया। वहीं इस संबंध में शिक्षक गुड्डू त्रिपाठी द्वारा अपने ऊपर लगे सभी आरोप को गलत बताते हुए कहा कि बच्चियों को बरगलाया गया है जो बहकावे में हमपे गलत आरोप लगा रही हैं। बच्चियां खुद मेरे पास कंप्लेन लेकर आयी हैं। वहीं आरोप लगाने वाले छात्राओं में नवीं वर्ग की पीहू, सुहानी, गायत्री, मुस्कान, अभिभावक लव सोनी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

### शिक्षक ने छात्रा को केहूनी से पीठ पर मारी

गुडू सर ने नवीं क्लास की छात्रा मंझिआंव कला निवासी अजय सोनी की लड़की सोनाली कुमारी को बाल पकड़कर केहूनी से पीठ पर मारा। जिससे छात्रा दर्द से कराहने लगी। साथ ही सभी छात्रों ने बहुत सारे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हमलोगों को धमकी देते हुए मां पिताजी को गली गलौज भी किये।

### शिक्षक ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को गलत बताया

वहीं इस संबंध में शिक्षक गुडू त्रिपाठी द्वारा अपने ऊपर लगे सभी आरोप को गलत बताते हुए कहा कि बच्चियों को बरगलाया गया है जो बहकावे में हमपे गलत आरोप लगा रही हैं। बच्चियां खुद मेरे पास कंप्लेन लेकर आयी थी।

## रेखा चौबे बनीं महिला बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा की विधायक प्रतिनिधि



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे को महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रेखा चौबे को मंगलवार को अपने आवास पर मनोनयन पत्र सौंपा। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि रेखा चौबे काफी कर्मठ एवं कर्तव्यनिष्ठ नेत्री हैं। इनके कुशल नेतृत्व में महिला और बच्चों का अधिकार बेहतर तरीके से प्राप्त हो सके। इसके लिए इन्हे इस विभाग का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदा, दीपमाला, आराधना सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## धुरकी के 48वें बीडीओ का अंचल अधिकारी ने लिया प्रभार, निवर्तमान बीडीओ को सम्मान के साथ की विदाई



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के निवर्तमान बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार मे अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी को अपना प्रभार सौपा। वहीं अंचल अधिकारी धुरकी 48वें बीडीओ के रूप मे प्रभार लिया। इस दौरान सर्वप्रथम अंचल अधिकारी ने निवर्तमान बीडीओ को अंगवस्त्र देने के बाद माला पहनाकर स्वागत किया। वही प्रखंड कर्मी और जनप्रतिनिधियों ने भी बारी-बारी से निवर्तमान बीडीओ को अंगवस्त्र और फुल का माला पहनाकर स्वागत किया, वहीं अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ जुल्फिकार अंसारी को बीडीओ का प्रभार सौपा। इस दौरान निवर्तमान बीडीओ ने कहा कि तबादला होना एक सरकारी प्रक्रिया है, सरकार के नियम के अनुसार आज यहां हैं तो कल वहां चले जायेंगे।

## झामुमो युवा मोर्चा कमिटी का विस्तार, कयी नये चेहरे को मिली जिम्मेदारी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झामुमो युवा मोर्चा रंका अनुमंडल कमिटी सहित रंका, रमकंडा एवं चिनियां प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू ने पदाधिकारियों का मनोनयन कर सूची जिला कमिटी को सौंप दिया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को अपने आवास पर सभी नवचयनित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी पदाधिकारी युवा एवं उजार्वान हैं। ये सभी संगठन को काफी मजबूती प्रदान करेंगे। जानकारी देते हुए युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री छोटू ने बताया कि रंका अनुमंडल कमिटी में पप्पू यादव को अध्यक्ष, बनारसी सिंह को सचिव, मनोज भुइंहर को संगठन सचिव, लालमोहन पासवान को कोषाध्यक्ष, एजाज अंसारी को मीडिया प्रभारी तथा विकेंद्र कोरवा, सुरेश कोरवा, राजकिशोर रवि, संतोष यादव, चंद्रशेखर सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है।मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अरविंद यादव, राजकिशोर यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अभिलेखों को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा, के प्रथम कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह द्वारा दिनांक 16.10.2023 को पदभार ग्रहण करने के साथ ही वनांचल एजुकेशनल और वेलफेयर ट्रस्ट के अधीन संचालित डेंटल कॉलेज, होम्योपैथिक कॉलेज, दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन, वनांचल स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस, और वनांचल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च के सभी विभागाअध्यक्ष के साथ बैठक की गयी और नए कुलपति ने संबंधित विभागों के अध्यक्षों से पाठ्यक्रम के संबंध में वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और सभी विभागध्यक्षों से संवाद के क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित परिचर्चा में कुलपति द्वारा नए पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और सभी विषयों के एपेक्स बॉडी द्वारा निर्देशित पाठ्यक्रम में संशोधन और नवाचार छात्रों के साथ पठन-पाठन में नयी तकनीक का प्रयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी शर्तों को पूरा करने के लिए अविलंब सुचारू रूप से क्रियाकलापों और संबंधित अभिलेखों को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर ओएसडी डॉ आरएस जायसवाल, होम्योपैथी कॉलेज के निदेशक डॉ एनके प्रसाद, अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा, दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन की प्राचार्य डॉक्टर सुनीता गुप्ता, डेंटल कॉलेज की उप प्राचार्या डॉक्टर सुकन्या राजन, कार्यवाहक कुल सचिव सह मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी श्री सुभाष कुमार, विकास प्रजापति और अन्य उपस्थित रहे।

## बच्चों को अवांछित घुमने पर अंकुश लगायें : निदेशक मदन केशरी

**जीएन कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी सह टर्म फर्स्ट परीक्षा फल का प्रकाशन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय जी एन कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी तथा टर्म-1 परीक्षा का प्रकाशन नवनिर्मित सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उप प्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वेलित कर और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। सभा को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि बच्चों मैं जीवन जीने के सलीके में बहुत बदलाव आ गया है। आज का नागरिक अपना जीवन अपने अंदाज में व्यतीत करना चाहता है। इसमें किसी का हस्तक्षेप करना उसे बिलकुल पसंद नहीं है। इस जीवन जीने की कला में वह अपनी जिम्मेदारियों से बचने का भी प्रयास कर रहा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव परिवार और समाज पर पड़ रहा है। हमें विशेषकर अभिभावकों और शिक्षकों का मार्गदर्शन बच्चों के जीवन जीने की शैली को बहुत हद तक प्रभावित करता है, हमें उनकी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाते हुए परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति उनके दायित्वों के प्रति भी जागरुक करना होगा। ऐसा नहीं करते है तो युवा पीढ़ी अपने जीवन और उनके दायित्वों के बारे में जिम्मेदार नहीं हो पायेंगे। आज का विद्यार्थी इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बहुत अधिक रुचि रखता है, लेकिन सुसंस्कारित नहीं है। अच्छे संस्कारों की कमी के कारण उठना, बैठना, बोलना, बड़ों का आदर सत्कार माता-पिता, गुरुजनों के सम्मान में रुचि नहीं रखता। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संजीव कुमार मुकेश भारती, उदय प्रकाश, अजय, निलम, सरिता, सुषमा तिवारी, शिवानी, सुनिता, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# व्यवसायियों से रंगदारी मांगनेवाला दो आरोपी गिरफ्तार

**शहर के व्यवसायियों में भय व्याप्त कर करता था वसूली की धंधा: दीपक कुमार पांडे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिले को भय मुक्त एवं अपराध मुक्त बनाने के कड़ी में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे लगातार ऐसे अपराध कर्मियों पर नकेल कसने का कार्य कर रहे हैं। बीते दिन भी लूट कांड की उद्वेदन कर अपराधियों को न्यायालय भेजने का कार्य किया वही आज व्यवसाईयों को धमकाने वाले गिरोह के मुख्य सरगना सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्य सरगना ऊंचरी निवासी सुहेल खान उर्फ सोनू खान एवं निमियाडीह गांव निवासी आशिक अंसारी के पास से एक रिवाल्वर, एक देशी पिस्तौल 6 जिंदा कारतूस काला रंग का बैग सहित विभिन्न कंपनी का कई मोबाइल व सिम कार्ड बरामद किया है। उक्त जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी है। उन्होंने बताया कि सुहेल खान, छोटू रंसाज के साथ आपराधिक घटनाओं का अंजाम दे रहा था। इस बीच दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। और दोनों अलग हो गए हैं। उसके के बाद से सुहेल अपना एक गिरोह तैयार कर गढ़वा और पलामू के व्यवसाय सहित बस स्टैंड के एजेंट को विहार के औरंगाबाद यूपी के दुद्धी में अपना ठिकाना बनाकर अलग-अलग जगह से धमकाकर लेवी वसूलने का काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि सुहेल खान पर गढ़वा सहित पलामू के मेदिनीनगर में करीब आठ मामले दर्ज हैं। जिसमें लूट धमकी सहित अन्य मामले शामिल है। उन्होंने बताया कि सुहेल पिछले कुछ दिनों से गढ़वा के कुछ व्यवसाय को धमकाया था। उसे दौरान करीब सुहेल करीब 20 लख रुपए की लेवी वसूली किया था। उक्त मामले में सुहैल पर जून और अगस्त माह में अलग-अलग थान में धमकाने लेवी वसूलने का प्राथमिक दर्ज हुआ था। उसी के आलोक में गढ़वा एसडीपीओ अवध कुमार यादव, बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में राजा पहाड़ी के पास से उक्त दोनों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी दल में बंशीधर नगर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, मझिआंव थाना प्रभारी विवेक पंडित, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण सिंह, अजीत कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार सिंह सहित आरक्षी व टेक्निकल सेल उपस्थित थे।


## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग द्वारा क्रमांक 1 का वित्तीय वर्ष 2023–24 (1 नवम्बर से 31 मार्च 2024 तक) के लिए बन्दोवस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन दिनांक **27.10.2023** को **1.00** अपराह्न बजे से निगम सभागार में आयोजित की जायेगी।

| क्रम | सैरात का नाम | अवधि | बन्दोवस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में वाहन पड़ाव। | 2023–24 | 50,000 / – | 10,000 / – |

– डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त नगर निगम, हजारीबाग के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा हजारीबाग में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।

– किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर निगम को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

– सफल डाकवक्ता द्वारा बिना नगर निगम कार्यालय के सहमति के स्वीकृत डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बन्दोबस्ती लेने से इन्कार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जायेगी।

– डाक की शेष नियम एवं शर्त्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 309398 (Urban Development and Housing)23-24*D

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं॰ 26 / 2023–24

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C. Road From H/o Arjun Ram to Prakash Mandal in Ward No. 09 under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag | 6,53,400.00 | 14,000.00 | 5,000.00 + 18% G.S.T | 03 Month |
| 2. | Repair of P.C.C Road from Vimla Sadan to H/o Shiv Mandir in Cooperative Colony in Ward No. 11 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 6,20,100.00 | 14,000.00 | 5,000.00 + 18% G.S.T | 03 Month |
| 3. | Construction Of P.C.C Road In Surya Nagar Near Forest Colony In Ward No. 13 (Thirteen ) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 2,07,900.00 | 5,000.00 | 1,000.00 + 18% G.S.T | 02 Month |
| 4. | Construction of P.C.C. Road and Repair of P.C.C Road from Mandap to H/o Ras Bihari Babu and from H/o Ras Bihari Babu to H/o Sunil in Ward No. 23 (Twenty Three) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 3,76,800.00 | 8,000.00 | 1,000.00 + 18% G.S.T | 02 Month |
| 5. | Construction of P.C.C Road from the House of Dr. Vijay Sharma to H/o Dheeraj in Ward No. 23 Under Municipal Corporation,Hazaribag | 6,86,700.00 | 14,000.00 | 5,000.00 + 18% G.S.T | 03 Month |
| 6. | Construction of P.C.C. Road From H/o Suprabhat to Das Babu in Green city in Ward No. 36 under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag | 9,17,400.00 | 20,000.00 | 5,000.00 + 18% G.S.T | 03 Month |
| 7. | Repair of P.C.C. Road from Old Collectorate office from both main gate towards Nigam office upgradation of Labour office Shed and Spreading of Stone Dust around the parking of Nigam Vehicle stand inside Campus of Nagar Nigam Hazaribag. | 6,61,600.00 | 14,000.00 | 5,000.00 + 18% G.S.T | 03 Month |
| 8. | Construction of PCC Road From H/o Vinod Singh to Damodar Pandey from H/o Vinod Singh to Vinod Saw near Lord budha school Hurhuru in ward no. 35 under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag | 4,08,800.00 | 10,000.00 | 1,000.00 + 18% G.S.T | 02 Month |
| 9. | Construction of PCC Road from H/o Kishori Saw to H/ Omprakash Pandey in Pandey Tola hurhuru in ward no. 35 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 1,82,600.00 | 5,000.00 | 1,000.00 + 18% G.S.T | 01 Month |
| 10. | Construction of PCC Road from H/o Dubey ji to H/o Narayan Prasad, from H/o Dubey Ji to H/o Sonaram in Ward No. 09 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 5,31,200.00 | 11,000.00 | 5,000.00 + 18% G.S.T | 03 Month |
| 11. | Construction of P.C.C. Road with R.C.C. Drain from the H/o jwahar Ansari to H/o Manoranjan Kumar in Ward No. 07 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 2,54,129.00 | 6,000.00 | 1,000.00 + 18% G.S.T | 02 Month |
| 12. | Construction of R.C.C. Drain from the H/o Ashok Saw to Dr. Prasad Clinic in Bank Colony in Ward No. 09 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 7,12,376.00 | 15,000.00 | 5,000.00 + 18% G.S.T | 03 Month |
| 13. | Construction of R.C.C Drain H/O Lakhiya devi To Chhotu Singh in Matwari near Petrol Pump in Ward No. 12 under Municipal Corporation, Hazaribag | 8,91,000.00 | 18,000.00 | 5,000.00 + 18% G.S.T | 03 Month |
| 14. | Construction of R.C.C. Drain with Cover Slab and steps in municipal market near post office chowk under Municipal Corporation, Hazaribag | 6,46,700.00 | 14,000.00 | 5,000.00 + 18% G.S.T | 03 Month |
| 15. | Construction of New R.C.C. Drain with Cover Slab from H/o Haji Khalil Ansari to H/o Manoj Sahay in Ward No. 22 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 5,67,600.00 | 12,000.00 | 5,000.00 + 18% G.S.T | 03 Month |
| 16. | Construction of RCC Drain with cover slab from H/o Baleshwar Ram to H/o Jagan Ram in Hurhuru ward No. 35 Under Municipal Corporation, azaribag | 3,23,100.00 | 7,000.00 | 1,000.00 + 18% G.S.T | 02 Month |
| 17. | Construction of RCC Drain with cover slab from land of Chandranath to Canal in Kadma Ward No. 23 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 4,68,600.00 | 10,000.00 | 1,000.00 + 18% G.S.T | 02 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 01.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | कार्यालय, उप–विकास आयुक्त, नया समाहरणालय, हजारीबाग दिनांक 03.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | कार्यालय, उप–विकास आयुक्त, नया समाहरणालय, हजारीबाग दिनांक 03.11.2023 को 2.00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक |
| 4. विज्ञापनदाता का पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, हजारीबाग। |

**नोट :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।**

PR.NO.309358 Urban Development and Housing(23-24):D

ह०/– कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, हजारीबाग।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 18 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


## क्षेत्रीय एथलेटिक्स के लिए इंटर कॉलेज की टीम रवाना



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा के आठ एथलीट्स क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगी। 17 से 19 अक्टूबर तक रजरप्पा विद्या मंदिर में आयोजित प्रतियोगिता के लिए मंगलवार को टीम रवाना हुई। टीम में गोला फेक में नैतिक राज और आकांक्षा पांडे, हैमर थ्रो में अभय साहू, 3000 मीटर दौड़ में पूनम कुमारी, हाई जंप में सुजल बाखला, ट्रिपल जंप और 200 मीटर दौड़ में नीलिमा कुमारी, भाला फेंक में अल्पना शैली उरांव तथा 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ और 1500 मीटर दौड़ में रोहित उरांव शामिल है। प्राचार्य उत्तर मुखर्जी ने शुभकामनाओं के साथ टीम को रवाना किया।

## डीसी ने इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को ईवीएम वेयरहाउस, लोहरदगा का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में गीता चौबे, विशेष कार्य पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, ईवीएम/वीवीपैट, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखण्ड, रांची भी उपस्थित रहीं। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम समेत निर्वाचन कार्यालय, लोहरदगा के कर्मी भी उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता हमें अनुशासन धैर्य से आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है: अरुण चौधरी



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वाधान में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2023 का आयोजन 15 व 16 अक्टूबर को 3 सी बोकारो इस्पात नगरी में संपन्न हुआ जिसमें झारखंड प्रांत के सभी विभागों से सफल हुए भैया/बहन ने इस स्टेट लेवल प्रतियोगिता के अन्य विषयों जैसे वैदिक गणित, कंप्यूटर, विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत, संस्कृत बोध, पत्र वाचन में भाग लिया। स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के 31 भैया/ बहन विभिन्न विषयों में स्टेट लेवल प्रतियोगिता में केवल शामिल ही नहीं हुए बल्कि प्रथम स्थान हासिल किया। कंप्यूटर विषय के विषयाचार्य रितेश रंजन गुप्ता ने बताया कि दशम कक्षा की छात्रा शांभवी सुहाना नम्रता सेन गुप्ता, अनन्या कुमारी ने 10 में से सभी 10 प्रश्नों का सही जवाब देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं अंग्रेजी, वैदिक गणित, विज्ञान, संस्कृत व पत्रवाचन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया । विद्यालय में इन सभी भैया /बहनों को वंदना स्थल पर सहभागिता पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने बताया की प्रतियोगिताएं हमें अनुशासन, धैर्य, संयम व आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है जो हमें सफलता की मार्ग को प्रशस्त करती है।

## बाल विवाह के खिलाफ कैंडल मार्च निकला गया



कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड क्षेत्र के गजनी गांव में देश भर में चल रहे 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत 16 अक्टूबर को मनाये गये बाल विवाह मुक्त भारत दिवस के मौके पर गैर सरकारी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के द्वारा लोहरदगा जिले में 500 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण- के आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में 20 से 24 आयुवर्ग के बीच की 23.3 प्रतिशत युवतियों का विवाह 18 वर्ष की होने से पहले ही हो गया था जबकि लोहरदगा जिले में 32 प्रतिशत लड़कियों का विवाह 18 वर्ष की होने से पहले हो गया था। मौके पर एलजीएसएस सचिव चंद्रपति यादव,केशव पाठक, सुधीर कुमार, संदीप रविदास, ग्राम प्रधान, मुखिया सुमन उरांव, सेविका बसंती उरांव, बिर्मनिया उरांव, जयश्री उरांव समेत सखी मंडल की भागीदारी काफी संख्या में देखा गया।

## मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। रांची की विशेष कार्य पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, ईवीएम/वीवीपैट, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखंड, गीता चौबे, की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला के सभी एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। बैठक में नोडल पदाधिकारी द्वारा एसएसआर-2024 कार्यक्रम में सभी महत्वपूर्ण प्रपत्रों को भरे जाने का तरीका, आवश्यक दस्तावेज के जरिये सत्यापन, मौका सत्यापन, मतदाता और उसके पता का सत्यापन, मतदाता सूची का जीरो एरर के साथ सत्यापन कार्य, बीएलओ/बीएलओ सुपरवाईजर/एईआरओ/ ईआर के कार्य की जानकारी दी गयी।

## छेचा में मनरेगा के तहत आम बागवानी में लाभुक ने जेसीबी से करायी ट्रेंच खुदाई , जांच में हुई पुष्टि

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखेड के छेचा पंचायत के छेचा गांव में मनरेगा की विरसा मुंडा आम बागवानी योजना में लाभुक के द्वारा मनरेगा मजदूर से टीसीबी के कार्य कराने के बजाय जेसीबी के माध्यम से कार्य कराने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार वितीय वर्ष 2023-24 की बिरसा मुंडा आम बागवानी के लाभुक आनंद कुमार के द्वारा अपने आम बागवानी की योजना में टीसीबी खुदाई का काम रविवार को जेसीबी के माध्यम से कराया गया। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पंचायत के उप मुखिया राणा प्रताप सिंह को दी गयी। जिसके बाद राणा प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर शिकायत की जांच की जहां जांच में जेसीबी चलाते हुए योजना स्थल पर पाया। उधर उप मुखिया और वार्ड सदस्य के द्वारा मामले की जानकारी मनरेगा बीपीओ त्रिवेणी राम को दूरभाष के माध्यम से दी गयी। त्रिवेणी राम के द्वारा पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। उधर मामले को लेकर बीपीओ त्रिवेणी राम ने बताया कि उक्त योजना में पिछले कई सप्ताह से कोई डिमांड नही निकाला गया है और न ही कोई कार्य उस स्थल पर हो रहा था परंतु लाभुक के द्वारा ही बिना जानकारी दिये छुटी के दिन जेसीबी से ट्रेंच की खुदाई कराया गया। मनरेगा एक्ट के खिलाफ है जिसकी जांच रिपोर्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपते हुए उनके माध्यम से आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## भंडरा के जमगाई से चार बिजली ट्रांसफार्मर की चोरी

भंडरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के जमगाई गांव में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा गांव में लगे विभिन्न जगहों के चार ट्रांसफार्मर की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसमें जमगाई टंगरा टोली, टाना टोली, मंडप टोली व जमगाई खास में लगे 16 केवीए का ट्रांसफार्मर को बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले गये। इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग को दी है। इधर घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता मोहम्मद जीशान ने जमगाई गांव में ट्रांसफार्मर चोरी की घटना को लेकर भंडरा थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। साथ उन्होंने बताया कि इससे झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को लगभग एक लाख 40 हजार रुपये की क्षति हुई है।

# लातेहार के रैयतों ने अधिग्रहित जमीन की उचित कीमत मांगी

**डीसी से कहा, अधिग्रहण की गयी जमीन का रेट बहुत कम चार हजार से 12 हजार प्रति डिसमिल है, जबकि वहां पर दो वर्ष पहले 3 लाख रुपये की दर से बिक्री हुई है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार भू अर्जन विभाग द्वारा फोरलेन निर्माण विरोध संघर्ष समिति के द्वारा उपायुक्त से मिलकर के अपनी पीड़ा को रखा। रैयत हजार की संख्या में समाहरणालय पहुंच कर उपायुक्त को दिया आवेदन, जिसमें मांग किया गया है कि अधिग्रहण जो किया गया। उसका जमीन का रेट बहुत कम है 4000 से 12000 डिसमिल है। जबकि वहां पर दो वर्ष पहले 3 लाख रुपया बिक्री हुआ है। रैयत का रसीद 2015/16 तक काटा गया है। उसको मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उसका भी मुआवजा मिलना चाहिए। साथ ही किसी भी अधिग्रहण से पहले रैयतों का आम सभा होना जरूरी है। वह नहीं किया गया। रैयत किसानों ने बताया कि हमारे पूर्व सैकड़ो वर्षों से जोत कोड़ कर खेती कर रहे हैं। उसी जमीन पर हमारा अपना जीविका चल रहा हैं। वह जमीन फोरलेन में चले जाने से हमारा जीविकोपार्जन संकट में हो जायेगा।

**जमीन से हमारा परिवार का भरण पोषण होता है:** उपायुक्त महोदय ने भी गंभीरता से बात सुना और कहा कि कल 12:00 बजे समाहरणालय में राजस्व पदाधिकारी के साथ सीधा वार्ता होगी। जिसमें आपकी समस्या का समाधान करने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष गुर्जर उरांव संरक्षक लक्ष्मण यादव, राजधानी यादव, संयोजक वीरेंद्र प्रसाद, बृज किशोर सिंह, विजय सिंह, श्याम किशोर दुबे, मंटु राम, जैतु विवि, आबिद अंसारी, केदार प्रसाद सहित हजारों लोग शामिल थे।

# राशन की मांग को लेकर लाभुकों ने किया प्रदर्शन

**डीसी को ज्ञापन सौंप राशन दुकान का लाइसेंस रद्द करने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कैरो प्रखंड क्षेत्र के गीतिलगढ़ से पहुंचे सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए नियमित राशन देने की मांग की है। लाभुकों का कहना है कि गितिलगड़ में सरिता महिला मंडल द्वारा गत तीन माह से राशन का नियमित वितरण नही किया जा रहा रहा है, दो माह के राशन ओर अंगूठा लगवा कर मात्र एक माह के राशन का ही वितरण किया जाता है।एक तो सुखाड़ वाली स्तिथि है ऊपर से राशन नही मिलने से लाभुकों की परेशानी बढ़ी है। लाभकों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए सरिता महिला मंडल को निलंबित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दो माह के राशन पर अंगूठा लगवा कर मात्रा एक माह का ही दिया जाता है, उसमें भी वजन में कमी पाई जाती है। ग्रामीणों का कहना था कि अविलम्ब सरिता महिला मंडल के लाइसेंस को रद्द किया जाए तथा गितिलगढ़ में नियमित राशन वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

# बालूमाथ में दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, सौहार्द बनाये रखने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। मंगलवार को बालूमाथ में पुलिस द्वारा दुर्गापूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाल लोगों से शातिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाने की अपील की गयी। बालूमाथ सीओ अफताब आलम के नेतृत्व में बालूमाथ थाना पुलिस इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार सह द्वारा पुलिस बल के जवानों के साथ थाना मुख्यालय क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शाति सौहार्द के बीच त्योहार मनाने की अपील की गयी। फ्लैग मार्च बालूमाथ थाना परिसर से निकलकर थाना चौक, पुराना पुराना बस स्टैन,न्यू बस स्टैन, गालीव कालोनी, बाजारटांड़, मस्जिद रोड, तेलीटोला, देवी मंडप रोड, मुरपा मोड़ चौक समेत पूरे थाना मुख्यालय क्षेत्र के हर गली मोहल्लों का भ्रमण करते हुए रजनी चौक पहुंची। बता दें कि दुगार्पूजा को लेकर इलाके के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी निगाह है। वहीं संवेदनशील स्थल वाले पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। पूजा स्थलों के आसपास वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गयी है।

# वीर शहीदों के सम्मान में मिट्टी संग्रह कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय की बालक उच्च विद्यालय परिसर में आजादी की अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के निर्देश पर नेहरू युवा केंद्र लातेहार के द्वारा मंगलवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत से वीर शहीदों के सम्मान में लायी गयी मिट्टी के संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर और प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय मुखिया कालो देवी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत नेहरू युवा केंद्र लेखपाल रामाशीष चौधरी, सरिक राजा, के द्वारा अतिथियों के स्वागत सम्मान करने का काम किया गया। इसके बाद नेहरू युवा केंद्र से जुड़े युवा कलाकारों के द्वारा स्वागत गीत पेश किया गया। कार्यक्रम को लेकर विभिन्न पंचायत से लायी गयी पवित्र मिट्टी को एक बड़े कलश में संग्रहित करने का कार्य अतिथियों के साथ-साथ नेहरू युवा केंद्र की टीम और बालक उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता खालको सुमित अन्य शिक्षा कर्मियों के द्वारा किया गया। वही जिला परिषद सदस्य संतोषी ने कहा हम सबके लिए खुशी और गौरव की बात है कि हम देश की आजादी के 75वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं और यह मौका हमें मिल रहा है कि हम शहीदों के सम्मान में अपने घर और आसपास की मिट्टी का संग्रह कर शहीदों के सम्मान में बनने वाले स्मारक का हिस्सा बन सके। इस दौरान मौके परसंदीप तिर्की सुषमा कुमारी, मंजू, नेहा, शुभम शर्मा, अभिषेक, विनोद प्रसाद, रोशन, अमन, उज्जवल सिंह, सूर्यकांत, अरशद, रमेश, चूड़ामणि सिंह समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

# बाल विवाह के खिलाफ मशाल लेकर सड़क पर उतरीं महिलाएं, रोकथाम का दिया संदेश

**कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और आम लोगों ने शपथ ली कि वे न तो बाल विवाह का समर्थन करेंगे और न इसे बर्दाश्त करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** पूरे देश में चल रहे 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत गैर सरकारी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान की अगुवाई में मशाल लेकर सड़क पर उतरकर महिलाओं ने जागरूकता लाने का संदेश दिया। लोहरदगा जिले में 500 से ऊपर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और आम लोगों ने शपथ ली कि वे न तो बाल विवाह का समर्थन करेंगे और न इसे बर्दाश्त करेंगे। बड़े पैमाने पर हुए इन कार्यक्रमों मे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला बाल संरक्षण इकाई के विरेंद्र कुमार, अनुरंजन कुमार, सभी प्रखंड के बी. डी. ओ, सीडीपीओ, प्रमुख बार एसोसिएशन के सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, जेएसएलपीएस के डी, पीएम अनिता केरकेट्टा, प्रबंधक विनोद होरो, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी और कार्यकर्ता, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के कार्यकर्ता सहित लोहरदगा जिले के सभी गांवों के लोगों ने हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में योगदान दिया। गांवों में पूरे दिन इस अभियान के समर्थन में उतरे लोगों की चहल पहल रही और इस दौरान सभी ग्राम, टोलों, कस्बो में रैली, शपथ ,पेटिंग प्रतियोगिता, नुकड़ नाटक, प्रभात फेरी, कैंडल मार्च, गीत संगीत आदि जैसे तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों ने हाथों में मशाल और कैंडल लेकर मार्च भी किया और लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि नये भारत में बाल विवाह की कोई जगह नहीं है।

इस मार्च में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, धार्मिक नेताओं सहित समाज के सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया।

## शोकाकुल परिवार से मिली आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, हर संभव सहायता का दिलाया भरोसा



किस्को/लोहरदग (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया ठाकुर टोली निवासी सुकरा उरांव का 35 वर्षीय पुत्र दुखा उरांव का गांव के ही करम तालाब में डूबने से मौत होने की सूचना पर आजसू पार्टी की लोहरदगा विस प्रभारी नीरू शांति भगत शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद करने का आश्वासन दी। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि दुखा उरांव के असामाजिक निधन से काफी दुखी हूं। उन्होंने कहा कि दुखा उरांव काफी कुशल और सरल स्वभाव के रूप में जाने जाते थे उनके निधन से आजसू पार्टी को अपूर्णीय छति हुआ है जिसकी भरपायी कर पाना संभव नहीं है। दुखा उरांव के परिवार के साथ पूरा आजसू पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता हर सुख दुःख में खड़ा हैं। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का बढ़ चढ़कर लाभ दिलाने हेतु सकारात्मक सोच के साथ पहल करने का भरोसा दिलाया। मौके पर आजसू पार्टी की केंद्रीय महिला मोर्चा प्रवक्ता अंजू देवी, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, आदिवासी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज उरांव आदि शामिल थे।

## कुडू के युवक की तमिलनाडु में सड़क हादसे में मौत

कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू थाना क्षेत्र के डोरो टोली कॉलोनी के रहने वाले एक युवक की तमिलनाडु में सडक हादसे में मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार डोरो टोली निवासी जलेसर राम का पुत्र नितेश राम 22 बीते करीब 15 साल से तमिलनाडु के तूतूकुड़ी स्थित देवा मछली प्लांट में नौकरी कर था। छोटे भाई मुकेश राम से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात अपनी बाईक से जा रहा था तभी सामने से आरही तेज रफ़्तार बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

## अग्रसेन भवन में डांडिया नाइट का हुआ आयोजन



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा में मां दुर्गा की पूजा हो और डांडिया न हो तो कुछ अधूरा लगता है। इसी को लेकर शारदीय नवरात्रि पर अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला समिति व अग्रवाल यूथ सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में अग्रसेन भवन में डांडिया नाइट का आयोजन हुआ। वही डांडिया नाइट में एक के बाद एक हिंदी फिल्मी गाने, गुजराती और पंजाबी भक्ति गीतों के धुन पर महिलाएं खूब झूमती नजर आये। इससे पूर्व लोहरदगा महिला थाना प्रभारी किरण पंडित समेत अन्य अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माली अर्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और अग्रवाल समाज की महिलाओं के द्वारा अतिथियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर सैकड़ो अग्रवाल समाज की महिलाएं उपस्थित थी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महिला थाना की पुलिस तैनात थी।

## नीरू शांति भगत ने कपड़ा दुकान का उद्घाटन किया




कैरो/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कैरो मेन रोड स्थित कपड़ा दुकान का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कृष्णा कलेक्शन कपड़ा दुकान का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कपड़े के अच्छे-अच्छे कलेक्शन के शॉप खुलने से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगीं। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत, गौतम साहू, संजय साहू, पोली एक्का, बलराम यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## पर्यावरण को बचाने के लिए बच्चों ने शपथ ली



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा झारखंड शिक्षा परियोजना और यूनिसेफ द्वारा स्वच्छ विद्यालय स्वस्थ बच्चे कार्यक्रम के तहत चंदवा प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय और बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षको, छात्र-छात्राओके साथ इको क्लब गठन को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बतौर प्रशिक्षक संजीत कुमार ने कहा कि इको क्लब का मुख्य उद्देश्य मानव के द्वारा प्रकृति दोहन से उत्पन्न जल संकट, प्रदूषण, भूमंडल के ताप में वृद्धि की विकट समस्याओं से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना है। इको क्लब समिति में विद्यालय के प्रभारी संरक्षक, विद्यालय के विज्ञान शिक्षक को अध्यक्ष तथा बाल संसद के पर्यावरण मंत्री को सचिव बनाया जाना है। इस अवसर पर इंटर उच्च विद्यालय के प्रभारी विजय कुमार, सुजीत, बालिका उच्च विद्यालय की प्रभारी दौरोंथिया खलखो, विज्ञान शिक्षिका शक्ति कुमारी, प्रखंड साधन सेवी अशोक कुमार, कनीय अभियंता कृष्णा कुमार उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर पलटने से तीन मजदूर घायल, दो गंभीर रेफर



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत में अमडीहा कचनपर मार्ग में मंगलवार सुबह एक ट्रैक्टर पलटने से तीन मजदूर घायल हो गये। जिसमें दो की हालत गंभीर बताया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ईट भट्टा व्यवसायी देवराज अग्रवाल का खाली ट्रैक्टर उस मार्ग से गुजर रहा था। इसी बीच ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ जाने के कारण ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसमें ट्रॉली में बैठे तीन मजदूर घायल हो गये। जिनमें बनारसी राम, ललन कुमार मंगरा निवासी और सुनील सिंह रंका (गढ़वा) का निवासी बताया गया है। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर तीनों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया। वहीं घटना की सूचना पाकर जिप सदस्य संतोषी शेखर तत्काल अस्पताल पहुंच कर घायलों का इलाज करवाया। जिसमें गंभीर रूप से घायल बनारसी राम और सुनील सिंह को उचित इलाज हेतु मेदनी नगर रेफर किया गया है। जबकि मजदूर ललन सिंह की हालत ठीक बतायीं गयी है। घटना की सूचना मिलने पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

## किस्को में एक दिवसीय दिन-रात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 28 अक्टूबर को

किस्को/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड मुख्यालय के बगल पर स्थित मिडिल स्कूल मैदान में आगामी 28 अक्टूबर को एक दिवसीय दिन-रात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन फ्रेंडशिप क्लब किस्को के तत्वाधान में आयोजित की गयी है, उक्त प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों को आमंत्रित किया गया है जिसकी पूरी तैयारी आयोजन समिति की ओर से कर ली गयी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए फ्रेंडशिप क्लब किस्को के अध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि प्रतियोगिता को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजन समिति के तमाम कार्यकर्ता पूरी लगन के साथ तैयारी में जुट गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर पुरस्कार पकड़ने वाली टीमों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, सुधारने का दिया प्रशिक्षण

**बिशुनपुर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीपीआरओ जितेंद्र भगत के अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अप्रशिक्षित बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को मास्टर ट्रेनर संतोष उरांव सतीश खलखो ने बीएलओ एप्प की जानकारी दी। प्रशिक्षण के क्रम में बीएलओं को स्मार्ट फोन में बीएलओ एप्प डाऊनलोड करवा कर संबंधित मोबाईल नंबर का पंजीकरण किया गया। प्रशिक्षक ने बीएलओ एप्प में मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधा, मतदाता सूची में नए मतदाता को जोड़ने, विलोपन करने, संशोधित करने व वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने का प्रशिक्षण दिया। बताया कि 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वालों का नाम मतदाता सूची में जोड़ें। बीपीआरओ जितेंद्र भगत ने बताया 17 अक्टूबर से 30 नवंबर 2023 तक मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है इससे पहले बीएलओ घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। मृत पलायन मतदाताओं का नाम हटाने एवं 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है उसे जोड़ने के साथ-साथ मतदाताओं का नाम पता व फोटो का सुधार करने की प्रक्रिया की जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दी जा रही है। इस मौके पर प्रखंड के लगभग सभी बीएलओ उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा, दीपावली व छठ पूजा को लेकर बैठक हुई

**सिसई।** दुर्गा पूजा, दीपावली व छठ पूजा को लेकर मंगलवार को पुसो थाना में एसडीओ रवि जैन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। एसडीओ ने त्यौहार के लिए जारी सरकारी गाइडलाइन का पालन करने और शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने, क्षेत्र में होने वाली आपराधिक घटनाओं या गैर कानूनी कार्य की जानकारी प्रशासन को देने और लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। वहीं उन्होंने त्यौहार के दौरान हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों व अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की ओर से नजर रखे जाने और ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव,सीओ नितेश रौशन खलखो, बसिया सर्किल इंस्पेक्टर एस एन मंडल,थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता,थाना क्षेत्र के गढ़वाली, पुसो व पहामु दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी व सदस्य गण,जनप्रतिनिधि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हत्या के चार आरोपियों को आजीवन कारावास 50 हजार जुर्माना




**गुमला।** एडीजे चार संजीव भाटिया की अदालत में जैरागी निवासी मिथिलेश कुमार हत्या के चार आरोपियों गणेश तिवारी, ईश्वर लकड़ा, अजय राम, पूरन एक्का को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाया गया। वहीं चारों आरोपियों को 50-50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। वहीं अन्य दो नामजद अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में बरी किया गया। घटना 14 सितंबर 2021 का है। घटना के दिन शहर के गोकुल नगर स्थित बाल मजदूरी संस्था के कार्यालय में घुंसकर आरोपियों के द्वारा संस्था के पदाधिकारी मिथिलेश साहू को गोली मार कर व गला रेत कर निर्मम हत्या कर दिया गया था। जिसके बाद मृतक के भाई ने गुमला थाना में दो लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था।

# दो लाख लेवी मांगने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना के पुलिस के सहयोग से लेवी मांगने के आरोपी मड़ईकोना थाना चैनपुर निवासी 25 वर्षीय चार्लेश मिंज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद गुमला थाना में मीडिया के समक्ष प्रस्तुत कर आरोपी को जेल भेज दिया। गया प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया पुलिस को सूचना मिली थी कि पूर्व में लेवी के रूप में फोन कर दो लाख रुपए मेन रोड गुमला के एक व्यवसायी से अपराधियों ने मांगे थे। इसके बाद गुमला थाना में दो आरोपी के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था। जिसमें एक आरोपी को 12 अप्रैल 2023 को जेल भेज दिया गया। तथा फरार चल रहे आरोपी 25 वर्षीय चार्लेश मिंज को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया। बता दे की मार्च 2023 में अलग-अलग तिथियां में मेन रोड के कारोबारी से उक्त दोनों अपराधियों के द्वारा ?2 लाख लेवी की मांग किया गया था। सीडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध पूर्व में भी चैनपुर और गुमला थाना में कई मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संचित कुमार, चैनपुर थाना प्रभारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# लोहरदगा में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने को कांग्रेस तैयार : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटीके अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में गुमला परिसदन भवन सभागार में अग्रणी मोर्चा सगठन की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें गुमला जिला के ओबीसी कांग्रेस, एससी आदिवासी कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा एनएसयु आयी की अलग अलग से बैठकें हुई। जिसमें गठित कमिटी का सत्यापन किया गया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत व अन्य कांग्रेस के तमाम पदाधिकारी उपस्थित हुए। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि जिला कांग्रेस जनों को बुथ स्तर से लेकर जिला कमिटी का सत्यापन एवं संगठन की समीक्षा की गयी है। एवं कांग्रेस पार्टी के विचार कोजन-जन तक पहुँचाने का संकल्प आप सभी कार्यकर्ता लें। कांग्रेस पार्टी के विचारधारा पर लोगों का अटूट भरोसा है सभी लोगों को कांग्रेस पार्टी समुचित मान सम्मान देती रही है। गुमला जिला कांग्रेस पार्टी के समर्थको का गढ़ रहा है। वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा यहां के आदिवासी मूलवासी पिछड़ा दलित बेरोजगार युवकों को अपने झूठ झांसे लेकर आज केंद्र में काबिज है। नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने के लिए हमारे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इस देश को नयी दिशा देने के लिए हम सभी को संघर्ष करते हुए पार्टी को मजबूत करना है। लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि गुमला जिला के सम्मानित सभी कार्यकर्तागण बहुत ऊजार्वान एवं मेहनती हैं आप सभी लोगों के बीच में केंद् सरकार एवं नरेंद्र मोदी के विफलताओं को उजागर करें। साथ ही यूपीए गठबंधन में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के द्वारा इस देश को दिए गए कई कानूनी अधिकारों के बारे में लोगों को बताएं। वर्तमान में झारखंड में गठबंधन सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को एवं कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने का काम कार्यकताओं को पूरी ईमानदारी के साथ करने की आवश्यकता है। कांग्रेस पार्टी किसी के साथ भेदभाव नहीं करती ऐसे में आप सब मजबूती के साथ पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्य को लोगों को बताने का काम करें। इस बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी सिमा सिता एक्का, एलडीएम पवन गौतम, समन्वय समिति के सदस्य आलोक साहु, आशिक अंसारी, दिपनरायण उरांव, अखिल रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, एस सी अध्यक्ष भुवनेश्वर राम, एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोहरा उरांव, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद साहब, ओबीसी अध्यक्ष बिंदेश्वर साहू, खालिद शाह, फिरोज आलम, तरुण गोप, राजीव रंजन महतो, हंदु भगत, एवं सभी कार्यकारी सदस्य गण उपस्थित थे।

### कांग्रेस आदिवासी, दलित और पिछड़ों की हक-हुकुक की लड़ाई लड़ती है : सुखदेव भगत

**गुमला।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संगठनात्मक सशक्तिकरण के तहत आज गुमला परिषद में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने किया ।बैठक में प्रभारी सुखदेव भगत एवं बंधु तिर्की एसी प्रकोष्ठ, ओबीसी प्रकोष्ठ, आदीवासी प्रकोष्ठ,एन एस यु आई, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, का समीक्षा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि एआईसीसी से जो टास्क आया है उसे हर हाल में पूरा करना है। संगठन को धारदार बनाना है। कांग्रेस में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भगत ने कहा कि 5 नवंबर तक बूथ लेवल एजेंट का गठन करना अनिवार्य है। प्रत्येक बूथ में 10 लोगों का कमेटी का गठन करना है। मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत 15 नवंबर तक मतदाता सूची का निरीक्षण कर वोगस, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान कर आपत्ति पत्र उपायुक्त को दे तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने का काम करें। जल्द ही कंट्रोल रूम की भी स्थापना की जायेगी। संगठन को मजबूत करने के लिए हमें अपनी पूरी ऊर्जा लगानी है। भगत ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। महंगाई ,बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। मोदी सरकार विगत साढ़े नव वर्षों से सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो पूरे देश में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों की हक और हुकुक की लड़ाई लड़ रही है। हमें एकजूटता के साथ मिलकर संघर्ष करना है। मौजूदा तानाशाह मोदी सरकार को गद्दी से हटाना है तथा इस देश में लोकतंत्र बचाने के लिए राहुल गांधी के हाथों को एवं इंडिया गठबंधन को मजबूत करना है। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि संगठन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संगठन में जिसको जो जिम्मेवारी दिया गया है उसे ईमानदारी पूर्वक कार्य करना होगा। आने वाले पीढ़ी के लिए राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं।

## त्योहारों को लेकर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने शहर के विभिन्न होटलों में की छापामारी



**फैमिली रेस्टोरेंट में साफ सफाई के कमी के स्पष्टीकरण किया गया साथ ही चेवतानी दी गयी**

**इसके अलावा अन्य होटलों में भी छापा मारी अभियान चलाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** त्योहारी सीजन में मिठाई व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानो में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर उपायुक्त महोदय गुमला एवम अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता के द्वारा गुमला में विभिन्न होटल की जांच करते हुए खाद्य पदार्थों का सैंपल संग्रह किया। जांच के क्रम में उन्होंने प्रतिष्ठान में स्वच्छता और सफाई रखने का निर्देश दिया खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने बताया कि पर्व त्योहारों के दौरान बाजार में मिठाईयो की मांग बढ़ जाती है जिससे बाजार में नकली व कम गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ के बढ़ने की संभावना प्रबल को जाती है। इसी के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाकर इस प्रकार के स्वास्थ्य से इंतजार करने वालों पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने लोहरदग्गा रोड स्थित रेस्टोरेंट चूल्हानी में साफ सफाई की कमी एवं वेज नॉन वेज एक जगह रखने ज्यादा मात्रा में रॉ मीट मिलने के कारण शो कॉज किया। बड़ाईक मोहल्ला होटल विकास से रसगुल्ला का सैंपल लेकर रांची लेब भेजा गया। साथ ही होटल में साफ सफाई की कमी के कारण फाइन लगाया गया। फैमिली रेस्टोरेंट में साफ सफाई के कमी के स्पष्टीकरण किया गया साथ ही चेवतानी दी गई। इसके अलावा अन्य होटलों में भी छापा मारी अभियान चलाया गया। निरीक्षण के क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता, खाद्य सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार, सूरज कुमार उपलब्ध थे।

## डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध महिला पर किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार



**गुमला।** गुमला थाना अंतर्गत खोरा पंचायत के चैरअंबा गांव में डायन बिसाही के आरोप में विजय उरांव पिता करमा उरांव ने गांव के ही जीरा देवी व उसके पति जग्गू गोप के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला किया। मामले को लेकर सोमवार को परिजन गुमला थाना पहुंचे और आरोपी के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई। इसके बाद गुमला थाना की पुलिस ने आरोपी विजय उरांव को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। वहीं पीड़ित महिला के द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में कहा विजय उरांव के पिता करमा उरांव की मृत्यु बीमारी के कारण 15 अक्टूबर को हो गया था। लेकिन विजय यह कहते हुए की जीरा देवी का पति बिसाहा है। पूजा पाठ करता है। जादू टोना करके उसी ने मेरे पिता को मार डाला है। कह कर जान से मारने की नीयत से जीरा देवी के घर पर हमला कर दिया। वहीं गुमला थाना के पुलिस ने जांच के बाद विजय उरांव को गिरफ्तार कर मंगलवार को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया। वही छापामारी दल में थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस अवर निरीक्षक गुलाम मुस्तफा, मोहम्मद मुजम्मिल सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कार्यक्रमः गुमला में महिला महाविद्यालय का कुलपति डॉ अजित सिन्हा ने किया उद्घाटन

# एक माह में उपलब्ध हो जायेगा समुचित संसाधन :कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजित कुमार सिन्हा ने मंगलवार को महिला महाविद्यालय गुमला का उदघाटन किया। कहा इस महाविद्यालय में कक्षाएं इसी सत्र से आरंभ करें। छठ पर्व तक महाविद्यालय में जरूरत के उपकरण एवं मानव संसाधन समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। ज्ञात हो कि कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के अधीनस्थ महिला महाविद्यालय का नया भवन लगभग नौ करोड़ की लागत से बना है। कुलपति ने कहा कि महिला कालेज गुमला के लिए जरूरत थी। आदिवासी बहुल जिला में महिलाओं को उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों में महंगी शिक्षा की जरूरत नहीं पड़ेगी। कालेज में समुचित सुविधाएं दी जाएगी। 14 शिक्षक और 8 गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारी का पद स्वीकृत किया है। प्राचार्य से महिला कालेज के लिए कॉर्डिनेटर नियुक्त करने और एक कक्षा चालू करने के लिए उपस्कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सीसीडीसी डा.पीके झा ने एक माह के भीतर कंप्यूटर व उपकरण सुविधा उपलब्ध करा दिया जाएगा। प्रभारी प्राचार्य प्रो.एजे खलखो ने अतिथियों का स्वागत किया और कालेज के संचालन में सहयोग करने की अपील की। नव नामांकित छात्राओं ने पारंपरिक गीत संगीत व नृत्य से स्वागत किया। कुलपति ने कालेज परिसर में पौधरोपण किया।

### वादा याद है कुछ मजबूरियां होती है, मैं जरूर आऊंगा

छात्रों से किए वायदे कि हर माह के पांचवीं तारीख को केओ कालेज आएंगे और कालेज की अराजकता में सुधार लाएंगे यह वादा कैसे भूल गए ..पत्रकारों के सवाल पर कुलपति डा.अजित कुमार सिन्हा ने कहा कि कुछ मजबूरियां होती है। ऑफिस में काम का दबाव है। मैं वादा भूला नहीं हूं। समय निकाल कर के ओ कालेज जरूर आऊंगा। इंटरमीडिएट जैक की इकाई है। इस पर वे कुछ नहीं बोलेंगे। विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के लिए बेहतर प्रयास कर रही है। डिग्री का प्रमाण पत्र वर्षों से कालेज में नहीं आने की छात्रों की शिकायत पर कुलपति ने कालेज प्रबंधन के प्रति नाराजगी जाहिर की और फटकार लगाया। कहा कि सब कुछ मैं ही करुंगा तो आप लोग क्या करेंगे। बच्चों को परेशान न करें।

## नयी बीडीओ सुप्रिया भगत से पुष्पगुच्छ देकर शिष्टाचार मुलाकात की



**बसिया।** प्रखंड के पंचायत स्वयंसेवक का प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बसिया के नये बीडीओ सुप्रिया भगत से पुष्पगुच्छ देकर शिष्टाचार मुलाकात किये। मुलाकात के दौरान स्वयंसेवको द्वारा बीडीओ को अपने कार्यो से अवगत कराया गया। बीडीओ सुप्रिया भगत ने सभी स्वयंसेवको को अच्छे से कार्य करने की बात कही। इस मौके पर परमानंद राम, ज्योति कुमारी, उषा लकड़ा समेत अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## महिला विकास मंडल का वार्षिक आमसभा कार्यक्रम का आयोजन



**घाघरा।** घाघरा स्थित जग बगीचा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला विकास मंडल का वार्षिक आमसभा कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड प्रमुख सविता देवी, जिला परिषद सदस्य मानती उरांव, बैंक आफ इंडिया के मैनेजर विकास तिगा, पुनीत कुमार, प्रदान से जितेंद्र यादव थाना एसआई विवेक श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वार्षिक आमसभा में प्रखंड स्तरीय डीएलएफ घाघरा एवं प्रखंड के अंतर्गत तीन सीएलएफ वार्षिक प्रगति रिपोर्ट एवं वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट की प्रस्तुति की गई। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य का 3 वर्ष पूरा हो गया है। उन सभी इसी मेंबर का वार्षिक आमसभा में विदाई देते हुए नए मेंबर का सर्व समिति से चयन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि महिला विकास मंडल की दिदिया आज पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है और आगे बढ़ रही हैं। निश्चित तौर पर विकास की ओर बढ़ रही हैं। जिला परिषद मानती उरांव ने भी संबोधित करते हुए महिलाओं को एकजुट होकर स्वालंबन की ओर बढ़ने की बात कही। वही थाना एसआई विवेक श्रीवास्तव ने सामाजिक समस्याओं जैसे डायन बिसाही कुप्रथा, साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर द्वारा सभी दीदियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में पुनीत कुमार, संतोषी देवी, सविता देवी, अभिनंदन घोष, करिश्मा देवी, अमरिंदर कुमार, देवेंद्र राम ,साबिर खान, अमित आइनद सहित महिला विकास मंडल की दिदिया लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन की विशेष तैयारी

**गुमला।** दुर्गा पूजा को लेकर गुमला पुलिस पूरी तरह सतर्क है। शहर में कई जगह पंडालों में दुर्गा माता की मूर्ति स्थापित की गई है अष्टमी नवमी और दशमी को श्रद्धालु घरों से निकलकर पूजा पंडालों तक पूजा पाठ करने और घूमने निकलते हैं शहर में भारी भीड़ होती है जिसको देखते हुए गुमला प्रशासन ने रूट चार्ट तय किया है जिसके अंतर्गत शहर के सीमा पर ही बड़े वाहनों को बेरीकेटिंग लगाकर रोका जाएगा वहीं छोटे वाहनों के भी शहर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है इसको लेकर गुमला पुलिस ने शहर का रूट चार्ट बनाया है यह रूट चार्ट चार जगहों पर है जहां से गाड़ियां प्रवेश नहीं करेगी वहीं रूट चार्ट के मानचित्र को सोशल मीडिया में जारी कर लोगों का ध्यान केंद्रित किया है इसके अलावा बाइक का भी शहर में प्रवेश पर वर्जित है गुमला पुलिस ने विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए शहर में जगह सीसीटीवी कैमरा भी लगाया है वही एक आपदा प्रबंधन टीम का गठन किया गया है जो किसी भी घटित घटना पर त्वरित कार्रवाई करेगी शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी वही ड्रोन कैमरा से शहर की गतिविधि पर पुलिस नजर रखेगी शहर के प्रमुख चार मुख्य मार्गो सिसई रोड पालकोट रोड लोहरदगा रोड व जशपुर रोड में वेरी केटिंग लगाकर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। पंडाल के आसपास पुलिस बल्कि नियुक्ति की गई है वही शरारती तत्व व हुडदंगियों पर विशेष नजर रखने के लिए पुलिस सादे लिबास में शहर में विभिन्न जगहों पर रहेगी।

## सैंदा की टीम ने सियांग को एक गोल से हराकर खिताब अपने नाम किया



**सिसई।** प्रखंड के जैरा स्कूल मैदान में एलेवन स्टार जैरा द्वारा आयोजित चार दिवसीय कैशमनी प्राइज हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलवार को झारखंड स्टार सैन्दा बनाम झारखंड गोल्डन क्लब सियांग के बीच खेला गया। जिसमें सैन्दा की टीम ने सियांग की टीम को एक गोल से हराकर खिताब अपने नाम किया। चार दिनों तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में कुल 92 टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने विजेता टीम सैन्दा को 22 हजार, उपविजेता सियांग की टीम को 16 हजार,तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले डीजे सरनगलोया की टीम को 10 हजार और चौथे स्थान प्राप्त करने वाले सरना समिति संगम क्लब खरतंगा की टीम को 8 हजार नगद राशि देकर सम्मानित किया। वहीं पांचवें स्थान प्राप्त करने वाले मोरगांव, छठे स्थान प्राप्त करने वाले पंडरानी, सातवें स्थान प्राप्त करने वाले कुलंकेरी और आठवें स्थान प्राप्त करने वाले को जर्सी सेट देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा खेल के हमारे क्षेत्र के कई युवा और युवती अपना भविष्य बना चुके हैं, किन्तु खेल सिर्फ रोजगार पाने का जरिया भर नहीं है। खेल से तन मन स्वस्थ रहता है। लेकिन हमारे ग्रामीण क्षेत्र के युवा आज खेल कूद से दूर होते जा रहे हैं और शराब जैसी बुराइयों को अपनाकर अपना समय और स्वस्थ्य के साथ भविष्य भी खराब कर रहे हैं। गांव-गांव में इस तरह का टूनामेंट होने और युवाओं को प्लेटफार्म मिलने से उनमें खेल के प्रति लगाव बढ़ेगा, और हमारे गांव के एक साधारण युवा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रौशन कर सकते हैं। मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, थानेदार आदित्य कुमार चौधरी, बीससूत्री अध्यक्ष रवि उरांव,विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव,मकीन अंसारी, सोहराई उरांव, राजबली उरांव,आजाद लोलन कुजूर, निरंजन उरांव,बंधनु उरांव,गणेश उरांव,सोमरा उरांव,रविन्द्र उरांव, प्रवीण उरांव, प्रवीण कुजूर, जोनसंग डुंगडुंग, संजय कुमार भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के तहत आकाश बाग में पौधरोपण किया

# सृष्टि और प्रकृति को बचाने के लिए कन्याओं और वनों की करनी होगी हिफाजतः कौशल

देश के 22 राज्यों के 128 जिलों में जाकर अब तक 50 लाख निःशुल्क पौधे लगाकर लोगो को पर्यावरण धर्म के प्रति जागरूकता लायी है।



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने शहर के बाई पास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर स्थित आकाश बाग और बेडरूम में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ अपने प्रियजनों की उपस्थिति में पौधारोपण कर पोती आशिविका का जन्म दिन मनाया। जन्मदिन के मौके पर शामिल लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाकर उसे यादगार बनाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचायें। धर्म के अवधारणा के तहत जन, जल, जंगल, जमीन, जानवर, पक्षी और प्रकृति को बचाने का उद्देश्य है। पर्यावरण धर्म के इसी मंत्र से 1977 से अब तक नेपाल भूटान, सिंगापुर, मलेशिया समेत देश के 22 राज्यों के 128 जिलों में जाकर अब तक 50 लाख निःशुल्क पौधे लगाकर लोगो को पर्यावरण धर्म के प्रति जागरूकता लायी है। आशिविका की दादी और छतरपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों को बचपन से ही उनके जन्मदिन पर पौधा लगाने और बचाने का शिक्षा और संस्कार देना चाहिए। आशिविका के पिता सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि उनके पिता पर्यावरणविद पिछले 56 वर्षों से समाज और पर्यावरण की सेवा करते आ रहे हैं। जो समाज व परिवार के लिए एक सुखद अनुभूति है। उसी सेवा के बदौलत स्वयं उन्हें दो बार लगातार डाली पंचायत के मुखिया और इसबार छतरपुर से जिला पार्षद बनने व उनकी मां को डाली बाजार की मुखिया बनने का अवसर प्रदान हुआ है।

**वहीं आशिविका के बड़े पिता अरुण कुमार जायसवाल ने कहा :** कि पिता के प्रेरणा से ही उनके गांव डाली बाजार से डालटेनगंज तक छोटे बड़े 30 सदस्य हैं जो सभी पौधा लगाने से बचाने तक कार्य करते हैं। मौके पर आशिका के चाचा सह संस्था के सचिव अरविंद कुमार जायसवाल, बड़ी दादी आशा देवी, मम्मी शिल्पा जायसवाल, बड़ी मम्मी कोमल जायसवाल, चाचा सुमित कुमार, बहन आराध्या, आद्रिका, अनुषा संतोष कुमार, रामू समेत घर के सभी सदस्य और नाना नानी ने जन्मदिन पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं की।

## श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन समिति की घोषणा

# अर्जुन संरक्षक, देवेंद्र अध्यक्ष और शैलेश महासचिव बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** 21 नवंबर से 28 नवंबर तक हाउसिंग कालोनी, बारालोटा के प्रांगण में आयोजित होने वाले लक्ष्मीनारायण महायज्ञ और परमपूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के सात दिवसीय भागवत कथा की आयोजन समिति सोमवार को गठित कर दी गयी। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी की अध्यक्षता में हाउसिंग कालोनी यज्ञ स्थल पर आयोजित बैठक में श्रीमद्भागवत कथा समिति के मुख्य संरक्षक सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय ने राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी को सर्वसम्मति से यज्ञसमिति का अध्यक्ष घोषित किया तथा कमेटि विस्तार का दायित्व दिया गया। वहीं शैलेश दूबे को महासचिव और राकेश पाण्डेय (कजारिया) को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया जिसका बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने करतल ध्वनी के साथ स्वागत किया। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी ज्ञानचंद पाण्डेय, दीपक कुमार सिंघानिया और आलोक पाठक को मार्गदर्शक मंडल का सदस्य बनाया गया। बैठक में लिये गये निर्णयानुसार कृष्णकांत चौबे (मुखिया) मनु प्रसाद तिवारी, बलराम पाण्डेय, प्रवीण सिंह, दुर्गा प्रसाद जौहरी, ललन सिन्हा, अविनाश वर्मा, नंद कुमार यादव, सोनु सिंह नामधारी, संतोष शुक्ला, नवीन तिवारी, संजीव उपाध्याय (छोटन उपाध्याय) आशीष भारद्वाज को सर्वसम्मति से संरक्षक घोषित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कई वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी परिवार के द्वारा सनातन धर्म को लेकर जो धार्मिक कार्य किया जा रहा है यह सनातन संस्कृति को आगे बढ़ायेगा। यह महायज्ञ पलामू के इतिहास में दर्ज किया जायेगा और हम सभी लोगों को इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। बैठक में शिवनाथ अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह डिंपल, राजेन्द्र पाण्डेय, विक्रांत सिंघानिया, चंदन तिवारी, प्रवीण तिवारी (बंटू) मनीष भिवानियां, सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नेशनल आइटीआइ में 19 को रोजगार मेला, 200 बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार



**हरिहरगंज/पलामू । (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के कौवाखोह स्थित नेशनल आइटीआइ में दिनांक 19 अक्टूबर गुरुवार को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी संस्थान के निदेशक राजीव रंजन ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर दी।उन्होंने कहा कि मंगोज सोरेन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा नेशनल आईटीआई परिसर में 10ः बजे से बंसल वायर कंपनी में आईटीआई उत्तीर्ण इलेक्ट्रीशियन तथा फिटर के छात्र- छात्राओं को रोजगार दिया जायेगा। जिसमें 200 युवाओं को रोजगार दिया उपलब्ध कराई जायेगी। कैंपस सलेक्शन में भाग लेने वाले अभ्यर्थी मोबाईल फोन 7543015023 नंबर पर कॉल करके अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले। इस मौके पर अनुदेशक अरविंद कुमार सिंह, कुंदन कुमार, प्रशांत कुमार, राहुल ठाकुर, रवि रंजन वर्मा उपस्थित थे।

## कामेश्वर बेदिया शहर को कराया अतिक्रमण मुक्त



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया पद ग्रहण करने के बाद काफी फाम में दिख रहे हैं। हरिहरगंज नगर पंचायत के सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया है। वहीं कुछ लोगों में नाराजगी है तो कुछ लोगों में वाह वाही है। इस दौरान पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एएसआई संजय सिंह दल बल के उपस्थिति में मंगलवार को भी उन्होंने शहर के किनारे से अतिक्रमण हटाया और सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में भी कभी सड़क पर फुटपाथ लगाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी और दंड के भागी बनेंगे। उधर कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर सिटी मैनेजर अजमल हुसैन के देखरेख में शहर के कई स्थानों पर साफ सफाई और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। साथ ही दुर्गा मंदिर के परिसर को सेनीटाइज किया गया। जिससे कि लोगों में संक्रमण फैलने की संभावना कम हो। मौके पर सामुदायिक संगठन करता विचित्र कुमारी और सफाई कर्मी उपस्थित थे।

# पीएम आवास योजना में गड़बड़ी को लेकर पांडू के तत्कालीन बीडीओ पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

15 दिनों में जीत राय मुर्मू से इस संबंध में जवाब मांगा गया है।




**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के अधिकारी और पांडू (पलामू) के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी जीत राय मुर्मू पर विभागीय कार्रवाई चलायी जायेगी। उनके विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना आवंटन में अनियमितता बरतने, इंदिरा आवास नव निर्माण योजना में नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लाभुकों को पुनः पीएम आवास योजना का लाभ देने तथा भुगतान करने, प्रभा देवी के नाम इंदिरा आवास और पीएम आवास के लाभुक सूची में रहने के बावजूद उन्हें किसी प्रकार का भुगतान नहीं करने और पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने जैसे आरोप लगे हैं। प्रथम द्दष्टया जांच में ये आरोप सही भी पाये गये थे। पलामू के उपायुक्त ने अगस्त 2021 में इस संबंध में राज्य सरकार को प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई के लिए लिखा था। पूरे मामले की जांच के बाद राज्य सरकार ने रिटायर्ड आइएएस अधिकारी विनोद कुमार को जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नामित किया है। 15 दिनों में जीत राय मुर्मू से इस संबंध में जवाब मांगा गया है। कार्मिक विभाग पूरे मामले की जांच के बाद अग्रतर कार्रवाई करेगा।

# इस वर्ष ग्रीन जोन में विसर्जित होंगी मां दुर्गा की प्रतिमा

पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने वाले पूजा समिति को जिला प्रशासन करेगी सम्मानित

## जल प्रदूषण की रोकथाम को लेकर पलामू जिला प्रशासन की पहल
## जिला प्रशासन कर रही है आस्था से स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा पंडालो में स्थापित मूर्तियों के विसर्जन हेतु अब दिशा निदेर्शों को विकसित करने की आवश्यकता महसूस की गई है। इसके मद्देनजर इस वर्ष एनजीटी और झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पलामू जिला अंतर्गत से सभी दुर्गा पूजा समितियों के सहयोग से सभी मूर्तियों का विसर्जन तालाब,नदी आदि में न करके कृत्रिम जल कुंड यानी ग्रीन जोन में विसर्जन करने हेतु प्रेरित करेंगे और वांछित सहयोग प्रदान करेंगे। उक्त के आलोक में जिला प्रशासन पलामू द्वारा ऐसे निकायों का पालन करने वाले पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने वाले पूजा समिति जिला स्तर पर आयोजन होने वाले आस्था से स्वच्छता प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। आस्था से स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 25000 रुपए और तृतीय पुरस्कार के रूप में 10000 रुपए की राशि प्रदान की जायेगी।

### मूर्ति विसर्जन करने हेतु नियम और शर्त

प्रशासन द्वारा तैयार किये गए कृत्रिम कुंड में पृथक्करण करते हुए मूर्ति और पूजा सामग्री का विसर्जन करना है। रुटलाइन का अनुपालन करते हुए कतारबद्ध तरीके से मूर्ति विसर्जन करना है। बायोडिग्रेडेबल सामग्री का पृथक्करण करते हुए विसर्जन करें और प्लास्टिक वेस्ट का पृथक्करण एवं सुरक्षित निस्तारण करना है। पूजा पंडालों में कम से कम दो डस्टबिन का प्रयोग करें और विसर्जन के दौरान रासायनिक रंग का प्रयोग नही करना है।

इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि परंपरा के अनुसार मूर्ति चिकनी मिट्टी से बनायी जाती है पर पिछले कुछ वर्षों से प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनाई जा रही है। प्लास्टर ऑफ पेरिस में कई हानिकारक रसायन शामिल होते हैं। इन मूर्तियों को सजाने के लिए प्लास्टिक एवं थर्माकॉल से बनी सामग्री का प्रयोग किया जाता है। ऐसे पदार्थ जैव अपघटनीय नही होते हैं, इन मूर्तियों को जब जल में विसर्जन किया जाता है तो यह विषाक्त हो जाता है।

उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आस्था से स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। हमारा प्रयास है की लोग जागरूक हो जिससे हमारे तालाब, नदी के पानी विषाक्त न हो।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## एसआरएम चित्रांश आइटीआइ कॉलेज में आज लगेगा रोजगार मेला

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** एसआरएम चित्रांश प्राइवेट लिमिटेड आईटीआई कॉलेज भगत्त तेंदुआ में आज यानि बुधवार को रोजगार मेला लगेगा ।इसकी जानकारी मंगलवार को संस्थान के प्रिंसिपल चंदन प्रजापति ने दिया है ।उन्होंने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण सभी छात्रों के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। आईटीआई उत्तीर्ण छात्र 10वीं और आईटीआई पास मार्क शीट, सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, बैंक पास बुक का फोटो कॉपी और 6 पासपोर्ट साइज का फोटो के साथ अपना नि:शुल्क पंजीकरण कराएंगे। उन्होंने बताया कि यह रोजगार बंसल वायर इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी में दी जायेगी।

## प्रखंड प्रमुख ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण, बंद मिला प्राथमिक विद्यालय निमहत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने मंगलवार को प्रखंड के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय निमहत 11:15 बजे बंद पाया गया। जबकि प्रधानाध्यापक ने सूचना पट्ट पर किसी प्रकार का सूचना नही लगाया था। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार सुबह से ही विद्यालय बंद था। इसके अलावे उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय किशुनपुर व गड़ेरियाड़ीह कामत प्रधानाध्यापक द्वारा वितीय वर्ष 2022–23 में आवंटित रंग–रोगन की राशि की निकासी कर ली गयी है। जबकि विद्यालय का रंग रोगन भी नही किया गया है। उन्होंने विभागीय जांच कर पदाधिकारियों से उचित कारवाई की मांग की है।

## गुमला महिला थाना पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**नीलांबर पीतांबरपु (पलामू)।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के धावाडिह पंचायत के अधमनिया गांव में गुमला महिला थाना के द्वारा देव कुमार सिंह,पिता स्व बहादुर सिंह, तेजमनी देवी पति स्व बहादुर सिंह के विरुद्ध महिला थाना गुमला कांड संख्या05/22दिनांक 1/42022धारा 323/498 (अ) /504/34भा०द०वि ०एवम 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत लेस्लीगंज थाना पुलिस के सहयोग से गुमला पुलिस ने उक्त आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में गुमला महिला थाना के एसआई एमडी मोबिन ने बताया आरोपी को गुमला न्यायालय ने कई नोटिस जारी किया है। परंतु न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ तथा उक्त आरोपी के घर पर छापेमारी भी किया गया परंतु आरोपी फरार है।

# उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

क्षेत्र वासियों से दशहरा पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

**पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने मंगलवार को दशहरा व दुर्गा पूजा को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के कई पूजा पंडालो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल के कपूर्री मैदान दुर्गा पूजा पंडाल, जपला स्टेशन, हुसैनाबाद शहर स्थित महावीर जी भवन से मुख्य बाजार गांधी चौक होते हुए इमामबाड़ा तक पैदल मार्च कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी पूजा पंडालों एवम धार्मिक स्थलों की लगातार निगरानी करने और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए सख्त कदम उठाते हुए विधि व्यवस्था को हर हाल में चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने पर जोर दिया साथ ही उपस्थित पदाधिकारियों को विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने हैदरनगर स्थित देवी धाम का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र वासियों से दशहरा पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान डीडीसी रवि आंनद, अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, बीडीओ सह अंचल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी जगरनाथ धान, महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजुद थे।

## विश्रामपुर सीएचसी ने शुरू की अनूठी पहल, छेड़ा मोतियाबिंद जागरूकता अभियान

# मोतियाबिंद के प्रति किया जायेगा जागरूक, आंखों की होगी जांच

आजद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/ पलामू।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा एक अनूठा पहल शुरू किया गया है.इसके तहत मोतियाबिंद के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस दौरान शिविर लगाकर लोगों के आंखों की जांच होगी.मोतियाबिंद पाए जाने पर उसका मुफ्त उपचार भी किया जायेगा। इसके लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा एक जागरूकता रथ भी क्षेत्र में मंगलवार को रवाना किया गया। यह रथ विश्रामपुर के सभी स्वास्थ और उप स्वास्थ केंद्रों पर भी जायेगी। रथ को सीएस डॉ अनिल कुमार सिंह और चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएस अनिल कुमार सिंह ने कहा कि विश्रामपुर सीएचसी का यह अनूठा प्रयोग कबीले तारीफ है। विश्रामपुर में सफलता के बाद इसे पूरे जिले में लागू करने का प्रयास किया जायेगा। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि लोगों को मोतियाबिंद से बचाव और उसके उपचार के बारे में बताया जायेगा। हमारा प्रयास है कि यहां के लोगों को हर तरह का चिकित्सीय लाभ मिले। स्वास्थ्य सेवा लोगों के घर तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि आगामी 20 अक्तूबर को बसना और भंडार स्वास्थ्य केंद्र में रथ पहुंचने पर शिविर आयोजित की जायेगी, जिसमे लोगों के आंखो का जांच होगा।

## स्पोर्ट्



राज्य सरकार पूर्व चैंपियन एथलीट खिलाड़ियों से कोच के तौर पर सेवा लेगी। इसके लिए झारखंड खेल प्राधिकरण ने नियुक्ति संबंधी विज्ञापन जारी करते हुए दो नवंबर तक आवेदन मांगे हैं।

# सात जिलों के लिए झारखंड खेल प्राधिकरण ने जारी किया नियुक्ति विज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

खेल विभाग चैंपियन एथलीटों को कोच बनायेगा।

इन सभी जिलों में अलग-अलग खेल के लिए खेलो इंडिया सेंटर में एक-एक कोच रखे जायेंगे।

**रांची।** राज्य सरकार पूर्व चैंपियन एथलीट खिलाड़ियों से कोच के तौर पर सेवा लेगी। इसके लिए झारखंड खेल प्राधिकरण ने नियुक्ति संबंधी विज्ञापन जारी करते हुए दो नवंबर तक आवेदन मांगे हैं। इसके मुताबिक सात जिलों के खेलो इंडिया सेंटरों में कोच के तौर पर पूर्व एथलीट खिलाड़ियों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जायेगा। इनमें गिरिडीह, देवघर, लातेहार, गुमला, पाकुड़, जामताड़ा और लोहरदगा जैसे जिले शामिल हैं। इन सभी जिलों में अलग-अलग खेल के लिए खेलो इंडिया सेंटर में एक-एक कोच रखे जाएंगे। गिरिडीह जिले के जमुआ स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया सेंटर में फुटबॉल के लिए एक कोच नियुक्त किया जायेगा। देवघर के मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स कुमैठा स्थित सेंटर, लातेहार के आवासीय स्पोर्ट्स सेंटर, गुमला के आवासीय एथलेटिक्स ब्वॉयज ट्रेनिंग सेंटर और पाकुड़ में जिला स्तरीय स्टेडियम (बैंक कॉलोनी) सेंटर में एथलेटिक्स के लिए एक-एक कोच की जरूरत है। जामताड़ा में इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन के लिए एक और लोहरदगा में यूपीजी हाइस्कूल बिटपी सेंटर में भी कोच की जरूरत है। वेबसाइट www.sajha.in से आवेदन संबंधी जानकारी लेकर जरूरी दस्तावेज के साथ इसे मोरहाबादी, रांची स्थित साझा कार्यालय के पते पर दो नवंबर तक भेज देना होगा। चयनित अभ्यर्थियों को बाद में इंटरव्यू के लिए बुलाया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 18 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



### अवैध डिपों में सीओ ने छापामारी कर पकड़ा 10 बोरा कोयला

# ग्रामीणों का आरोप, अब भी डिपो में पड़ा है कई टन अवैध कोयला

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** सोमवार की देर शाम बाघमारा अंचलाधिकारी रवि भूषण ने क्षेत्र में चल रहे अवैध डिपो पर छापामारी कर 10 बोरा अवैध कोयला जब्त किया। छापामारी में सीओ के साथ महुदा पुलिस भी मौजूद थी। इस दौरान सीओ से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई थी की कुछ लोगों द्वारा चरकीटांड में अवैध कोयला डिपो संचालित किया जा रहा हैं। जिसके बाद कारवाई करते हुए छापामारी की गई जिसमें बोरे और कपड़े से की गई चहारदीवारी के अंदर करीब 10 बोरा अवैध कोयला पड़ा था। अवैध डिपो के बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाने की कोशिश की गयी परन्तु किसी ने भी कुछ नहीं बताया। उन्होंने आगे बताया की इस अवैध कोयला डीपू का संचालन किसके द्वारा किया जा रहा हैं, इसकी जांच की जायेगी। बताते चलें कि महुदा थाना क्षेत्र के सिंगड़ा पंचायत अंतर्गत चरकीटांड गांव जाने वाले सड़क के नजदीक में चल रहे अवैध कोयला डीपू में बड़े पैमाने पर स्थानीय धंधेबाजों द्वारा चोरी का कोयला भंडारण किया गया था। इस अवैध डिपो संचालन की खबर आजाद सिपाही ने प्रकाशित की थी। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप कारवाई सिर्फ दिखावा, अवैध डिपो के अंदर मंगलवार को पड़ा था भारी मात्रा मे अवैध कोयला वहीं स्थानीय बुद्धिजीवी ग्रामीणों का दावा है कि छापामारी के पहले भी कई टन कोयला यहां अवैध रूप से जमा कर रखा गया था। और सीओ की कारवाई के बाद यहां कई टन कोयला पड़े थे। नाम न छापने की शर्त पर एक ग्रामीण ने बताया कि यहां सीओ की छापामारी खत्म होने के बाद अब भी कई टन कोयला पड़ा है जिसे रात के अंधेरे में अन्यत्र ले जाने की तैयारी है। ऐसे में इस अवैध डिपो का विरोध करने वाले स्थानीय लोगों का कहना है कि सीओ की यह कारवाई उनके समझ से परे है। ग्रामीणों ने बताया कि अब इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आखिर क्यों क्षेत्र के मनचले, असामाजिक तत्व और कोयला तस्करों का मनोबल सातवें आसमान पर क्यों है। वहीं अवैध कोयला खनन लोगों का कहना है कि अवैध रूप से डिपो में कोयला भण्डारण की सूचना स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित पुलिस और सीआईएसएफ को दिया जाता है। जिसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंचने से पहले छापामारी की खबर इन कोयला तस्करों को हो जाता है। ऐसे में अवैध कारोबार की खबर जिला प्रशासन तक पहुंचाने वालों को भी यह डर सताने लगा है कि कहीं तस्करों को इस बात की जानकारी न हो जाये कि खबर किसने दी है।

### कोयला की मांग को लेकर असंगठित मजदूरों ने रोका ट्रान्सपोर्टिंग

## वार्ता में 15 ट्रकों के आवंटन के आश्वासन पर खत्म हुआ आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अलकडीहा।** जीनागोरा लोडिंग पॉइंट में कोयले के अभाव में बंद हुई ट्रक लोडिंग कार्य से नाराज असंगठित मजदूरों ने मंगलवार की सुबह नियमित कोयला आपूर्ति कराने और ट्रकों का आवंटन कराने के मांग को लेकर साउथ तिसरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण क्षेत्र में कोयले कि ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप हो गयी। असंगठित मजदूरों के आंदोलन और ट्रान्सपोर्टिंग ठप होने की सूचना पर स्थानीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जीएम के निर्देश पर परियोजना प्रबंधन एवं विक्रय प्रबंधक राकेश रंजन ने आनन फानन में आंदोलनकारी मजदूरों से वार्ता कर नियमित कोयला आपूर्ति कराने तथा 15 ट्रकों का कोयला लोडिंग को आवंटन पत्र बनाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद लगभग छह घंटा बाद सड़क जाम खत्म हुआ और कोयले का ट्रान्सपोर्टिंग सुचारू हो सका। मालूम हो कि परियोजना प्रबंधन द्वारा ट्रकों में लोडिंग के लिए कोयला आपूर्ति करने के रूप में डीओ धारकों से प्रति ट्रक पांच हजार रुपया अतिरिक्त सुविधा शुल्क मांगी गई थी। जिसके बाद डीओ धारकों ने इसका विरोध कर दिया था। पिछले एक माह से अधिकारियों और डीओ धारकों के बीच इस मामले को लेकर गतिरोध बना हुआ है। जिसके चलते प्रबंधन ने पहले कोयला आपूर्ति धीरे धीरे बंद किया बाद में ट्रकों का आवंटन रद्द कर दिया गया। जिस कारण ट्रक लोडिंग का काम एक माह से बंद हो गया। ऐसे में असंगठित मजदूरों के सामने दुर्गा पुजा के मौके पर रोजी रोटी कि समस्या खड़ी हो गयी है। मजदूर नेता रामबाबू यादव ने आंदोलन कि सफलता के लिए सभी मजदूरों, डीओ धारकों के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि ट्रक लोडिंग कार्य शुरू होने से मजदूरों एवं परिजनों के चेहरे पर दशहरा में मुस्कान लौटेगी।

### नवरात्र में दीया जलाने के लिए उमड़ी भीड़



**लोयाबाद।** शारदीय नवरात्र के तिसरे दिन मंगलवार की संध्या लोयाबाद दुगार्मंदिर मे महिलाओ व युवतियो की भीड़ उमड़ पड़ी। लोयाबाद के एकड़ा, कनकनी, 6 नंबर, बीस नंबर, 5 नंबर लोयाबाद मोड़ सहित क्षेत्र के विभिन्न जगहो से आयी सभी महिला श्रद्धालुओ द्वारा मां के मंदिर मे दीया जलाने आयी थी। वर्षो से जारी इस परंपरा को पालन करते हुए श्रद्धालुओ ने मां दुर्गा से अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। दीया जलाने का कार्यक्रम नवरात्र के पहले दिन से लेकर महानवमी की संध्या तक होती है। वही विधि व्यवस्था के लिए कमेटी के सदस्य के अलावा लोयाबाद पुलिस भी मौजूद रहती हैं।

### डॉ. उषा सिंह ने सड़क की करायी मरम्मत



**फुसरो(बेरमो)।** फुसरो के शास्त्री नगर से अनुमंडल अस्पताल तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई थी। जिसे भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह ने बिना किसी सरकारी मदद के अपने निजी मद से मरम्मत कराने का कार्य की। इसके कारण इस सड़क से होकर गुजरने वालों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते थे। इस सड़क में इतने गड्ढ बन गए थे कि कई वाहनों का आवागमन बंद था। यहां से शास्त्री नगर, पटेल चौक, ढोरी बस्ती के कई गांव, अंगवाली तथा कई स्थानों के लोगों सहित स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। इसको देखते हुए भाजपा नेत्री सह डॉक्टर उषा सिंह खराब पीसीसी सड़क की मरम्मत कराने का कार्य की। उन्होंने सड़क का समतलीकरण कर ढलाई कार्य करवाया। कुछ दिनों उपरांत दुर्गा पूजा, दीपावली, महापर्व छठ है। इन सब को देखते हुए इस सड़क की मरम्मत करवाई हूं। शास्त्रीनगर निवासी दिनेश सिंह, राजेन्द्र सिह, रविंद्र कुमार, अशोक कुमार, जगदीश, रिषी, नारायण सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि इस पथ की मरम्मत पिछले कई महीने से नहीं की गई थी। शास्त्रीनगर सड़क का निर्माण के लिए हम लोगों के द्वारा कई बार विधायक, फुसरो नगर परिषद एवं विभाग को लिखित और मौखिक जानकारी दी लेकिन आज तक किसी प्रकार का कार्य नहीं किया गया। अंत में स्थानीय लोगो के आग्रह पर डॉक्टर उषा सिंह ने निजी खर्चे से सड़क का समतलीकरण एवं मरम्मत कराने का कार्य किया गया ताकि लोगों को आवागमन करने मे दिक्कत का सामना ना करना पडे। स्थानीय लोगों ने इसके लिए डॉक्टर उषा सिंह को धन्यवाद दिया है।

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



**करगली(बेरमो)।** नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 18 मे मेरी माटी, मेरा देश अभियान भाजपा नेता शिवलाल रवि के नेतृत्व में किया गया। बेरमो प्रखंड के सभी पंचायत एवं फुसरो नगर परिषद के सभी वार्डो से संग्रहित मिट्टी को कलशों में भरकर प्रखंड में लाया गया। जहां सभी एकत्रित मिट्टी को एक जगह एकत्रित कर जिला में भेजने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिवलाल रवि ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान हमारी एकता और अखंडता की भावना को और सशक्त करने वाला है। इस अभियान के तहत देशभर से जमा की गई मिट्टी से एक ऐसी अमृत वाटिका का निर्माण होगा। जो ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्न की कल्पना को साकार करेगा। गांव की मिट्टी अमृत वाटिका में लगेगा तो कहीं ना कहीं गांव की सोंधी महक उसे अमृत वाटिका से निकलेगी। हमें फक्र होगा कि हमारे गांव घर की मिट्टी इस अमृत वाटिका में है। नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने कहा कि यह एक अभियान नहीं है बल्कि ये एक जन जागरण है।

## जनसमस्याओं को लेकर नगर सेवा के मुख्य महाप्रबंधक से मिले अमित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित शहर के विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बोकारो स्टील प्लांट नगर सेवा के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार से मिले। इन जनसमस्याओं पर अमित ने विस्तार से चर्चा की एव एक ज्ञापन भी दिया। अमित ने मुख्य महाप्रबंधक से विभिन्न बोकारो के विभिन्न सेक्टरों में दुर्गा पुजा समितियों से पंडाल हेतु जमीन आवंटन के नाम पर प्रबंधन के द्वारा ली जा रही मनमानी राशि पर आपत्ति जताते हुए इस राशि को इस्लामिक शासन के दौरान ली जाने वाली जज़िया कर करार दिया एवं इसे अविलम्ब बंद करते हुए पूर्व की व्यवस्था बहाल करने की मांग की। इसके अलावे सेल में ठेका पर स्वच्छता का काम कर रहे सभी सफाई कर्मचारियों को आवास आवंटन करने, शहर फल, सब्जी-दूध विक्रेताओं और फुटपाथ दुकानदारों को लाइसेंस देकर व्यवस्थित करवाने, दुन्दीबाद सहित सेक्टर 1,3, 8, 9,11 के जर्जर सड़कों की मरम्मत करने, सेक्टर 9 के पटेल चौक और रामडीह मोड़ पर हाई मास्ट लाइट लगाने एवं खराब स्ट्रीट लाइट को बनवाने सम्बंधी माँग पर भी विस्तार से चर्चा की। मुख्य महाप्रबंधक ने इन माँगो पर सकारात्मक पहल कर शीघ्र समाधान करने का भी आश्वासन दिया है। इस वार्ता में महाप्रबंधक अशोक कुमार सिंह भी मौजूद थे। इस दौरान लालबाबू, कृष्णा कालिन्दी, विक्रम यादव, संतोष पंडित और रविन्द्र यादव भी उपस्थित थे।

### एग्यारकुंड प्रखंड में बीडीओ ने की मासिक समीक्षात्मक बैठक

## त्योहारों को देखते हुए पेयजल आपूर्ति पर की गयी विशेष चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख संगीता महतो, उप प्रमुख विनोद दास, बिजली विभाग व शिक्षा विभाग के पदाधिकारी सहित अधिकांश पंचायत समिति सदस्य शामिल थे। बैठक के पश्चात बीडीओ ने पत्रकारों को बताया कि मासिक समीक्षात्मक बैठक थी। क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि इसके अलावे आज की बैठक में आगामी त्योहारों को देखते हुए मुख्य रूप से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पर विशेष चर्चा की गई। ताकि त्योहारी सीजन में लोगों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। सभी विभाग को निर्देश दिया गया है कि एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर सरकार द्वारा चलाये योजनाओं को धरातल पर उतारें और इसकी रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को सौंपे।


**कार्यालय:- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी - सह- अभिहीत पदाधिकारी, कोडरमा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

दुर्गापूजा, दीपावली एवं छठ पर्व को देखते हुए कोडरमा जिले के सभी खाद्य पदार्थ दुकानदारो को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा के तहत बिकी किये जाने वाले खाद्य पदार्थ जैसे मिठाई, मीट, मुर्गा, मछली इत्यादि खुले में बिकी नही करेंगें। साथ ही जो दुकानदार खाद्य सुरक्षा के तहत अनुज्ञप्ति/निबंधन अभी तक दुकान का नही कराये है वैसे दुकानदार अनुज्ञप्ति/निबंधन अविलम्ब खाद्य सुरक्षा पोर्टल (foscos.fssai.gov.in) पर कराना सुनिश्चित करेंगे। विशेष जानकारी हेतु खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, कार्यालय, कोडरमा से सर्म्पक कर सकते है। तथा जो दुकान खाद्य सुरक्षा मानक के तहत निबंधित है वे दुकानदार खाद्य सुरक्षा नियम का पालन करेंगे। अधोहस्ताक्षरी के जाँच के दौरान नियम विरूद्व पाये गये दुकानदारो पर नियमानुसार कार्यवाई की जायगी।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–
अभिहीत पदाधिकारी, कोडरमा

PR 309357 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

**अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला।**
**(खाद्य सुरक्षा शाखा)**

**आम सूचना**

आगामी दुर्गा पूजा 2023 को देखते हुए उपायुक्त, गुमला के द्वारा मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री एवं मिठाइयों को सुरक्षित एवं अधिक दिनों तक रखने के लिए प्रयोग किए जाने वाले केमिकल एंव दवाईयों पर रोक लगाने हेतु सभी खाद्य प्रतिष्ठानों का जांच/निरीक्षण करने का आदेश प्राप्त है।

अतः सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता यथा होटल, रेस्टोरेंट, रिटेलर, हॉलसेलर अपने प्रतिष्ठान FSS Act 2006 के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार संचालन करना सुनिश्चित करेंगे :–

- अपने प्रतिष्ठान में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे एवं प्रतिष्ठान पर ढक्कन युक्त कुड़ेदान का प्रयोग करेंगे।
- सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता यथा होटल, रेस्टोरेंट, रिटेलर, हॉलसेलर शीतल पेय, खाद्य व अन्य पैक्ड खाद्य पदार्थ पर पैकिंग तिथि व बेस्ट बिफोर तिथि, FSSAI लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन युक्त सामानों का ही प्रयोग करेंगे।
- खाद्य पदार्थों की वैधता तिथि का भी ध्यान रखेंगे। अवधि समाप्त सामग्रियों का विक्रय नहीं करेंगे।
- स्ट्रीट वेंडरों पर बिक्री करने वाले खाद्य कारोबारकर्त्ता खाद्य सामग्रियों को मारकीन कपड़े व जाली से ढक कर रखेंगे। अखबार के कागज का प्रयोग खाद्य सामग्री को रख कर बेचने व ढकने में कदापि न करें। खाद्य पदार्थ को हमेशा सादे पेपर में ही रखकर बेंचे।
- मिठाईयों के निमार्ण करने वाले सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता मिठाई के Display पर उसके निमार्ण एवं उसके उपभोग करने की तिथि/अवधि को आवश्य अंकित करेंगे।
- होटलों एवं रेस्टोरेंट में उपयोग होने वाले कटलरी एव यूटेनसिल्स (बर्तनों) के साफ– सफाई एवं मिठाई/सब्जियां बनाने हेतु प्रयोग की जाने वाले सामग्रियों का भी भण्डारण का विशेष ध्यान देंगे।
- मिठाई उत्पादक दुकानों में प्रायः यह देखा जाता है कि रासायनिक रंगों का इस्तेमाल लड्डू, जलेबी एवं बूंदी बनाने के समय किया जाता है ज्ञात हो कि सभी तरह के मिठाई बनाने में केवल खाद्य रंगों (Food Grade Colour) का ही प्रयोग किया करेंगे जिसमें लाईसेंस नं0 अंकित हो। रसायनिक रंगों के प्रयोग खाद्य पदार्थ में नहीं करेंगे।
- वैसे प्रतिष्ठान जिन्होंने अब तक अपने प्रतिष्ठान का **FSSAI अनुज्ञप्ति अथवा राजिस्ट्रेशन** नहीं कराये है। वे यथाशीघ्र अपने प्रतिष्ठान का **अनुज्ञप्ति अथवा राजिस्ट्रेशन** करवाना सुनिश्चित करेंगे।
- निरीक्षण के दौरान वैसे सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता जो भी FSS act 2006 के नियमों का पालन करते हुए नहीं पाये जाने पर FSS act 2006 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिसमें अर्थदण्ड अधिरोपित करने के साथ साथ कारावास का भी प्रावधान है।

अभिहित अधिकारी –सह– अपर
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला।

PR 309323 (District) 23-24 (D)

**कार्यालय: जिला स्वास्थ्य समिति,कोडरमा**
**Email ID :- cs.koderma4@gmail.com**

**घर से अस्पताल आने–जाने का साधन**
**ममता वाहन**
**संचालक/पंजीकरण हेतु आम सूचना**

**ममता वाहन सूचीबद्ध करने हेतु आवश्यक जानकारी**
**ममता वाहन हेतु वाहन का चयन**
- सभी निजी चार पहिया वाहन जैसे :– बोलेरो, मारूती वैन इत्यादि को ममता वाहन के रूप में चिहि्न्त किया जा सकता है।
- ममता वाहन हेतु सरकारी एम्बुलेंस का उपयोग किया जा सकता है।

**ममता वाहन हेतु पंजीकरण**
- ऑनलाईन मोड (Online Mode)
  ममता वाहन ऐप द्वारा पंजीकरण करने हेतु ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया जाएगा। ममता वाहन ऐप Play Store से डाउनलोड कर आवेदन किया जा सकता है।
- ऑफलाईन मोड (Offline Mode)
  संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/सिविल सर्जन द्वारा ममता वाहन के संचालन हेतु प्राप्त आवेदन के सत्यापन उपरांत ममता वाहन का चयन किया जाएगा।

**ममता वाहन का संचालन**
- ममता वाहन किसी एन0जी0ओ0/निजी या व्यावसायिक संस्थान द्वारा संचालित किया जा सकता है।
- प्रत्येक ममता वाहन में GPS Install करना होगा।
- संबंधित ड्राईवर का ड्राईविंग लाईसेंस, गाड़ी का Third Party इंश्योरेंस, गाड़ी के रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रदान करना अनिवार्य है।

**ममता वाहन का भुगतान**
- ममता वाहन (संचालक) के भुगतान हेतु दर एवं दूरी की अनुमान्यता :–
  1) घर से अस्पताल जाने हेतु प्रथम 06 किमी. 500/- रू0, उसके बाद प्रति किमी. 13६.रू0 देय होगा।
  2) अस्पताल से वापस घर जाने के लिए 13/- रू0 प्रति किमी. देय होगा।

**ममता वाहन चालक हेतु दिशा–निर्देश**
- संबंधित ड्राईवर का ड्राईविंग लाईसेंस, गाड़ी का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस, गाड़ी का रजिस्ट्रेशन एवं ड्राईवर के पास एंड्रॉयड
- फोन के साथ इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होना जारूरी है।
- प्रत्येक ममता वाहन में निम्न वर्णित उपकरण/सामग्री की उपलब्धता सदैव सुनिश्चित करना होगा:–
- नीली बत्ती • सायरन • इमरजेन्सी लाईट
  स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता • निपटान वितरण किट (Disposable Delivery Kit)
- पट्टी (Bandage) • First Aid Box • मास्क
- रूई • टॉर्च

**कहाँ संपर्क करें**
- अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के सिविल सर्जन कार्यालय से संपर्क करें।
- मोबाईल आधारित App के द्वारा।
- जिला स्तरीय कॉल सेंटर पर कॉल के द्वारा।

ममता वाहन की सुविधा प्राप्त करने के लिए 104 कॉल सेंटर पर कॉल कर सकते हैं।

**ममता वाहन ब्रांडिंग**
- प्रत्येक ममता वाहन में स्वहव लगाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकार सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकार,
जिला स्वास्थ्य समिति, काडरमा

PR 309360 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D


### ट्रेन के नीचे आकर महिला ने आत्महत्या की

**लोयाबाद।** बांसजोडा बाजार निवासी संजय साव की 36 वर्षीय पत्नी गौरी देवी सेंद्रा पुल के समीप मंगलवार की सुबह करीब सात बजे धनबाद चंद्रपुरा रेल लाइन के पोल संख्या डीके 8/30 डी के पास चलती ट्रेन के नीचे आ कर आत्महत्या कर लिया। जीआरपी उक्त महिला के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। आत्महत्या का कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है। जीआरपी के जवान ने बताया कि उक्त महिला को स्थानीय एक महिला आत्महत्या करने से रोकने के लिए काफी प्रयास किया। पड़ोसियों के मुताबिक घटना के बाद मृतक महिला के सभी परिजन घर में ताला लगा कर फरार हो गया है। मृतका का एक रिश्तेदार ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि रात में मृतका और उसके परिजन के बीच काफी झगड़ा हुआ था घर में रोज रोज हो रहे झगड़े से तंग आकर मृतका सुबह 6 बजे घर से निकल गयी और इतना बड़ा कदम उठा लिया।

### स्वर्ण व्यवसायी से लूटकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

# पिस्टल, कारतूस, मोटरसाइकिल सहित लूटे गये जेवरात बरामद, पांच गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** बीते 19 सितंबर को झरिया के बस्ताकोला निवासी जेवर व्यवसायी विजय शर्मा से केंदुआडीह थाना अंतर्गत गोधर कुर्मीडीह के समीप बाइक सवार अपराधियों द्वारा किये गए लूटपाट की घटना का धनबाद पुलिस ने उद्भेदन कर मामले में 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। इस संबन्ध में सिटी एसपी अजित कुमार ने पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार और डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरबिंद कुमार बिन्हा के निर्देश पर बीते सोमवार को केंदुआ निवासी रिंकू भुइयां, न्यू दिल्ली धनसार निवासी दीपक कुमार और सूरज यादव, गोधर वाटर बोर्ड निवासी राहुल कुमार निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान सभी ने मामले में शामिल अपने अन्य सहयोगी के नाम बताए और इनकी निशानदेही पर पुलिस ने केंदुआ बाजार स्थित गणेश जेवेलर्स से चोरी की गई चांदी के जेवरात भी बरामद किया। इसके अलावे इनके पास से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा गोली, एक मोटरसाइकिल और चार मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस सभी को जेल भेजने की तैयारी में है।

#### क्या है पूरा मामला

**बताते चलें कि झरिया बीते 19 सितंबर को स्वर्ण व्यवसायी विजय शर्मा अपने एक स्टाफ अमित वर्मा के साथ जेवेलर्स लेकर केंदुआ बाजार आये थे। यहां कई दुकानों में जेवेलर्स को दिखा कर वापस स्कूटी से लौट रहे थे। इसी क्रम में गोधर स्थित कुर्मीडीह के समीप एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात अपराधी स्कूटी को टक्कर मार कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया। इस दौरान विजय खुद स्कूटी चला रहे थे जबकि उनका स्टाफ अमित झोले में जेवेलर्स लेकर पीछे बैठा था।**

## न्यूज रील्स

### सभी मिनी आंगनवाड़ी केंद्र बनेंगे नियमित : मुख्यमंत्री



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को राज्य के सभी 7579 मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों को नियमित आंगनवाड़ी केंद्रों में अपग्रेड करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिशु देखभाल कार्यक्रम का और विस्तार किया जायेगा। गौरतलब है कि राज्य में कोमलता बच्चों की देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी केंद्र काम कर रहे हैं। राज्य के इन 7579 मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों के विकास पर 55 करोड़ 21 लाख 30 हजार 150 रुपये खर्च किये जायेंगे। इसमें से राज्य सरकार 36 करोड़ 40 लाख 95 हजार 160 रुपये, जबकि केंद्र सरकार 18 करोड़ 80 लाख 34 हजार 990 रुपये वहन कर रही है। अनुदान राशि में मेडिकल किट, फर्नीचर और अन्य उपकरण के साथ-साथ प्रशासनिक लागत भी शामिल है।

### एमजीएमआइ ओड़िशा शाखा ने सीइआरआइएमएस 2023 का किया आयोजन

# खनन के अत्याधुनिक समाधान पेश किये गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**संबलपुर।** एमजीएमआइ की ओडिशा शाखा ने संबलपुर में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) मुख्यालय में सीइआरआइएमएस 2023 का आयोजन किया। उद्योग-संस्थान-इनोवेटर्स सहयोग के माध्यम से परिवर्तन विषय पर सीइआरआइएमएस 2023 ने भारत में खनन क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के लिए खनन उद्योग के नेताओं, शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों को एक साथ लाया।

सम्मेलन सह प्रदर्शनी में खनन उद्योग की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि डॉ पीएस मिश्रा, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया लिमिटेड, सीएमडी, सीसीएल और अध्यक्ष, एमजीएमआइ, मुकेश चौधरी, निदेशक (विपणन), कोल इंडिया लिमिटेड, एसपी सिंह, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, प्रो एके मिश्रा, निदेशक, सीएसआइआर- केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान, अजय कुमार, निदेशक (पी एंड डी), सीएमपीडीआइ, एमसीएल के कार्यकारी निदेशकों और मुख्य सतर्कता अधिकारी के साथ सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। सीइआरआइएमएस 2023 को प्रतिनिधियों, लेखकों और प्रदर्शकों सहित सभी श्रेणियों में कुल 290 पंजीकरणों के साथ एक उत्साही प्रतिक्रिया मिली। इन प्रतिभागियों ने 60 विविध संगठनों का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें शिक्षाविद, संस्थान, उद्योग और नवप्रवर्तक शामिल थे। सम्मेलन में कुल 39 तकनीकी पेपर शामिल हुए, जिनमें प्री-माइनिंग मीथेन ड्रेनेज, ऑयल एग्लोमरेशन, रीथिंकिंग आर एंड आर नीतियों, कार्बन ट्रेडिंग, माइनिंग 4.0, एमडीओ मॉडल में जोखिम प्रबंधन और अन्य टिकाऊ प्रथाओं जैसे विभिन्न विषयों को संबोधित किया गया, जिसने भारत में खनन क्षेत्र के उभरते परिदृश्य में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। सीइआरआइएमएस 2023 ने 16 प्रदर्शकों के साथ अत्याधुनिक समाधान पेश किये, जैसे इलेक्ट्रिक ट्रक, ब्लास्ट-फ्री कटिंग तकनीक, खनन में ड्रोन अनुप्रयोग, प्रशिक्षण वृद्धि के लिए आभासी वास्तविकता, एचइएमएम की वास्तविक समय स्वास्थ्य निगरानी, खनन के लिए इंटरैक्टिव चैट बॉट। विनियम, वीडियो एनालिटिक्स एक्सेस कंट्रोल सिस्टम, कोयला धुलाई, एआइ/एमएल-आधारित खदान रोशनी और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन सिस्टम के साथ एकीकृत है। इन नवोन्मेषों ने उस दूरदर्शी दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया, जिसे उद्योग अपना रहा है।

अपने संबोधन में एमसीएल के सीएमडी ओपी सिंह ने भारतीय खनन क्षेत्र को फिर से परिभाषित करने के लिए उद्योग, शिक्षा जगत और नवप्रवर्तकों के बीच सहयोग की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। एसइसीएल के सीएमडी डॉ पीएस मिश्रा ने भारतीय खनन क्षेत्र के परिवर्तन और पुनर्परिभाषा के रोडमैप पर जोर दिया। उन्होंने उज्जवल भविष्य के लिए प्रमुख स्तंभों के रूप में स्थिरता, प्रौद्योगिकी अपनाने और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया लिमिटेड, जो एमजीएमआइ के अध्यक्ष भी हैं, ने इस अभूतपूर्व सम्मेलन के आयोजन के लिए एमजीएमआइ ओड़िशा शाखा की सराहना की और एक हरित और अधिक कुशल भविष्य की दिशा में मार्ग पर प्रकाश डाला।

सीआइएल के निदेशक एम चौधरी ने टिकाऊ भविष्य के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने, टिकाऊ समाधानों पर सहयोग करने के लिए उद्योग के नेताओं, नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों के अभिसरण की सुविधा के लिए आयोजकों की सराहना की।

एमसीएल द्वारा प्रायोजित सम्मेलन सह प्रदर्शनी ने उद्योग के नेताओं, शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों को एक साथ आने, विचारों का आदान-प्रदान करने और नयी प्रौद्योगिकियों और प्रथाओं का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान किया, जो भारतीय खनन क्षेत्र को एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जायेगा।

# पीएनबी संबलपुर में राजभाषा समारोह का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**संबलपुर।** पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय संबलपुर ने मंडल प्रमुख अजीत कुमार मेहेर की अध्यक्षता में मुख्य राजभाषा समारोह का आयोजन किया। इसमें हिंदी विचार संगोष्ठी के साथ ही सितम्बर माह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना कर की गयी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मण्डल प्रमुख अजित कुमार मेहेर ने बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषाओं में प्रदान किए जानेवाले बैंकिंग सेवाओं का जिक्र करते हुए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 22-23 में राजभाषा के क्षेत्र में उच्चतम पुरस्कार राजभाषा कीर्ति पुरस्कार पंजाब नेशनल बैंक को प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया और इसका श्रेय समस्त पीएनबीएन को दिया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के महाप्रबंधक व नराकास, संबलपुर के सदस्य सचिव कृष्ण मुरारी प्रसाद ने जहां स्वदेशी और व्यावसायिक भाषा के रूप में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला वहीं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध शिक्षाविद और ओड़िशा स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी, सम्बलपुर के सेवानिवृत्त कुलसचिव डॉ जयंत कर शर्मा ने हिंदी और उड़िया भाषा के परस्पर संबंध पर अपने विचार रखते हुए कहा कि इस सदी को हिन्दी और हिंदुस्तान का सदी कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं। विचार संगोष्ठी के उपरांत हिंदी माह-2023 के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों, हिंदी में श्रेष्ठ कार्य निष्पादित करने वाले विभागों एवं कार्मिकों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया।

अंत में मुख्य प्रबंधक राजभाषा पार्थ सारथी महापात्र ने समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं कार्मिकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा आनंद कुमार मिश्र ने किया।

# आइआइटी भुवनेश्वर में आइटीइपी का पहला बैच शुरू

- सक्रिय शिक्षण माहौल में 17 अक्टूबर कक्षाएं से शुरू हो गयीं, जो संचार, सहयोग और अहम विचारों को बढ़ावा देंगी
- छात्रों, अभिभावकों और पाठ्यक्रम संकाय के लिए अलग-अलग ओरिएंटेशन आयोजित किये गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने उत्कृष्ट अध्यापकों के निर्माण एवं भारत की शिक्षा प्रणाली में मूल्यवर्धन की एक नयी पहल के रूप में, 2023-24 शैक्षणिक वर्ष से 4 वर्षीय बीएससी -बीएड एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आइटीइपी) का शुभारंभ किया है। भारत के विभिन्न राज्यों के 50 छात्रों के पहले बैच के लिए कक्षाएं 17 अक्टूबर 2023 से शुरू हो गयी हैं। इस कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले छात्रों का चयन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीइटी) के माध्यम से किया गया । आइआइटी भुवनेश्वर इसी वर्ष से इस कार्यक्रम को शुरू करने वाले दो आइआइटी (आइआइटी खड़गपुर सहित) में से एक है। संस्थान ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और अर्थशास्त्र में बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीएड) के साथ बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) जैसे कोर्सों की भी शुरुआत की है। इस कार्यक्रम में नामांकित छात्र वर्तमान बीएड पाठ्यक्रम द्वारा अनिवार्य पारंपरिक पांच साल की अवधि की तुलना में मात्र चार वर्षों की संक्षिप्त समय सीमा के भीतर ही अपनी पढ़ाई पूरी सकेंगे।

इस नये महत्वपूर्ण कार्यक्रम की प्रभावशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, छात्रों, उनके अभिभावकों एवं संबंधित संकाय के लिए अलग-अलग इंटरैक्टिव ओरिएंटेशन आयोजित किये गये। इस अवसर पर आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद करमलकर, बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर हरीश चंद्र सिंह राठौर और क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर के प्राचार्य प्रोफेसर प्रकाश चंद्र अग्रवाल जैसे विशेषज्ञों ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में आइटीइपी समन्वयकों डॉ राजन झा, प्रमुख, आधारीय विज्ञान विद्यापीठ स्कूल और डॉ दुखबंधु साहू, प्रमुख, मानविकी, सामाजिक एवं प्रबंध विज्ञान विद्यापीठ और डॉ राजेश रोशन दाश, डीन और डॉ शांतनु पाल, डीन ने भी छात्रों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिये।


यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम एक सक्रिय शिक्षण कक्षा में आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षार्थियों को बातचीत और सहयोगी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए तीन लोगो के समूह में बैठाया गया, ताकि पारस्परिक वैचारिक आदान-प्रदान किया जा सके। इस उपलक्ष्य पर सभी को संबोधित करते हुए प्रोफेसर करमलकर ने बताया कि आइटीइपी छात्र पहले बैच हैं, जिन्हें अपनी पूरी शिक्षा एक सक्रिय शिक्षण माहौल में पूरी करने का मौका प्राप्त होगा, जो शिक्षण सहित किसी भी पेशे में सफलता के लिए आवश्यक संचार, सहयोग और महत्वपूर्ण वैचारिक कौशल को बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य कार्यक्रमों के छात्रों की तुलना में आइटीइपी छात्रों के मूल्यांकन में उनके द्वारा किये गये सभी पाठ्यक्रमों में शिक्षण कौशल के प्रदर्शन से जुड़ा एक घटक शामिल किया जायेगा। उन्होंने इस तथ्य पर भी सकारात्मक प्रकाश डाला कि यद्यपि आइटीइपी के में शामिल अधिकांश छात्र लड़कियां हैं तथापि आइटीइपी कार्यक्रम में उनके के लिए कोई आरक्षण नहीं है। आइआइटी भुवनेश्वर में चलाये जा रहे आइटीइपी में मुख्य विषयों के साथ अन्य विभिन्न विषय यथा कला शिक्षा (प्रदर्शन और दृश्य), संस्कृत भाषा और योग दी शामिल हैं। इस कार्यक्रम में नामांकित होने वाले छात्रों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, अनुसंधान के अपार अवसर, आधारभूत सुविधाओं सहित एक जीवंत परिसर का लाभ मिलेगा।

## भुवनेश्वर-गुवाहाटी उड़ान सेवा 29 से

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। वर्तमान समय में यात्रियों की सुविधा के लिए हर तरफ हवाई सेवा उपलब्ध करायी जा रही है। हालांकि 29 अक्टूबर से भुवनेश्वर से गुवाहाटी के लिए हवाई सेवा उपलब्ध करायी जायेगी। बताया गया है कि दैनिक उड़ानें इंडिगो एयरलाइंस द्वारा संचालित की जायेंगी।दैनिक उड़ान दिन के 1:25 बजे भुवनेश्वर से उड़ान भरेगी और 2:55 बजे गुवाहाटी हवाई अड्डे पर उतरेगी। इसी तरह बताया गया है कि फ्लाइट 3:50 बजे गुवाहाटी से रवाना होगी और 5:20 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस का बामुर में प्रायोगिक ठहराव

संबलपुर (आजाद सिपाही)। यात्रियों की सुविधा और यात्रा की मांगों को पूरा करने के उदेश्य से, 12893/12894 भुवनेश्वर -बलांगीर - भुवनेश्वर इंटरसिटी एक्सप्रेस का बामुर स्टेशन पर बुधवार से अतिरिक्त ठहराव होगा। भुवनेश्वर-बलांगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस बामुर स्टेशन में 09:48 बजे पहुंचेगी और 9:50 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में बलांगीर-भुवनेश्वर इंटरसिटी एक्सप्रेस बामुर स्टेशन में 18 बजे पहुंचेगी और 18:02 बजे प्रस्थान करेगी।






















VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**